* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

23 फरवरी, 2023
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 126

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

मंत्री तेज प्रताप बोले- सपने में आये मुलायम सिंह, मैं रोने लगा तो वे भी रोने लगे, इसलिए साइकिल से दफ्तर आया हूं











## इडी की कार्रवाई : चीफ इंजीनियर के पास अकूत कमाई के सबूत मिले

# इडी ने वीरेंद्र राम को लिया हिरासत में, हो रही पूछताछ

- रांची समेत अन्य ठिकानों पर दूसरे दिन भी चली छापेमारी
- 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति अर्जित करने का अनुमान
- मंत्री आलमगीर आलम ने की थी बॉडीगार्ड देने की अनुसंशा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पास अकूत संपत्ति बरामद की गयी है। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने मंगलवार को रांची समेत देश के अलग-अलग हिस्सों में इंजीनियर के 24 ठिकानों पर छापा मारा था, जो दूसरे दिन बुधवार देर शाम तक जारी रहा। सूत्रों के मुताबिक इडी को छापेमारी के दौरान 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति अर्जित करने के सबूत मिले हैं। इडी ने वीरेंद्र राम को हिरासत में ले लिया है। उन्हें रांची के जोनल ऑफिस लाया गया है, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक छापेमारी कई अहम सुराग मिले हैं। खास बात यह है कि वीरेंद्र राम को बॉडीगार्ड देने की अनुसंशा मंत्री आलमगीर आलम ने की थी। इडी को एक पेन ड्राइव भी हाथ लगी है, जिसमें पैसे के लेन-देन का डाटा मौजूद है। चर्चा है कि इस पेन ड्राइव से कई नेताओं और अधिकारियों का राज खुल सकता है।

### 1.50 करोड़ के जेवरात और 30 लाख कैश मिले

इडी ने मंगलवार को चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के रांची, जमशेदपुर, दिल्ली, सिवान समेत 24 ठिकानों पर छापा मारा था। छापेमारी की कार्रवाई बुधवार देर शाम तक चली। वीरेंद्र राम के परिवार के कई सदस्यों, उनके दिल्ली स्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट मुकेश मित्तल और ठेकेदार अतिकुल्लाह अंसारी के यहां भी छापामारी की गयी है। इस दौरान वीरेंद्र राम द्वारा बनायी गयी कंपनियों के अलावा 100 करोड़ रुपये की संपत्ति का पता चला। छापेमारी में 1.50 करोड़ रुपये के जेवरात और करीब 30 लाख नकद मिले। इसके अलावा भारी संख्या में निवेश के कागजात मिले हैं। इडी इन सभी की जांच कर रही है। वीरेंद्र राम के साथ उनके करीबी आलोक रंजन से भी इडी ने पूछताछ की है।

### दिखाया कर्ज, लेकिन कंपनी का पता नहीं

वीरेंद्र राम ने अपनी आमदनी का एक बड़ा हिस्सा कर्ज के तौर पर दिखाया है, लेकिन जांच के दौरान कर्ज देने वाली संस्थाओं का कोई अस्तित्व नहीं मिला। सूत्रों के मुताबिक सीए के जरिए उन्होंने कई शेल कंपनियों में निवेश कर रखा है। दिल्ली की डिफेंस कॉलोनी में वीरेंद्र राम के परिवार



के सदस्यों के नाम पर तीन आलीशान मकान हैं, जिनका बाजार मूल्य 40 करोड़ रुपये है। पिछले महीने उन्होंने अपने पिता गंगाराम के नाम पर दिल्ली के छतरपुर में चार करोड़ रुपये में एक मकान खरीदा है, जिसे तोड़ कर नये सिरे से निर्माण कराया जा रहा है।

### इडी ने सीज की फॉर्चूनर कार

वीरेंद्र राम के ठिकानों पर छापेमारी के साथ ही संपत्ति सीज करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। इडी की टीम ने अशोक नगर स्थित उनके आवास पर खड़ी फॉर्चुनर कार को सीज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक इडी उनकी और भी कई चल-अचल संपत्ति सीज कर सकती है। इसके लिए प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जायेगी।

### मंत्री ने की थी अंगरक्षक के लिए अनुसंशा

आरइओ एवं विशेष प्रमंडल के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम को अंगरक्षक देने के लिए ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने 17 नवंबर 2021 को तत्कालीन डीजीपी से अनुशंसा की थी। अनुशंसा में कहा था कि वीरेंद्र राम ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र रांची के मुख्य अभियंता हैं। इनका आवासीय पता सीइ-01, आवास रोड नंबर सात, सीएच एरिया, बिष्टुपुर, जमशेदपुर है। इन्होंने सुरक्षा कारणों से अंगरक्षक प्रदान करने के लिए आवेदन दिया है। तथ्यों के आलोक में अंगरक्षक प्रदान करने के लिए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाये। हालांकि इस बाबत पूछे जाने पर जमशेदपुर के एसपी ने कहा कि वीरेंद्र राम को सरकारी अंगरक्षक मुहैया नहीं कराया गया है।

### लंबे समय से इडी के रडार पर थे

चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम लंबे समय से इडी के रडार पर थे। इडी बीते कुछ माह से वीरेंद्र राम को अपने सर्विलांस पर रखे हुई थी। वर्ष 2019 में झारखंड की एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने जमशेदपुर में वीरेंद्र राम के जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद के ठिकाने पर छापेमारी की थी। इस दौरान उनके आवास से दो करोड़ 45 लाख रुपये बरामद किये गये थे। इस मामले में एसीबी ने सुरेश प्रसाद और आलोक रंजन के खिलाफ चार्जशीट दायर किया था। इसी आधार पर इडी ने मनी लांड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया था।

### वीआइपी लोगों के साथ वीरेंद्र का संबंध

वीरेंद्र राम का कई वीआइपी लोगों के साथ अच्छे संबंध हैं। इसमें राजनेता और अधिकारी शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ के दौरान वीरेंद्र राम ने इन सबंधों का खुलासा भी किया है। वीरेंद्र राम के पास से एक पेन ड्राइव मिला है। जिसमें ठेकेदारों से पैसे लेने और कई नेताओं को पैसे पहुंचाने के सबूत हैं। वीरेंद्र राम के करीबी संबंधों के कारण आधा दर्जन से अधिक राजनेता रडार पर आ गये हैं।

(संबंधित खबरें पेज 3 पर भी)

## 'आजाद सिपाही' की खबर का असर

# ठुमका लगानेवाले चित्तरंजन जीआरपी थाना प्रभारी सस्पेंड


नाच थानेदार नाच : शिवरात्रि के मौके पर आयोजित हुआ था कार्यक्रम, वीडियो वायरल
चित्तरंजन जीआरपी थाना के प्रभारी ने खूब लगाये ठुमके

'आजाद सिपाही' में 22 फरवरी 2023 को प्रकाशित खबर।

### धनबाद के रेल एसपी ने जारी किया आदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जामताड़ा।** 'आजाद सिपाही' अखबार में 22 फरवरी को प्रकाशित 'नाच थानेदार नाच : चित्तरंजन जीआरपी थाना के प्रभारी ने खूब लगाये ठुमके' खबर पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। रेल डीजी अनिल पालटा ने इसे गंभीरता से लिया। उनके निर्देश पर धनबाद के रेल एसपी ने बुधवार को यह आदेश जारी किया।

जारी आदेश में रेल एसपी ने कहा है कि सोशल मीडिया में वायरल एवं समाचार पत्र आजाद सिपाही में प्रकाशित शीर्षक 'चितरंजन जीआरपी थाना के प्रभारी ने खूब लगाये ठुमके' के अनुसार दिनांक 19.02.2023 को जीआरपी थाना, चित्तरंजन के बगल में स्थित शिव मंदिर में शिवरात्रि समारोह के अवसर पर महिला डांसरों के साथ सअनि सुरेश पासवान, रेल पीपी प्रभारी, चित्तरंजन के द्वारा ठुमके लगाये जाने का वीडियो वायरल हुआ है। इस संबंध में आरपीएफ कंट्रोल, आसनसोल से भी इमेल प्राप्त हुआ है, जिसमें जीआरपी प्रभारी, चित्तरंजन के अलावा अन्य पुलिसकर्मियों के होने का भी उल्लेख है। वायरल वीडियो भी संलग्न है। इस प्रकार सअनि सुरेश पासवान के रेल पीपी प्रभारी जैसे एक जिम्मेदार पद पर होते हुए महिला डांसरों के साथ अश्लील डांस में ठुमके लगाये जाने से पुलिस जैसे अनुशासनिक विभाग की छवि धूमिल हुई है, जो इनके कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, कर्तव्यहीनता, मनमानेपन, अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता, संदिग्ध आचरण एवं एक अयोग्य पुलिस पदाधिकारी होने का परिचायक है। अतः उपरोक्त आरोप के लिए सअनि सुरेश पासवान, रेल पीपी प्रभारी, चित्तरंजन को तत्काल प्रभाव (दिनांक 22.02.2023) से सामान्य जीवन-यापन भत्ता पर निलंबित किया जाता है। साथ ही विभागीय कार्यवाही प्रारंभ करने का निर्देश दिया जाता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय रेल पुलिस केंद्र, धनबाद होगा। अन्य पुलिसकर्मियों के डांस में सम्मिलित होने के बिंदुओं पर जांच के बाद अलग से उनके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायगी।

### अमित अग्रवाल ने डिस्चार्ज याचिका दाखिल की, आज होगी सुनवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** पीआइएल मैनेज करने के लिए कथित रूप से कैश देने के केस में अभियुक्त कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल ने इडी की विशेष अदालत में डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। अमित अग्रवाल की डिस्चार्ज याचिका पर गुरुवार को सुनवाई होगी। अपनी याचिका में उन्होंने कहा है कि इडी ने बिना किसी ठोस साक्ष्य के उन पर मनी लांड्रिंग समेत अन्य आरोप लगाये हैं और चार्जशीट दायर की है। उन्होंने अपनी याचिका में सभी आरोपों को निराधार बताया है। गौरतलब है कि अमित अग्रवाल के खिलाफ इडी कोर्ट में चल रहा मामला फिलहाल चार्जफ्रेम के स्टेज पर है। उससे पहले उनके द्वारा डिस्चार्ज याचिका दाखिल कर दी है। इस केस में झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार भी आरोपी हैं। उन पर कैश लेकर पीआइएल मैनेज करने का आरोप है।

### दिल्ली को 10 साल बाद मिली महिला मेयर, आप की शैली जीतीं, 150 वोट मिले

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** नगर निगम चुनाव के 80 दिन बाद दिल्ली को नया मेयर मिल गया है। आम आदमी पार्टी (आप) की शैली ओबेरॉय को मेयर चुना गया। शैली को 150 वोट मिले। उन्होंने भाजपा की रेखा गुप्ता को 34 वोटों से हराया। दिल्ली को 10 साल बाद महिला मेयर मिली है। 2011 में भाजपा की रजनी अब्बी आखिरी महिला मेयर थीं। मेयर चुनाव जीतने के बाद शैली ने कहा कि हमें जनता की उम्मीदों को पूरा करने के लिए साथ काम करना होगा। इसके लिए हम सीएम केजरीवाल की जनता को दी गयी 10 गारंटी पर काम करेंगे। लैंडफिल साइट का निरीक्षण तीन महीनों के अंदर किया जायेगा।

## बजरंग महतो के पक्ष में प्रचार के लिए पहुंचे दुलमी : एनडीए गठबंधन पर बरसे मुख्यमंत्री

# षड्यंत्रकारी बचेंगे नहीं, जनता की अदालत में होगा फैसला, दुधमुंहे बच्चे को मिलेगा इंसाफ : हेमंत सोरेन

**बीरु कुमार/निरंजन महतो**

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन उम्मीदवार बजरंग महतो को जीत दिलाने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी दूसरी सभा बुधवार को दुलमी मैदान में की। उन्होंने कहा कि यह कोई सभा नहीं, बल्कि जनता की अदालत है। इस बात का फैसला 27 फरवरी को होगा कि ममता को न्याय मिलेगा या फिर पूंजीपति एक बार फिर जीत जाएंगे? दिशोम गुरु की तबीयत खराब हुई तो उन्हें चेन्नई के अस्पताल में भर्ती करा कर रात को 2:00 बजे ही लौटा हूं। वह सिर्फ इसलिए क्योंकि आज मुझे जनता की अदालत ने न्याय की गुहार लगायी थी।

**न्याय के इस जंग में ममता का दें साथ:** मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली चुनावी सभा में मंच पर ममता देवी का 6 महीने का बेटा भी आया हुआ था। उसे देख कर दिल भर आया। इस राजनीति की वजह से वह बच्चा परेशान हो, यह मैं कभी नहीं चाहूंगा। जिस बच्चे को मां का सीना चाहिए था, उसको पूंजीपतियों ने साजिश कर अलग कर दिया। मैं सभी माताओं और बहनों से आग्रह करता हूं कि न्याय की इस जंग में वे ममता देवी का साथ दें।

**विपक्ष चुनाव जीतने का सपना ना देखें:** हेमंत सोरेन ने कहा कि साजिश से एक बाजी जीतकर विपक्ष यह सपना देख रहा है कि वह पैसे से जनता के वोट को खरीद लेगा। लेकिन मैं यह जानना चाहता हूं कि वह किस आधार पर वोट मांगता है। आजसू के उम्मीदवार ने कौन सा ऐसा गुल खिलाया है। आज जब विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड, पशुधन योजना, कृषि योजना, रोजगार के लिए लोन की बात आती है तो वह महागठबंधन की सरकार ने लोगों को दिया है। 2019 में जब ममता देवी इस विधानसभा क्षेत्र से जीतकर गयी, तब इस विधानसभा में मात्र 3300 विधवाओं को पेंशन मिलता था। आज 15500 विधवाओं को यह सरकार पेंशन दे रही है। 2019 में मात्र 6000 वृद्ध को पेंशन का लाभ मिलता था। आज 45500 लोगों को पेंशन मिल रहा है। दिव्यांग पेंशन योजना में तब मात्र 6300 लोग शामिल थे, आज 10,000 से अधिक लोग शामिल हैं। सरकार बनने के बाद 128000 लोगों को राशन कार्ड बना कर बांटा है।



### 1932 के खतियान और स्थानीय नीति पर की चर्चा

मुख्यमंत्री ने एक बार फिर 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीय नीति की बात को दोहराया। उन्होंने कहा कि नियोजन नीति भी उसी आधार पर बनायी गयी थी। लेकिन उसका हश्र यूपी और बिहार वालों ने क्या किया यह पूरा राज्य जानता है। ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने, पारा शिक्षकों को उनका अधिकार देने, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने जैसी बातें भी मुख्यमंत्री ने कही। चुनावी सभा को मंत्री आलमगीर आलम, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रत्याशी बजरंग महतो, पूर्व विधायक योगेंद्र महतो, संजीव बेदिया ने भी संबोधित किया।

**यूपीए सरकार में 400 में जलता था घर का चूल्हा :** मुख्यमंत्री ने आजसू के चूल्हा प्रमुख पर जोरदार टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जब यूपीए की सरकार थी तो हर घर का चूल्हा 400 में जलता था। क्योंकि गैस सिलेंडर उतने में ही आता था। आज भाजपा-आजसू की सरकार है तो 1200 में गैस सिलेंडर आता है। अब गांव में चूल्हा प्रमुख बनाकर लोगों को आजसू बेवकूफ बनाने का काम कर रही है। किरासन तेल ब्लैक में मिलता है, प्लेटफॉर्म टिकट 50 रुपये में मिलता है। नमक, दूध, दही, धोती, लुंगी, साड़ी सब पर टैक्स लगा दिया गया है। ऐसी स्थिति में गरीबों की दुर्दशा जगजाहिर है। लेकिन झारखंड देश का पहला राज्य है जहां धोती साड़ी मात्र 10 रुपये में लोगों को दिया जा रहा है।

**जमीन में गाड़ो पैसा, बैंक कभी भी डूब सकता है :** हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार और अडानी के संबंधों पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से सबसे बड़ा घोटाला इस बार सामने आया है। हालात ऐसे हैं कि कौन सा बैंक कब डूब जाए कहना मुश्किल है। इसलिए मैं शुरू से कहता हूं कि पैसे को अपने पास रखो या जमीन में गाड़ दो। बैंक में रखोगे तो उसके सुरक्षा की गारंटी नहीं है। आज जब बैंक बंद होंगे तो हजारों लाखों गरीबों का पैसा डूब जाएगा।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 69,000 रु./प्रति किलो |



# 2024 का चुनावी एजेंडा होगा समान नागरिक संहिता

## ■ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तय कर दी भाजपा की लाइन

## ■ विपक्ष को अब इस मुद्दे पर करनी होगी नये सिरे से तैयारी

**भाजपा के 'चुनावी चाणक्य' और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2024 के आम चुनाव का सबसे बड़ा एजेंडा सेट कर दिया है। उन्होंने इसको लेकर इशारों-इशारों में तो कई बार कहा है, लेकिन पहली बार उन्होंने दो दिन पहले महाराष्ट्र के कोल्हापुर में खुल कर कहा कि देश में भाजपा शासित राज्य इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह एजेंडा है समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी का, जो बहुत पहले से भाजपा की प्राथमिकता सूची में है। भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा में जनसंघ के जमाने से ही तीन मुद्दे सबसे बड़े रहे हैं। इनमें पहला मुद्दा अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, दूसरा मुद्दा कश्मीर से धारा 370 को हटाना और तीसरा समान नागरिक संहिता शामिल हैं। पहले दो मुद्दों को भाजपा ने निर्णायक तरीके से हल कर लिया है और अब उसे तीसरे मुद्दे पर काम करना है। स्वाभाविक रूप से अमित शाह का यह एलान देश के कट्टरपंथियों और यूसीसी का विरोध करने वालों को मिर्ची की तरह लगा है। अमित शाह ने डंके की चोट पर कहा कि जिन मुद्दों को लेकर जनता से वादे किये, उन सभी को पूरा किया गया। धारा 370 हटाना या ट्रिपल तलाक खत्म करना जैसे फैसलों पर सरकार को बहुत विरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन ये फैसले लिये गये। अब समान नागरिक संहिता लाने की बात की जा रही है। इस एलान के साथ ही माना जा रहा है कि वर्ष 2024 के आम चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा यही रहने वाला है। अमित शाह के एलान के बाद यह भी साफ हो गया है कि विपक्ष को इस मुद्दे पर नये सिरे से तैयारी करनी होगी, क्योंकि भाजपा इस पर बहुत आगे बढ़ चुकी है। आखिर क्या है समान नागरिक संहिता और क्यों हो रहा है इसका विरोध, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो दिन पहले साफ कर दिया कि भाजपा 2024 में लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके लिए पार्टी ने अपनी प्राथमिकताएं भी तय कर ली हैं और इस पर काम भी शुरू कर दिया गया है। अमित शाह ने साफ तौर पर कहा कि उनकी पार्टी अब देश में समान नागरिक संहिता, यानी यूसीसी लागू करने की दिशा में कदम उठाने का फैसला कर चुकी है। कई राज्यों में इस पर काम शुरू हो चुका है। आनेवाले चुनाव में जीत हासिल करने के बाद भाजपा सरकार इसे लागू करने की दिशा में निर्णायक कदम उठायेगी।

समान नागरिक संहिता लागू करना केंद्र सरकारों के लिए बड़ी चुनौती रही है। कोई भी इस कानून को लागू करने का जोखिम अब तक नहीं उठा पाया है। गृह मंत्री के बयान ने इस पर नयी बहस छेड़ दी है। भाजपा हमेशा एक देश में दो निशान, दो प्रधान, दो विधान के खिलाफ हमेशा मुखर रही है। राष्ट्रवादी समूह हमेशा से मांग करते रहे हैं कि देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होना चाहिए। लोग अपने धार्मिक कानूनों को सरेंडर नहीं करना चाहते हैं। यही वजह है कि कभी कोई सरकार इसे लागू करने का साहस नहीं कर पायी। भाजपा सरकार के प्रमुख एजेंडे में यह शुमार हो रहा है। अब अनुच्छेद 370, तीन तलाक और राम मंदिर की तरह यह भी भाजपा सरकार की प्राथमिकता बनता जा रहा है।

**क्या है यूनिफॉर्म सिविल कोड**

भारतीय संविधान का भाग 4 में 'राज्य की नीति के निर्देशक तत्व' हैं। ये तत्व केवल राज्यों को एक निर्देश देते हैं। ये किसी भी कोर्ट में प्रवर्तनीय नहीं हैं। राज्य की नीति के निर्देशक तत्व राज्यों के लिए एक सलाह की तरह हैं। इसे मुताबिक, केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देशित किया जाता है कि कानून बनाते समय उन्हें निर्देशक तत्वों का ध्यान रखना चाहिए। संविधान का अनुच्छेद 44 कहता है कि नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता होनी चाहिए। इसके अलावा राज्य भारत के समस्त राज्यक्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता प्राप्त करने का प्रयास करेगा। इससे स्पष्ट है कि यह महज एक सलाह है। यूनिफॉर्म सिविल कोड एक पंथनिरपेक्ष या सेक्युलर कानून है, जिसके लागू होने के बाद सभी धर्मों के व्यक्तिगत कानून खत्म हो जायेंगे। अभी हिंदू, मुस्लिम, क्रिश्चियन और पारसी समुदाय के अलग-अलग धार्मिक कानून हैं। हिंदू लॉ ही बुद्ध, जैन और सिख धर्मों के अनुयायियों पर भी लागू होता है। वसीयत और शादी जैसे विषयों पर इन कानूनों को मानना ही होता है। तलाक और उसके बाद के भरण-पोषण को लेकर भी नियम पर्सनल लॉ के जरिये ही तय किये जाते हैं। ऐसे में अगर यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होता है, तो ये सभी व्यक्तिगत कानून खत्म हो जायेंगे और नागरिकों को एक समान सिविल संहिता पर जोर देना होगा। धार्मिक संगठन यूनिफॉर्म सिविल कोड का विरोध करते हैं। धार्मिक संगठनों को लगता है कि अगर यह कानून लागू हो गया, तो उनके व्यक्तिगत कानून खतरे में पड़ जायेंगे। इस कानून का सबसे ज्यादा विरोध इस्लामिक संगठन करते हैं, क्योंकि उनके व्यक्तिगत कानून कट्टरता का समर्थन करते हैं।



### क्यों यूनिफॉर्म कोड का विरोध करते हैं धार्मिक संगठन?

यूनिफॉर्म सिविल कोड अगर लागू किया जाता है, तो सभी धर्मों को अपने व्यक्तिगत कानून सरेंडर करने होंगे। अभी हिंदू, मुस्लिम, इसाइ, पारसी समुदाय के लिए अलग-अलग नियम हैं। मुसलमान शरियत कानूनों को मानते हैं। द मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937 उनका व्यक्तिगत कानून है, जो अधिकांशतः कुरान और हदीस पर आधारित है। इस्लामिक संगठन अपने धार्मिक कानूनों में किसी भी तरह का कानूनी दखल नहीं मानते हैं। ऐसे में वह लगातार इसका विरोध करते हैं। मुसलिम विवाह विघटन अधिनियम, 1939 कहता है कि एक मुस्लिम पुरुष को बिना पहली पत्नी की सहमति के चार शादियां करने की इजाजत है। अगर यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होता है, तो अन्य धर्मों की तरह मुस्लिम पुरुषों को भी बहुविवाह प्रथा का पालन करने पर जुर्माना और जेल हो सकती है। इससे पहले तीन तलाक, हलाला और बहुविवाह जैसी कुप्रथाओं को लेकर सरकार कड़े कदम उठा चुकी है। शरीयत कानून इनकी इजाजत देता है, लेकिन ये कानून मानवाधिकारों की नजर से भी गलत हैं। इन्हें तत्काल खत्म करने की जरूरत है। संवैधानिक और विधिक दृष्टि से अगर समान नागरिक संहिता लागू की जाती है, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं होगा। यह मौजूदा समय की मांग है।

**व्यक्तिगत कानूनों को खत्म करेगी समान नागरिक संहिता**

इस्लाम में तलाक से संबंधित अधिकार पुरुषों के पास अधिक हैं। महिलाओं के अधिकार बेहद सीमित हैं। इस्लाम में वयस्कता उम्र और विवाह से जुड़े नियम दूसरे धर्मों की तुलना में अलग है। अगर यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होता है, तो सभी को शादी और जमीन-जायदाद और वसीयत को लेकर बनाये गये एक कानून को ही मानना होगा। अभी धर्मों के अलग-अलग कानून हैं, जिसके हिसाब से कोर्ट में मुकदमे चलते हैं। यूनिफॉर्म सिविल कोड अगर लागू होता है, तो व्यक्तिगत कानून खत्म हो जायेंगे।

यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू कराना आसान नहीं है। वजह इसके पीछे की राजनीति है। धार्मिक संगठन इसके खिलाफ खड़े हो जाते हैं। हिंदू संगठन अपने व्यक्तिगत कानूनों को सरेंडर कर चुके हैं। जब-जब यूनिफॉर्म सिविल कोड पर बहस होती है, तब-तब इस्लामिक संगठन इसके खिलाफ खड़े हो जाते हैं।


### किन राज्यों में यूनिफॉर्म सिविल कोड पर चल रहा है विचार?

गोवा में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू है। हाल ही में गुजरात सरकार ने समान नागरिक संहिता के लिए एक समिति का गठन किया है। असम सरकार इसे लागू करने पर विचार कर रही है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता पर ड्राफ्ट तैयार हो गया है। कर्नाटक, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में समान नागरिक संहिता पर विचार चल रहा है। झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर के दूसरे राज्यों में डेमोग्राफी में तेजी से हो रहे बदलाव ने भी केंद्र सरकार के कान खड़े कर दिये हैं। ऐसे में अमित शाह के इस बयान से संकेत लगाये जा रहे हैं कि अब इस पर भी केंद्र सरकार कानून बना सकती है।

भाजपा के लिए यह मुद्दा इसलिए भी अहम है, क्योंकि इस पर उसकी अब तक की तैयारी विपक्षी दलों से काफी आगे है। इसलिए चुनाव में उसे आसानी होगी, जबकि विपक्ष को अब इस मुद्दे पर नये सिरे से तैयारी करनी होगी, रणनीति बनानी होगी, जो काफी मुश्किल साबित होनेवाला है।

# संताल परगना में वंशानुगत प्रधान की नियुक्ति वैध : हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बुधवार को संताल परगना क्षेत्र में वंशानुगत प्रधान की नियुक्ति को झारखंड हाइकोर्ट ने वैध और इसे संताल परगना एक्ट के प्रावधानों के अनुकूल बताया है। हाइकोर्ट की पूर्णपीठ ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि संताल परगना एक्ट (एसपीटी) की धारा पांच और छह में इसका स्पष्ट उल्लेख है कि बेटा और बेटी दोनों प्रधान नियुक्त हो सकते हैं। जस्टिस अपरेश कुमार सिंह, जस्टिस रत्नाकर भेंगरा और जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने सर्वसम्मति से यह फैसला दिया। तीन फरवरी को पूर्ण पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस संबंध में अलमुनी हांसदा ने याचिका दायर की थी। इसमें संताल के आयुक्त के आदेश को चुनौती दी गयी थी। आयुक्त ने एक आदेश में कहा था कि संताल क्षेत्र में प्रधान की वंशानुगत नियुक्ति होती है, जो कि गलत है। प्रधान की नियुक्त के लिए रैयतों की अनुमति लेने की जरूरत पड़ती है। वर्तमान में पूरे देश में भारत का संविधान लागू है। ऐसे में वंशानुगत प्रधान की नियक्ति करना संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। इसके खिलाफ अलुमनी हांसदा ने हाइकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाइकोर्ट के एकलपीठ ने इसे खंडपीठ में स्थानांतरित कर दिया। खंडपीठ में इस मामले में पूर्व में दिये गये कई अलग-अलग आदेश के कारण इसे पूर्णपीठ में स्थानांतरित कर दिया। पूर्ण पीठ ने इस मामले में अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा को अमेकस क्यूरी नियुक्त किया था। सुनवाई के दौरान अमेकस क्यूरी इंद्रजीत सिन्हा ने अदालत को बताया कि कानून के मुताबिक प्रधान की नियुक्ति वंशानुगत होती है। इसमें किसी रैयत के अनुमति की जरूरत नहीं होती है।

# रांची में धार्मिक उपद्रव के केस में दो पर चलेगा मुकदमा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी में धार्मिक उपद्रव फैलाने के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों पर सरकार ने मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। विधि-विभाग से सहमति मिलने के बाद गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। एक मामला हिंदपीढ़ी थाना में 12 जून 2022 को दर्ज केस से जुड़ा है। 10 जून को मेन रोड में हुई हिंसक घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र में घटना को अंजाम दिया था। इस केस में अनुसंधान के दौरान दिलकश गद्दी का नाम सामने आया था।

वह मोजाहिद नगर का रहनेवाला है। अनुसंधान के दौरान नाम सामने आने पर पुलिस ने उस पर कार्रवाई की थी। इसके साथ ही आरोपी के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए अनुमति मांगी थी। दूसरा केस डोरंडा थाना क्षेत्र से जुड़ा है। इसे लेकर थाने में चार अप्रैल 2019 को केस दर्ज हुआ था। जब आरोपी नवाब चिश्ती ने लोगों की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाते हुए धार्मिक उपद्रव फैलाने का प्रयास किया था। वह युनूस चौक के समीप का रहनेवाला है। केस के अनुसंधान के बाद उस पर भी मुकदमा की अनुमति मांगी गयी थी।

# 14 मार्च से शुरू होंगी मैट्रिक-इंटर की परीक्षाएं, तैयारी पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मैट्रिक-इंटर की परीक्षा 14 मार्च से शुरू हो रही है। इस परीक्षा में करीब आठ लाख विद्यार्थी शामिल होने जा रहे हैं। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने कहा कि विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गृह जिलों में परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। जैक बोर्ड की ओर से समय से प्रश्न पत्र एवं अन्य परीक्षा सामग्री जिलों को उपलब्ध करा दी जायेगी। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा पाने के लिए मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट जून के प्रथम सप्ताह में जारी कर दिया जायेगा, जिससे विद्यार्थियों को किसी तरह की दिक्कत ना हो।

मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के लिए जैक ने जिला स्तर पर परीक्षा केंद्र बनाया है। इस वर्ष पिछले साल की तुलना में कम परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। 2022 में जैक बोर्ड ने 1936 परीक्षा केंद्र बनाये थे। जबकि इस बार अभी तक करीब 1400 केंद्रों को निर्धारित किया गया है। रांची में 159 केंद्रों पर मैट्रिक और इंटर की परीक्षा होगी, जिसमें 102 मैट्रिक की परीक्षा के लिए और इंटर की परीक्षा के लिए 57 केंद्र बनाये गये हैं, जहां लगभग 82 हजार परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।




विद्यार्थियों की सुविधा को देखते हुए मैट्रिक के परीक्षा केंद्र प्रखंड स्तर पर जबकि इंटर के परीक्षा केंद्र अनुमंडल स्तर पर बनाये गये हैं। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली और इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में आयोजित की जायेगी।

जैक अध्यक्ष ने कहा कि इस बार बदले हुए पैटर्न से मैट्रिक और इंटर की परीक्षा होगी। इसमें परीक्षा ओएमआर शीट और उत्तर पुस्तिका दोनों पर ली जायेगी। दोनों के 40-40 अंक होंगे और 20 अंक आंतरिक मूल्यांकन के होंगे। छात्रों से परीक्षा में वस्तुनिष्ठ एवं लघु उत्तरीय तथा दीर्घ उत्तरीय प्रश्न पूछे जायेंगे।

उल्लेखनीय है कि कि साल 2023 की मैट्रिक-इंटर परीक्षा में राज्यभर के आठ लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिसमें मैट्रिक की परीक्षा में लगभग 4:50 लाख और इंटर की परीक्षा में 3:50 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ी है।

# इरफान अंसारी ने हनुमान मंदिर का किया भूमि पूजन, रखी आधारशिला

## कहा : हनुमान मंदिर निर्माण का पूरा खर्च मैं करूंगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने बुधवार को सतसाल के कोलाडाबर पहुंचकर हनुमान मंदिर नवनिर्माण के लिए भूमि पूजन किया। फिर आधारशिला रखी। इस दौरान विधायक ने कहा कि हनुमान जी में मेरी गहरी आस्था है। मैं भरोसा दिलाता हूं कि बहुत जल्द यह मंदिर बनकर तैयार होगा। इसके भव्य निर्माण के लिए जितनी भी राशि खर्च होगी, वह मैं करूंगा। इरफान ने कहा कि अपने जीवन काल में ऐसे धार्मिक कार्य का भागीदार बनना बहुत ही पुण्य का काम है। मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं। यही कारण है कि मैंने सैकड़ों मंदिर, मस्जिद और जाहेरथान का निर्माण कराया है।



### हर दुख-सुख में करते हैं विधायक को याद

ग्रामीणों ने कहा कि विधायक हर काम में आगे आ कर हम लोगों की मदद करते हैं। वे सभी धर्मों को एक साथ लेकर चलते हैं। यही कारण है कि हम लोग भी अपने हर सुख दुख में विधायक को याद करते हैं। इस मौके पर मुखिया सरोज हेंब्रम, प्रधान निरंजन महतो, मोहन महतो, पंडित विकास ठाकुर, चंद्रशेखर महतो, महेंद्र महतो, संजय महतो, गोपाल महतो व परिमल मंडल सहित अन्य उपस्थित थे।

# सिपाही को गोली मारने के मामले में दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह-धनबाद मुख्य मार्ग पर मोहनपुर सेंट्रल जेल के सिपाही शशिभूषण सिंह को गोली मारने के मामले में मुफ्फसिल थाना पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों युवकों को मुफ्फसिल थाना इलाके के तुरुकडीहा गांव से दबोचा गया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार किये गये दोनों आरोपित युवकों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने ही जेल के सिपाही शशिभूषण सिंह पर उसके ही सर्विस पिस्तौल से फायरिंग की थी। फिलहाल मुफ्फसिल थाना पुलिस दोनों से पूछताछ करने में जुटी हुई है।

बता दें कि सिपाही शशिभूषण व एक अन्य पुलिस जवान के साथ मोहनपुर में शराब दुकान पर इन युवकों का कुछ विवाद हुआ था। इस दौरान विवाद इतना बढ़ा कि विवाद मारपीट में बदल गयी। दोनों युवक सिपाही को देख लेने की धमकी देकर शराब दुकान से तो चले गये, लेकिन कुछ देर बाद अजीडीह पेट्रोल पंप के समीप सिपाही और उसके साथ के जिला पुलिस बल के जवान से भिड़ गये। इसी दौरान एक ने शशिभूषण की सर्विस पिस्तौल छीनकर उन पर गोली चला दी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.8 °c | 15.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.49 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.17 बजे |



### साढ़े आठ साल तक चीफ इंजीनियर के पद पर रहे काबिज

# हर सरकार की कृपा रही अभियंता वीरेंद्र राम पर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण पुल-पुलिया की योजना तैयार करने से लेकर उसे बनवाने तक में उनका ही कब्जा रहा। हर साल अरबों के पुल-पुलिया बनते हैं। इसके टेंडर निबटारा से लेकर सारा कुछ मुख्य अभियंता के जिम्मे होता है।

जल संसाधन विभाग के इंजीनियर वीरेंद्र राम की दखल ग्रामीण कार्य विभाग में जबरदस्त रही। वह जल संसाधन विभाग के अधीन जमशेदपुर स्वर्णरेखा बहुउद्देश्यीय परियोजना में कार्यरत रहते हुए भी यहां ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के मुख्य अभियंता बने रहे। राज्य गठन के 22 साल में से साढ़े आठ साल तक तो वीरेंद्र राम ही मुख्य अभियंता बने रहे। इस तरह ग्रामीण पुल-पुलिया की योजना तैयार करने से लेकर उसे बनवाने तक में उनका ही कब्जा रहा। हर साल अरबों के पुल-पुलिया बनते हैं। इसके टेंडर निबटारा से लेकर सारा कुछ मुख्य अभियंता के जिम्मे होता है। अभी वह साढ़े पांच साल से लगातार इस पद पर हैं। सबसे बड़ी बात है कि अधीक्षण अभियंता स्तर के इंजीनियर होने के बाद भी उन्हें मुख्य अभियंता बना कर रखा गया।



### सड़क बनाने का अनुभव नहीं, पर बने चीफ इंजीनियर

**वीरेंद्र राम मूल रूप से जल संसाधन विभाग के इंजीनियर हैं। हाल में उन्हें ग्रामीण सड़कों के निर्माण की जिम्मेवारी देते हुए ग्रामीण कार्य विभाग का मुख्य अभियंता बनाया गया। उन्हें सड़क बनाने का कोई अनुभव नहीं था, पर उन्हें चीफ इंजीनियर ही बना दिया गया। साल भर से ज्यादा समय से वह इस पद पर भी हैं।**

### इस बार तो सरकार की हुई बड़ी कृपा, गलत तरीके से दिया पद

इस बार तो सरकार ने उन्हें विशेष प्रमंडल के मुख्य अभियंता के साथ ही साथ ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता की भी जिम्मेवारी दे दी है। ग्रामीण कार्य विभाग का पद जल संसाधन विभाग के इंजीनियर को नहीं दिया जा सकता है। यह पथ विभाग का कैडर पोस्ट है, पर सारे नियमों को तोड़ कर उन्हें ग्रामीण कार्य विभाग का मुख्य अभियंता बना दिया गया है।

### पुल धंसने की जांच को भी दबाया राम ने

हाल के वर्षों में पुल धंसने की जांच को भी वीरेंद्र राम ने दबा कर रखा। डेढ़ साल पहले कांची नदी में बामलाडीह पुल धंस गया था। इसकी जांच वीरेंद्र राम को करनी थी, पर उन्होंने मामले को दबा कर रखा. जांच नहीं हुई। कांची नदी के हराडीह-बूढ़ाडीह पुल धंसने की जांच पूरी हुई और कार्रवाई के लिए वीरेंद्र राम से इंजीनियरों के नाम मांगे गये, पर आज तक किसी का नाम नहीं दिया।

### दोनों सरकार में पैठ

वीरेंद्र राम सबके चहेता रहे हैं। यही वजह है कि अभी दोनों सरकार को मिला कर वह साढ़े पांच साल से मुख्य अभियंता के पद पर हैं और इसके पहले भी लगातार तीन साल तक मुख्य अभियंता बने रहे।

### टेंडर में बार्गेन की शिकायतें मिलती रही हैं

लगातार टेंडर में गड़बड़ियों की शिकायतें मिल रही हैं। कहा जाता है कि मुख्य अभियंता कार्यालय के एक सहायक अभियंता टेंडर के खेल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्य अभियंता की उस पर कृपा है। उसे दो प्रमंडलों की जिम्मेवारी दी गयी है, लेकिन राज्य में कहीं का भी टेंडर हो, वही टेंडर सेट करने में भूमिका अदा करते हैं। यहां तक कि कम रेट में काम करने को तैयार ठेकेदार एल-वन होने के बावजूद छांट दिये जाते हैं और ज्यादा रेट में दूसरे ठेकेदारों को बार्गेन करके काम दिया जा रहा है। यह खेल चल रहा था।

# सरकार ने एसीबी को वीरेंद्र राम के खिलाफ जांच की अनुमति नहीं दी: बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि अभियंता वीरेंद्र राम पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने को लेकर भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने पीइ (प्रारंभिक जांच) दर्ज करने की अनुशंसा राज्य सरकार को भेजी थी, लेकिन सरकार ने अनुमति नहीं दी। उन्होंने इस बाबत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी पत्र लिखा है। जिसमें इसका जिक्र करते हुए पूछा है कि वीरेंद्र राम को बचाने वाले कौन लोग थे? क्या इसकी जांच सरकार करायेगी। उन्होंने मंत्री आलमगीर आलम द्वारा चीफ इंजीनियर को बॉडीगार्ड मुहैया कराने की अनुसंशा पर भी सवाल उठाया है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा पत्र



मुख्यमंत्री को लिखे पत्र बाबूलाल ने कहा है कि झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य निर्माण के चर्चित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के सभी ठिकानों पर इडी द्वारा छापेमारी में लगभग अरबों रुपये की अवैध संपत्ति का पता चला है। इस विवादास्पद एवं पूर्व से ही आरोपी मुख्य अभियंता के काले कारनामे एवं आपके नेतृत्व में चल रही सरकार द्वारा संरक्षण एवं सहयोग देने की ओर आकृष्ट कराना चाहूंगा।

बाबूलाल ने लिखा है कि रघुवर दास के मुख्यमंत्रित्व काल में 13 नवंबर 2019 को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के अधीनस्थ कनीय अभियंता सुरेश कुमार वर्मा को 10 हजार रुपये घूस लेते पकड़ा था, जो जमशेदपुर स्थित वीरेंद्र राम के ही मकान में रहते थे। एसीबी की टीम जब सुरेश कुमार वर्मा के ठिकानों पर छापेमारी की तब इनके आवास से 2.44 करोड़ रुपये बरामद किये गये। पूछताछ में सुरेश कुमार वर्मा एवं इनकी पत्नी ने दावा किया था कि आवास से बरामद पैसे वीरेंद्र राम के हैं। यह पैसे उनके करीबी रिश्तेदार आलोक रंजन ने रखे थे। इसी समय एसीबी को वीरेंद्र राम की अकुल संपत्ति का पता चला था। इसके बाद आपके नेतृत्व में सरकार बनी।

एसीबी ने वीरेंद्र राम के खिलाफ पीइ (प्रारंभिक जांच) दर्ज करने की अनुशंसा राज्य सरकार को भेजी थी, लेकिन इजाजत नहीं मिल पाने की वजह से पीआइ दर्ज नहीं की गयी। वीरेंद्र राम का मनोबल बढ़ता गया और ग्रामीण विकास विभाग में घूस लेकर मनचाहे ठेकेदारों को उपकृत करते रहे। इस तरह वीरेंद्र राम के द्वारा सरकार के संरक्षण में राज्य के राजस्व की भी लूट की गयी। सरकार में शामिल लोग इन्हें सहयोग करते रहे।

बाबूलाल ने पत्र में लिखा कि सरकार द्वारा इन्हें सहयोग करने की एक और बानगी यह है कि सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने 17 नवंबर 2021 को डीजीपी और एसएसपी जमशेदपुर को पत्र लिखकर वीरेंद्र राम को अंगरक्षक मुहैया कराने का अनुशंसा किया था। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह भी है कि वीरेंद्र राम का मूल कैडर जल संसाधन विभाग है। प्रावधान है कि ग्रामीण कार्य विभाग में मुख्य अभियंता का पद पथ निर्माण विभाग के इंजीनियर का कैडर पोस्ट है, पर वीरेंद्र राम अपने पैरवी और पहुंच के बल पर ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता के पद पर काबिज हो गये। बाबूलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी, आपसे जानना चाहूंगा कि वीरेंद्र राम पर एसीबी जांच की अनुमति क्यों नहीं दी गयी? इसे बचाने की साजिश में कौन-कौन लोग शामिल थे? क्या इसकी जांच कराते हुए इन दोषियों पर कार्रवाई करेंगे और सरकार अब इन पर क्या कार्रवाई करने जा रही है? आपसे आग्रह है कि मेरे द्वारा उठाये गये सारे सवालों का जवाब देंगे ताकि झारखंड की जनता को इस भ्रष्टाचारी इंजीनियर के काले कारनामों का पता चल सके। इस षड्यंत्र में शामिल लोगों की भी पहचान हो सके साथ ही सभी बिंदुओं की जांच करायेंगे ताकि दोषी बच नहीं सके ।

### कार्यक्रम : वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कर समाधान योजना का किया शुभारंभ

# वन टाइम सेटलमेंट का लाभ लें करदाता: रामेश्वर उरांव

**2022-23 में 500 करोड़ रुपये अधिक हुई राजस्व की वूसली**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कर से प्राप्त राशि का उपयोग सरकार देश एवं राज्य के विकास कार्यों एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं में खर्च करती है। करदाता समय पर कर का भुगतान कर इस कार्य में सरकार का साथ दें एवं देश और राज्य के विकास में भागीदार बनें। राज्य में व्यावसायिक क्षेत्र के जितने भी बड़े करदाता हैं, जिनका टैक्स बकाया है और जिनके मामले कोर्ट में लंबित हैं, उनके वन टाइम सेटेलमेंट के लिए ही कर समाधान योजना लायी गयी है। करदाता इस योजना से लाभ लें और इस योजना को सफल बनायें। उक्त बातें वित्त सह वाणिज्य कर मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहीं। वह बुधवार को होटल बीएनआर चाणक्य में कर समाधान योजना का शुभारंभ कर रहे थे।




### कर समाधान योजना का लाभ लें

डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य में कर बकायेदारों से संबंधित करीब 5000 केस विभिन्न कोर्ट में लंबित हैं। इससे राज्य सरकार को कर का नुकसान हो रहा है और करदाताओं को कोर्ट का चक्कर भी लगाना पड़ रहा है। इससे पैसे भी खर्च हो रहे हैं, जो ना उनके हित में है और ना सरकार के हित में है। इसलिए सरकार कर समाधान योजना लेकर आयी है ताकि व्यावसायिक क्षेत्र के करदाता इस योजना का लाभ लेकर वन टाइम सेटलमेंट से मामला सुलझा लें और कर का भुगतान कर दें। वाणिज्य कर मंत्री ने कहा कि राज्य गरीब है, पिछड़ा है, हमें राज्य को विकास के पथ पर ले जाने के लिए राशि की आवश्यकता है। इसलिये कर का सही समय पर भुगतान करें। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कर बकायादारों से सहुलियत के साथ टैक्स वसूलें। कोर्ट में लंबित मामलों को सुलझायें। कर समाधान योजना के तहत उनका भुगतान करायें। उन्होंने कहा कि हमें राज्य में रिसोर्स मोबिलाइजेशन पर ध्यान देने की जरूरत है। राजस्व उगाही विभाग की समीक्षा करने की जरूरत है, ताकि राज्य में राजस्व को और अधिक बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि ओड़िशा और झारखंड में खनन क्षेत्र करीब-करीब बराबर ही है, लेकिन वहां का खनन राजस्व लगभग 50 हजार करोड़ रुपये है और हमारे यहा मात्र 9 हजार करोड़।

### इस वर्ष लक्ष्य से अधिक राजस्व वसूली

उन्होंने कहा कि इस वर्ष हमने लक्ष्य से अधिक राजस्व प्राप्त किया है। इसके लिए विभाग के पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं और वे करदाता भी जिन्होंने समय पर कर का भुगतान कर इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग दिया।

### कर समाधान योजना से टैक्स भुगतान करने में होगी सहूलियत

वाणिज्य कर विभाग की प्रधान सचिव आराधना पटनायक ने कहा कि झारखंड कराधान अधिनियमों की बकाया राशि का समाधान अधिनियम 2022 (कर समाधान योजना) का उद्देश्य बकाया करदाताओं, जिनके मामले कोर्ट में लंबित हैं उनका वन टाइम सेटेलमेंट करा कर टैक्स का भुगतान करने की सहुलियत देना है। उन्होंने कहा कि कोर्ट में लंबित मामलों के कारण करीब 3500 करोड़ रुपये बकाया है। लंबित मामलों के कारण सरकार को तत्काल कोई राशि प्राप्त नहीं हो रही है। कर समाधान योजना से लंबित एवं विवादित मामलों के समाधान से राज्य सरकार को करीब 500 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति की संभावना है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा आइआरएयू (इटिंलीजेंस एंड रिवेन्यू एनालाइस यूनिट) का गठन किया गया है जिसका कार्य आंकड़ों का विश्लेषण करना, साथ ही कर देय व्यक्तियों द्वारा दाखिल विवरणियों की पारस्परिक जांच, सेक्टरवार इ-वे बिल निर्गमन की जांच या अनुश्रवण करना है। आइआरएयू की जांच के कारण संव्यवहारों की विस्तृत जानकारी होने पर कर भुगतान करने वाले करदाताओं की भी संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा एसटीयू (स्पेशल टैक्स यूनिट) का भी गठन किया गया है, जो राज्य के 5 अंचलों में काम करेगी।

### 500 करोड़ रुपये अधिक राजस्व की वूसली

वाणिज्य कर आयुक्त संतोष वत्सल ने कहा कि 2022-23 में 18 हजार करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध 18500 करोड़ रुपये के राजस्व की वूसली विभाग ने की है। विभाग के पदाधिकारियों के मेहनत का ही परिणाम है कि हमने लक्ष्य से अधिक वसूली की है। हमें विभाग के मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव एवं प्रधान सचिव आराधना पटनायक का सहयोग एवं मार्गदर्शन मिला, जिससे हम इस लक्ष्य को प्राप्त कर सके। इस अवसर पर अपर वाणिज्य कर आयुक्त एवं विभाग के पदाधिकारीगण सहित व्यावसायिक जगत के कई जाने-माने लोग मौजूद थे।

### चंपई से मिला केंद्रीय सरना समिति का शिष्टमंडल, कहा

# मोरहाबादी में इंद जतरा स्थल पर बने सामुदायिक भवन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा की अगुवाई में शिष्टमंडल बुधवार को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चंपई सोरेन से मिला। इस दौरान आदिवासी नवयुवक संघ सरना समिति सरई टांड़, मोरहाबादी की ओर से उन्हें मांग पत्र सौंपा गया। इसमें मोरहाबादी के मान्या पैलेस के निकट इंद जतरा स्थल में सामुदायिक भवन बनाने की मांग की गयी। समिति के महासचिव विशाल मुंडा ने कहा कि इस मौजा में सामुदायिक भवन नहीं होने के कारण हमें बैठक करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं केंद्रीय सरना समिति के बबलू मुंडा ने कहा कि एक जगह नहीं बैठने के कारण आदिवासी समाज बिखराव की स्थिति में है। सरकार को सभी टोले-मोहल्ले में आदिवासियों के लिए सामुदायिक भवन या धुमकुड़िया बनवाना चाहिए। ताकि आदिवासी समाज को पूर्वजों द्वारा दी गयी व्यवस्था की जानकारी दी जा सके। मौके पर मुन्ना हेमरोम, महावीर उरांव, प्रदीप कच्छप, रंजीत उरांव, नवीन हेंब्रम संतोष टोप्पो, हीरू संवासी आदि उपस्थित थे।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | परिस्थिति में सुधार, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता,धनलाभ, शुभ समाचार मिलेगा। |
| वृष | प्रेम-प्रसंग में सफलता, विरोधियों पर विजय, पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। |
| मिथुन | व्यावसायिक स्थिति में निरंतर मजबूती बढ़ेगी, शत्रु पराभूत होंगे, आकस्मिक धनलाभ होगा। |
| कर्क | अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे, मानसिक परेशानियों में कमी होगी। |
| सिंह | धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे, गृह-भूमि-वाहन का सुख, आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। |
| कन्या | संतानपक्ष से हर्षदायक समाचार की प्राप्ति होगी, इच्छित कार्य में सफलता, मन प्रसन्न रहेगा। |
| तुला | कानूनी उलझनों से छुटकारा, रोग-शोक-दु:श्चिंताओं से मुक्ति मिलेगी। |
| वृश्चिक | जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी, संपत्ति बढ़ेगी |
| धनु | सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे, गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। |
| मकर | कामकाज की स्थिति बेहतर होगी, परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे। |
| कुंभ | जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, राजकीय उलझनें दूर होंगी। |
| मीन | कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा। |

### हमारी सुनो : पिछड़ों की उपेक्षा नहीं करे महागठबंधन सरकार

# सरकार तत्काल 27 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू करे : महेश्वर साहू

**विधानसभा के बजट सत्र में इसे पारित किया जाये**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने बुधवार को कहा कि झारखंड में पिछड़ों के साथ भेदभाव और उपेक्षा विगत 22 वर्षों से की जा रही है। संयुक्त बिहार में तमाम पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जाता था। झारखंड के लोगों ने सोचा था कि अलग राज्य बनने के बाद उनकी सुविधा और संसाधन में बढ़ोत्तरी की जायेगी, लेकिन अफसोस की



बात है कि उनके बाल-बच्चों के भविष्य के साथ ही खिलवाड़ कर दिया गया। पिछड़ों के 27 प्रतिशत आरक्षण कोटा को घटा कर मात्र 14 प्रतिशत कर दिया गया है। यह पिछड़ों के साथ घोर अन्याय और बाबा भीमराव अंबेडकर के संविधान की अवहेलना है। यह सामाजिक न्याय की भावनाओं के भी विपरीत है। इससे ओबीसी छात्रों और नौकरी के अभ्यर्थियों को भारी नुकसान पहुंचा है। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा कई वर्षों से मांग करती आ रही है कि सरकार अपने वायदे के अनुसार पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू कर दे। अब चूंकि आगामी 27 फरवरी से विधानसभा का बजट सत्र आहूत है, तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और महागठबंधन सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए कि बजट सत्र में ही संवैधानिक अड़चनों को दूर करके ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव पारित कराया जाये। हम विपक्ष के सारे नेतागण से भी आग्रह करते हैं कि राज्य सरकार पर दबाव बना कर 27 प्रतिशत आरक्षण देने की बात हो। राजनीतिक दल और नेताओं को यह मालूम होना चाहिए कि पूरे देश में पिछड़ा वर्ग एक बड़ी ताकत और आबादी है। झारखंड में भी ओबीसी की आबादी 54 प्रतिशत के करीब है। इस वर्ग की उपेक्षा करके कोई भी सत्ता हासिल नहीं कर सकता है।

### 27 फरवरी को होगी झारखंड कैबिनेट की बैठक

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 27 फरवरी को बुलायी गयी है। बैठक में राज्य सरकार की नयी नियोजन नीति पर अंतिम मुहर लगने की पूरी संभावना है। नयी नियोजन नीति-2016 के पहले की नीति के आधार पर लागू की जा सकती है। कार्मिक विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, अगले एक-दो दिन में बैठक को लेकर सूचना सार्वजनिक कर दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि नयी नियोजन नीति अभी राज्य का सबसे प्रमुख ज्वलंत मुद्दा है। झारखंड हाइकोर्ट ने 16 दिसंबर को नियोजन नीति को रद्द कर दिया था। नयी नीति को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे आठ लाख से अधिक अभ्यर्थियों से सुझाव लिया था।

**नेशनल एंट्रेंस स्क्रीनिंग टेस्ट (NEST) 2023**

राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (NISER), भुवनेश्वर एवं मुंबई विश्वविद्यालय - परमाणु ऊर्जा विभाग मौलिक विज्ञान प्रकर्ष केन्द्र (UM-DAE CEBS), मुंबई में जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित और भौतिक विज्ञान में 5 वर्षीय एकीकृत एमएससी कार्यक्रमों में प्रवेश
(परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत स्वायत्त संस्थान)

राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (NISER), भुवनेश्वर एवं मुंबई विश्वविद्यालय - परमाणु ऊर्जा विभाग मौलिक विज्ञान प्रकर्ष केन्द्र (UM-DAE CEBS), मुंबई में 5 वर्ष के एकीकृत एमएससी प्रोग्राम जिसमे सामान्य विज्ञान – जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित एवं भौतिक विज्ञान है, में दाखिला के लिए नेशनल एंट्रेंस स्क्रीनिंग टेस्ट (NEST) एक अनिवार्य टेस्ट है। एनईएसटी (NEST) 2023 सम्पूर्ण भारत में लगभग 120 नगर एवं शहरों में 24 जून 2023 (शनिवार) को आयोजित किया जा रहा है।

इस प्रोग्राम में चयनित उम्मीदवारों को दिशा (DISHA) स्कॉलरशिप (परमाणु ऊर्जा विभाग,भारत सरकार द्वारा प्रायोजित) के अंतर्गत ₹60,000 (वार्षिक) एवं समर ईनटर्नशिप के लिए ₹20,000 (वार्षिक) का प्रावधान है। DST, INSPIRE – SHE के तहत चयनित अभ्यर्थियों को NISER एवं CEBS में (INSPIRE) स्कॉलरशिप के लिए योग्य माना जायेगा।

एनईएसटी (NEST) 2023 के आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी एवं विगत वर्षों के प्रश्नपत्र हेतु कृपया हमारे वेब साइट www.nestexam.in देखें।

**आवेदन**
आवेदन सिर्फ ऑनलाइन पोर्टल द्वारा किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन हेतु www.nestexam.in वेब पेज देखें। ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन दिनांक फरवरी 27, 2023 से दिनांक मई 17, 2023 तक किया जा सकता है।

**परीक्षा**
ऑनलाइन/ केवल कंप्यूटर बेस्ड
परीक्षा की तिथि : जून 24, 2023 (शनिवार)
समय : 09:00AM -12:30PM (प्रथम सत्र)
2:30 PM-06:00 PM (द्वितीय सत्र)
परीक्षा परिणाम की तिथि : जुलाई 10, 2023

**पत्रव्यवहार हेतु पता :**
मुख्य समन्वयक, नेस्ट (NEST) 2023
नाइजर (NISER), भुवनेश्वर
पी.ओ.: जटनी, जिला: खुर्दा,
ओडिशा - 752050, भारत
ई-मेल: nest-exam@niser.ac.in
वेबसाइट: www.nestexam.in

**परीक्षा शुल्क का विवरण :**
पुरुष (सामान्य तथा ओबीसी श्रेणी) : ₹1,200
पुरुष (एस.सी.तथा एस.टी. श्रेणी): ₹600
महिला (सभी श्रेणियाँ): ₹600
दिव्यांग श्रेणी: ₹600
केवल नेट बैंकिंग/ क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड के माध्यम से भुगतान करें।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

# सांसद ने एचइसी के निदेशक के साथ की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची सांसद संजय सेठ और भाजपा नेता विनय जयसवाल के नेतृत्व में बुधवार को एचइसी के निदेशकों के साथ बैठक हुई। बैठक में निदेशक वित्त आरके द्विवेदी, कार्मिक निदेशक एके बेहेरा, नगर प्रशासक आरके झा, प्रभाकर शर्मा की मौजूदगी में बकाया वेतन, उत्पादन एवं एचइसी के दुकानों के भाड़ा पर चर्चा हुई। निदेशक (वित्त) ने आश्वासन दिया कि होली से पहले बकाया वेतन भुगतान किया जायेगा। साथ ही कंपनी को चलाने की विस्तृत कार्ययोजना भी साझा की गयी। अधिकारियों का कहना है कि सारे निदेशक की उपस्थिति में लोअर और मिडिल अधिकारियों से कंपनी चलाने की विस्तृत कार्ययोजना को साझा करें। लोअर और मिडिल प्रबंधन के अधिकारियों एवं उच्च प्रबंधन के बीच के विश्वास को कंपनी को सुचारू रूप से चलाने के लिए पुनः बहाल किया जा सके। साथ ही एचइसी दुकानों के नये रेट पर सहमति बनी।

# झारखंड आने का मकसद संगठन को मजबूत करना : राजीव रंजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह बुधवार की देर शाम रांची पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेता, कोर कमेटी के सदस्य, सदस्यता के लिए नियुक्त कोऑर्डिनेटर एवं जिला अध्यक्षों के साथ बैठक की। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड आने का मकसद पार्टी के प्रमुख लोगों से बातचीत कर संगठन को मजबूत करना है। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड जदयू का प्रभारी बनने के बाद अशोक चौधरी का यह दूसरा दौरा है। हर महीने ये झारखंड आयेंगे और पार्टी के कामों की समीक्षा करेंगे। 2024 के चुनाव से पहले पार्टी को मजबूत बनायेंगे और इसी विषय पर चर्चा करने के लिए वह झारखंड आये हैं। राजीव रंजन ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली में राहुल गांधी और सोनिया गांधी को आग्रह किया था कि आप बड़े दल हैं पहल कर सभी दलों को एक साथ बैठायें। लेकिन कांग्रेस की तरफ से कोई पहल नहीं की गयी। उपेंद्र कुशवाहा पर राजीव रंजन ने कहा कि पार्टी का एक भी नेता नहीं चाहते थे कि वे दल में आयें। उन्होंने कहा था कि अब कहीं नहीं जायेंगे। उपेंद्र कुशवाहा ना तो राजद से मतलब है और ना ही जदयू से उन्हें अपने स्वार्थ से मतलब है।

राजीव रंजन ने 1932 आधारित स्थानीय नीति के सवाल पर कहा कि मुझे इसकी विशेष जानकारी नहीं है। जरूरत पड़ने पर यहां की सरकार से बातचीत किया जायेगा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो, पार्टी के प्रदेश प्रभारी और बिहार सरकार के मंत्री डॉ अशोक चौधरी, बिहार विधान परिषद के सदस्य विजय सिंह, संजय सिंह, बेलहर के विधायक मनोज यादव, पूर्व विधायक गौतम सागर राणा, श्रवण कुमार, सागर कुमार, धनंजय सिन्हा, पिंटू कुमार सिंह, डॉ आफताब जमिल, भगवान सिंह, रेणु पन्निकर, निर्मल सिंह, आशा शर्मा, दुष्यंत पटेल, उपेंद्र सिंह, आबिद अली, अखिलेश राय सहित अन्य मौजूद थे।

## जेएसएससीसीडीसी के प्रबंध निदेशक को विभिन्न दलों के प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा

रांची (आजाद सिपाही)। बुधवार को सीपीआइ, सीपीएम, आरपीआइ, बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया का एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम के प्रबंध निदेशक जगबंधु महथा से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि झारखंड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम में सहायक के पद पर पदस्थापित अवधेश कुमार कालिंदी के साथ समाज कल्याण विभाग के आप्त सचिव अमित कुमार के द्वारा असंसदीय भाषा का प्रयोग किया और उनके कामों में दखलंदाजी किया जाता है। आप्त सचिव अमित कुमार के द्वारा एक अनुसूचित जाति के कर्मचारी को गाली गलौज करना धमकी देना। साथ ही आरोप लगाया कि हर कार्य में कमीशन की मांग की जाती है। निदेशक से मांग किया गया है कि इस पर विभाग की ओर से प्राथमिकी दर्ज करायी जाये। अगर विभाग इसपर कोई कार्रवाई नहीं करता है तो हम सभी लोग सड़क पर उतरकर आंदोलन को बाध्य होंगे। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ज्ञानेंद्र सिंह एवं सीपीआइ के अजय सिंह, आरपीआइ के दिलेश ठाकुर सीपीएम के अमल पांडेय, कांग्रेस इंटक के योगेंद्र सिंह बेनी, नागेंद्र चौधरी शामिल थे।

**कार्यक्रम :** पर्यावरण मेला-2023 का उद्घाटन

# आदिवासी ही प्रकृति के सच्चे संरक्षक हैं: डॉ रामेश्वर उरांव

**मेले के संरक्षक सरयू राय ने अतिथियों का स्वागत किया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मोरहाबादी मैदान में बुधवार को पर्यावरण मेला-2023 का उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक, झारखंड सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, विधायक सरयू राय, विधायक सीपी सिंह एवं सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के अवसर पर मेले के संरक्षक सरयू राय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल करना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। मुख्य अतिथि डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि रांची ने अपना अस्तित्व खो दिया है। आज फरवरी में ही गर्मी का आभास हो रहा है, धूप कड़वी लग रही है। यह परिस्थिति मानव निर्मित है। हमें प्रकृति से छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए। पहले के ऋषिमुनि आदि भी प्रकृति की उपासना एवं संरक्षण करते थे। आज के युग में आदिवासी ही प्रकृति के सच्चे संरक्षक हैं। ऐसे आयोजनों से ही लोगों में प्रकृति के प्रति रूचि बढ़ेगी और वे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होंगे।

विशिष्ट अतिथि रांची विधानसभा के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जैसे संस्थान आज कल पैसा उगाही का केंद्र बना हुआ है वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन सही ढंग से नहीं कर रहे हैं।

इस अवसर पर झारखंड के विकास आयुक्त, अरुण सिंह ने कहा कि पर्यावरण पर मानवीय हस्तक्षेप के कारण ऋतु चक्र बिगड़ गया है। जिसके कारण जोशीमठ, उत्तराखंड, केदारनाथ जैसी त्रासदी सामने आ रही है। सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद ने कहा कि एक टन कोयला उत्पादन में ढाई टन कार्बन डाइऑक्साइड और तीस किग्रा सल्फर डाइऑक्साइड का उत्सर्जन होता है, जो ग्लोबल वार्मिंग का एक बहुत बड़ा कारण है। 2050 तक हम अक्षय ऊर्जा में आत्मनिर्भर हो जायेंगे। मेले में संजीव शंकर एवं अश्विनी शंकर ने शहनाई वादन कर मेले में आये लोगों का मनोरंजन किया।

# राज्यपाल से मिले मुख्य सचिव और विनोबा भावे विवि के कुलपति

आआजद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एमएन देव ने मुलाकात की। राजभवन सूत्रों ने बताया कि यह उनकी शिष्टाचार मुलाकात थी।



# सीसीएल में इलेक्ट्रीकल सेफ्टी इन माइंस पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय, रांची में खान सुरक्षा महानिदेशालय एवं सीसीएल के संयुक्त तत्वावधान में इलेक्ट्रीकल सेफ्टी इन माइंस पर दो दिवसीय (22 एवं 23 फरवरी, 2023) कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत शटडाउन प्रोसेज्योर एंड इंपलीमेंटेशन ऑफ लोटो फॉर इलेक्ट्रीशियन एंड इलेक्ट्रीकल सुपरवाइजर्स (इलेक्ट्रीशियन और इलेक्ट्रिकल पर्यवेक्षकों के लिए लोट्टो को बंद करने की प्रक्रिया और कार्यान्वयन) पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), बी साईंराम एवं डीजीएमएस की ओर से डीडीएमएस (इलेक्ट्री कल), विनित चौरसिया सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**बदलते परिवेश में नवीनतम तकनीक को अपनाना वर्तमान समय की जरूरत : बी साईंराम**

निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), बी साईंराम ने खान सुरक्षा के संदर्भ में कहा कि बदलते परिवेश में नवीनतम तकनीक को अपनाना वर्तमान समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि खदान सुरक्षा सर्वोपरि है और सीसीएल सुरक्षा निर्देशों का निरंतर पालन कर रहा है।

उन्होंने बिजली मिस्त्री और बिजली पर्यवेक्षकों के लिए लोटो को बंद करने की प्रक्रिया और कार्यान्वयन पर विस्तार से चर्चा की। डीडीएमएस (इलेक्ट्री कल), विनित चौरसिया ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रतिभागियों को अत्यंमत सरल एवं रोचक ढंग से विषय वस्तु से संबंधित सावधानियों से अवगत कराया। उन्होंने इलेक्ट्री कल सुपरवाइजर की भूमिका को अति महत्वपूर्ण बताया। साथ ही सुरक्षा जैसे इलेक्ट्री सिटी के सुक्ष्म पहलुओं एवं निर्देशो के बारे में प्रतिभागियों से चर्चा किया। इससे पूर्व महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) आरके सिन्हा ने उपस्थित सभी का स्वागत करते हुए कहा कि सीसीएल सदैव ही उत्पादन में प्रथम एवं सुरक्षा में सर्वप्रथम के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है। कार्यशाला में सीसीएल के विभिन्नन क्षेत्रों से इलेक्ट्रीकल सुपरवाइजर एवं इलेक्ट्रीशियन से संबंधित प्रतिभागीयों ने इस ज्ञानवर्द्धक सत्र का भरपूर लाभ उठाया। कार्यक्रमका आयोजन महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव), राजीव कुमार सिन्हा एवं उनकी टीम, मुख्य प्रबंधक (इएंडएम), सेफ्टी, रमेश कुमार की सक्रिय योगदान से किया जा रहा है।

**पहल :** डीसी का निर्देश, एक महीने में रांची की ट्रैफिक व्यवस्था हो दुरुस्त

# छह जोन में बांट ट्रैफिक सिस्टम में किया जायेगा सुधार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची शार्ट, मीडियम और लांग टर्म प्लान बना कर रांची शहर के ट्रैफिक में सुधार किया जायेगा। शहर की यातायात व्यवस्था में आवश्यक सुधार के लिए अहम बैठक हुई। इस बैठक में ट्रैफिक व्यवस्था के सुधार के लिए रांची शहर को 6 जोन में बांटने की बात हुई। ट्रैफिक सिस्टम में सुधार की यह बैठक डीसी राहुल सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। जहां डीसी राहुल सिन्हा ने कई अहम निर्देश दिये।

**15 साल से ज्यादा अनफिट वाहन हटाये जायें**

बैठक में डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शॉर्ट, मीडियम और लॉन्ग टर्म प्लान बना कर एक महीने के अंदर सुधार करें। वहीं 15 वर्ष से ज्यादा अनफिट वाहनों को चिह्नित कर हटाने एवं जिला परिवहन पदाधिकारी को इसे लेकर अभियान चलाने का निर्देश भी दिया। वहीं उन्होंने ट्रैफिक रूट कंट्रोल करने, इ-रिक्शा का जोन तय करने, सात दिन के अंदर ठेला वेंडर हटाने एवं लालपुर से कोकर चौक तक वेजिटेबल मार्केट शिफ्ट कराने का निर्देश भी दिया। उन्होंने अतिक्रमण हटाने के दौरान वीडियोग्राफी करने का निर्देश दिया। रांची शहर के सभी स्कूल बसों का स्टॉपेज पिक-अप एवं ड्रापिंग प्वाइंट पर हो, इसे लेकर अनुमंडल पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया।

**अवैध अतिक्रमण वाले जगह चिह्नित करने का दिया निर्देश**

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि 5-5 लोगों की टीम बनायें। यह टीम राजेंद्र चौक, हाइकोर्ट एवं बिरसा चौक में कितना अवैध अतिक्रमण हैं, इसे चिह्नित करें और उन्हें हटायें। साथ ही बिजली खंभे, प्रचार बोर्ड, साइकिल स्टैंड में लगे प्रचार सामग्री भी हटाने को कहा। न्यू मार्केट ऑटो स्टैंड को अब नागाबाबा खटाल में शिफ्ट करने को कहा है ताकि जाम की समस्या ना हो।

**पिक-अप एवं ड्रापिंग प्वाइंट में खड़ी हों स्कूल बसें**

**सड़क चौड़ीकरण के लिए बनायें प्रस्ताव :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शहर के विभिन्न सड़कों के चौड़ीकरण के लिए आरसीडी से प्रस्ताव बनाने को कहा है। न्यू मार्केट के पास और अन्य जगह सरकारी भवन या बॉउंड्रीवाल को तोड़ कर सड़क चौड़ीकरण करने के प्रस्ताव की मांग की। डीटीओ को निर्देश देते हुए कहा कि इ-रिक्शा चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस कंपल्सरी करें। ऐसा करें कि 18 वर्ष से कम व्यक्ति इ-रिक्शा न चलाये। विभिन्न चौक-चौराहों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए यातायात थानों को कार्य बंटवारा एवं अतिरिक्त यातायात थानों का सृजन करने को कहा। उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, नगर सह प्रभारी पुलिस अधीक्षक यातायात नौशाद आलम, उप नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन, अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण प्रकाश, पुलिस उपाधीक्षक (ट्रैफिक) जीतवाहन उरांव एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश करने के आरोपित को भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डोरंडा के एक अपार्टमेंट के नीचे खेल रही छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपित गार्ड मो अजीमुद्दीन (58) को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बुधवार को बताया कि बच्ची अपार्टमेंट कैंपस में ही खेल रही थी। इस क्रम में पारसटोली निवासी आरोपित गार्ड मो अजीमुद्दीन भी बच्ची के साथ खेलने लगा। बहला-फुसला कर बच्ची को चॉकलेट देने के बहाने अपने साथ गार्ड रूम में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्ची के शोर मचाने पर आसपास के लोग और परिजन वहां पहुंचे। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और गार्ड को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित गार्ड ने पुलिस के समक्ष पूछताछ के दौरान अपनी संलिप्तता स्वीकार की। डोरंडा थाना पुलिस ने आरोपित गार्ड अजीमुद्दीन को कोर्ट में प्रस्तुत किया, जहां से आरोपित को जेल भेज दिया गया।

# वीरेंद्र राम को हेमंत सरकार बर्खास्त करे : विजय शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड बचाओ मोर्चा के संयोजक विजय शंकर नायक ने कहा है कि वीरेंद्र राम को हेमंत सरकार बर्खास्त करे। कहा कि भ्रष्टाचार में ओतप्रोत ऐसे अभियंता लोगों को कदापि बख्शा नहीं जाना चाहिए। ताकि भ्रष्ट अभियंता को यह संदेश मिल सके। नायक ने कहा कि ऐसे भ्रष्ट अभियंताओं को संरक्षण देने वाले अधिकारियों और नेताओं को भी इडी गिरफ्तार करे। राज्य में ऐसे कई वीरेंद्र राम भरे पड़े हैं जो राज्य को दिन प्रतिदिन खोखला किये जा रहे हैं। आज हेमंत सरकार को झारखंड की जनता को यह दिखाना होगा कि सरकार भ्रष्टाचार से कभी समझौता नहीं कर सकती।

# पूर्व सीएम मधु कोड़ा, विनोद सिन्हा इडी कोर्ट में हुए पेश, नहीं हुई गवाही

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनी लांड्रिंग केस के आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, उनके सहयोगी विनोद सिन्हा, मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ वास्तवड़े समेत अन्य आरोपी बुधवार को इडी की विशेष कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। बुधवार को इडी की ओर से कोर्ट में गवाह प्रस्तुत किया जाना था। लेकिन किसी कारण वश फिर से इडी का गवाह उपस्थित नहीं हुआ। जिसके बाद कोर्ट ने इस केस की अगली सुनवाई के लिए 13 मार्च की तारीख मुकर्रर की है।

**पूरे प्रकरण की जांच सीबीआइ और इडी ने की**

बता दें कि जब मधु कोड़ा मुख्यमंत्री थे तब उनके मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों और उनके सहयोगियों पर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने का आरोप लगा है। इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआइ और इडी ने की है। मनी लांड्रिंग से जुड़े अन्य मामलों में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, बंधु तिर्की और हरिनारायण राय को कोर्ट ने सजा सुना दी है। वहीं कई लोग अभी भी ट्रायल फेस कर रहे हैं।

## आंजन धाम में सबसे भव्य हनुमान मंदिर बनेगा



रांची (आजाद सिपाही)। श्री आंजन धाम हनुमान जन्म स्थल न्यास की बैठक बुधवार को रांची के करमटोली स्थित प्रेस क्लब में हुई। इस बैठक में हनुमान जन्म स्थल आंजन धाम में भारत का सबसे बड़ा भव्य हनुमान मंदिर और 100 बेड का धर्मशाला तथा 150 बेड का वृद्धा आश्रम बनाने का प्रस्ताव रखा गया। न्यास के सदस्यों ने इस मुहिम को अंजाम देने के उद्देश्य से एक कमेटी का गठन किया। इसके अध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि आम लोगों के सहयोग से इस कार्य को पूर्ण किया जायेगा। साथ ही न्यास इस कमेटी को पूरी तरह पारदर्शी बनाये रखने के लिए वचनबद्ध है। इस मौके पर सचिवदेव्रतनाथ साहदेव, उपाध्यक्ष परमानंद चौबे, उपसचिव रामा शंकर शुक्ला, कोषाध्यक्ष अनूप कुमार गुप्ता, पुजारी चंद्रशेखर दुबे, सदस्य- हिंदू भगत, सुनील जैन, पिठा घिसवर दीनदयाल जी महाराज, विजय नाथ तिवारी, अनिल कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# फाल्गुन का नजारा है श्याम बाबा ने पुकारा है



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मंडल रांची के 60 सदस्यों का दल बुधवार को हवाई मार्ग से दिल्ली होते हुए जयपुर से खाटू धाम (राजस्थान) के लिए रवाना हुए। 23 फरवरी रिंगस में पवित्र निशान (ध्वजा) का पूजन कर ये दल रिंग्स से खाटू धाम की यात्रा 17 किलोमीटर की दूरी तय कर पवित्र निशान (ध्वजा) को श्री श्याम प्रभु को अर्पित करेंगे। 24 फरवरी को श्री श्याम मंडल का 60 सदस्यों का दल सालासर धाम में दर्शन एवं धोक लगाकर 25 फरवरी को पुष्कर जी के लिए प्रस्थान करेगा तथा एक दिन के विश्राम के पश्चात 26 फरवरी को रांची के लिए प्रस्थान करेगा। इस निशान पद यात्रा में मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका, विवेक ढांढनीयां, अमित जलान, नितेश केजरीवाल, प्रदीप अग्रवाल, कौशल अग्रवाल, श्याम सुंदर गोयल, विक्रम परसरामपुरिया, रत्न मोर, विकाश पाड़िया, शशि बागला, श्वेता बंका, मीना देवी गोयल, जीतेश अग्रवाल आदि शामिल हैं।

## अन्वी न्यू बॉर्न एंड चाइल्ड हॉस्पिटल का उद्घाटन



रांची (आजाद सिपाही)। अन्वी न्यू बॉर्न एंड चाइल्ड हॉस्पिटल का बुधवार को उद्घाटन हुआ। वहीं अस्पताल में 21 फरवरी को पहली एनिवर्सरी मनाई गयी। मौके पर अस्पताल के डायरेक्टर डॉ रवि शेखर सिंह ने एक साल की उपलब्धियों को बताया। साथ ही एनिवर्सरी वीक मनाने की घोषणा की। इस दौरान मरीजों को विशेष छूट दी जाएगी। साथ ही एनिवर्सरी वीक के मौके पर 26 फरवरी को मेगा हेल्दी बेबी शो का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की हैसियत से वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शामिल होंगे। बेबी शो कार्यक्रम में हरेक बच्चे का फ्री मेडिकल चेकअप, फ्री न्यूट्रिशनल काउंसलिंग, फ्री वैक्सीन काउंसलिंग एवं सभी बच्चों के लिए कुछ ना कुछ प्राइज की व्यवस्था की गयी है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि पिछले एक साल अस्पताल के सभी लोगों ने ईमानदारीपूर्वक काफी मेहनत की। चाहे वह डॉक्टर हो, पैरामेडिक्स हो, हॉस्पिटल स्टाफ हो या फिर मैनेजमेंट के लोग हों। सभी ने अपना शत प्रतिशत दिया। आगे बताया कि सभी की मेहनत का ही फल है कि हमें इस एक साल में काफी सफलता मिली। हमने मरीजों और उनके परिजनों को संतुष्ट किया है, जो सबसे सुखदायी है। अस्पताल के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि होती है कि मरीज और उनके परिजन यहां से खुशी-खुशी घर जाएं। हमारी टीम ने अपनी मेहनत और लगन से यह कर दिखाया है। हमारे मरीज और उनके अभिभावक के माउथ टू माउथ प्रचार से हमारे हॉस्पिटल का काफी नाम हुआ। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि हमारे इलाज की जो खास बात रही उसमें नियोनेटल मोर्टेलिटी रेट मिनिमम रहा और एनआईसीयू में इन्फेक्शन रेट भी काफी काम रहा, जिसके चलते छोटे बच्चे जो की लो बर्थ वेट और वेरी लो बर्थ वेट का एडमिशन मैक्सिमम रहा और उनका सरबाइबल रेट 95 प्रतिशत से अधिक रहा। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि एनिवर्सरी वीक में मरीजों को बहुत सारी जांच और इलाज में छूट दी जाएगी। जैसे- लैब टेस्ट, टीकाकरण पर छूट के साथ ही स्पेशल वैक्सीनेशन ड्राइव, छोटे बच्चों के कफ एंड कोल्ड के लिए फ्लू और थायरॉइड वैक्सीन सस्ते दरों में लगाने की व्यवस्था की गयी है।

## इसीएल के अधिकारियों ने लगायी फ्री सेनिटरी पैड वेंडिंग मशीन



रांची (आजाद सिपाही)। महागामा बुधवार को महगामा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में इसीएल राजमहल के अधिकारियों द्वारा नेतरहाट स्कूल के नोवा जीएसआर एवं एसबीआइ के सीएसआर फण्ड के सौजन्य से प्रदत सेनिटरी पैड वेंडिंग मशीन एवं इंसिनेरेटर को लगाया गया। इस मशीन का उद्घाटन आरसी एमपी के ब्रांच मैनेजर राकेश कुमार सिन्हा एवं स्कूल की प्रधानाध्यापिका विनीता मुर्मू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में इसीएल से विशाल सिंह, अभिनव बादल सोरेन, नरेंद्र कुमार, रंजीत कुमार एवं स्कूल की अध्यापिका सुनीता कुमारी, रीता हेम्ब्रम एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम में बताया गया कि नोवा जीएसआर संगठन के माध्यम से गोड्डा जिला में यह पहला मशीन लगाया जा रहा है। दूसरी मशीन 24 फरवरी को बोआरीजोर ब्लॉक के अंतर्गत पड़ने वाले स्कूल में लगाया जाएगा। इस संगठन के माध्यम से बिहार-झारखंड के विभिन्न जिलों में अब तक ऐसे 200 से ज्यादा मशीन लगाए जा चुके हैं। धीरे-धीरे गोड्डा जिला में ऐसे और भी मशीन लगाये जायेंगे, ताकि हर स्कूल में सेनिटरी पैड उपलब्ध कराया जा सके।

## इंटर विविनेशनल यूथ फेस्टिवल में शामिल होने के लिए डीएसपीएमयू की टीम रवाना



रांची (आजाद सिपाही)। जैन यूनिवर्सिटी बेंगलुरु में आयोजित किये जानेवाले 36 वीं इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल में भाग लेने के लिए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची की 29 सदस्यीय दल बेंगलुरु रवाना हुई। इसमें 4 शिक्षक और 2 टीम मैनेजर डॉ गीतांजलि सिंह और डॉ राहुल देव साह शामिल है। मौके पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह मौजूद थी। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने इस दल को शुभकामनाएं देते हुए इस पूरी प्रतियोगिता में उनसे श्रेष्ठ प्रदर्शन की आशा करते हुए सकारात्मकता की सोच के साथ इस पूरी प्रतियोगिता में शामिल होने की सलाह दी। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# रामगढ़ तीन साल में तीस साल पीछे चला गया है : सुदेश महतो

## रामगढ़, सुतरी, रकुवा, हेसापोड़ा, बंदा एवं चाडी में चुनावी सभा को किया संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता



गोला। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में बुधवार को सुतरी, रकुवा, हेसापोड़ा, बंदा गांव में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि तीन साल में रामगढ़ तीस साल पीछे चला गया। रामगढ़ की जनता तीन साल का बदला 27 फरवरी को लेगी। उन्होंने हेमंत सरकार पर निशाना साधा कहा कि सरकार को हमारे चूल्हा प्रमुख से परेशानी है। हमलोग तो चूल्हा तक पहुंच गये। आप अभी तक सड़को में घूम रहे है। सरकार रात में झूठ बोल कर रात में लूट मचा रही है। सरकार सभी कामो में पूरी तरह से विफल है। सरकारी नोकरी नहीं मिल रही है। युवा भटकने को मजबूर है। रामगढ़ का विकास आजसू पार्टी ही कर सकती है। हमारे पास ही विकास का एजेंडा है। जिसको अंजाम तक पहुचाने का काम आजसू पार्टी करेगी। यहां के पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश चौधरी ने विकास की लंबी लकीर खिंची है। जिला अलग निर्माण, पॉलिटेक्निक, आइटीआइ, इंजीनियरिंग कॉलेज सहित कई प्रखंडों का निर्माण करवाया। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का स्वागत आजसू कार्यकर्ताओ ने जगह जगह जोरदार तरीके से किया। इस दौरान उन्हें फूल माला पहनाकर गांव भी भर्मण कराया गया। मौके पर विधायक लंबोदर महतो, नीरू शांति भगत,प्रमुख गीता देवी, जीप सदस्य सरस्वती देवी, सुरेश रजक आदि थे।

## उपनुनाव में सुनीता देवी के पक्ष में प्रचार के लिए दुलमी पहुंची अन्नपूर्णा देवी, वोट देने की अपील

# नियोजन नीति के आभाव में झारखंड के युवा बेरोजगार बैठे हैं : अन्नपूर्णा

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़/रजरप्पा। दुलमी मंडल में भाजपा बूथ सम्मेलन एवं वार्ड नंबर पांच के ममता गाढ़ा निवासी भाजपा के पूर्व महामंत्री महेंद्र प्रजापति के निवास पर महिलाओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी उपस्थित हुई। उनके साथ गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, मांडू विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल, जिला प्रभारी शशिभूषण भगत, तोरपा विधायक कोंचे मुंडा, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव उपस्थित हुए।

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि चंद्रप्रकाश चौधरी ने अपने क्षेत्र में जितने भी विकास कार्य किया है वो एक मील का पत्थर साबित हुआ। प्रधानमंत्री द्वारा गरीबों के लिए भेजी गई सभी योजना को उन्होंने धरातल पर उतारा था। इसी लिए आज सुदुर ग्रामीण क्षेत्र में भी सड़क, शौचालय, आवास और माता बहनों के लिए उज्जवला योजना के तहत हर एक घर को मुफ्त गैस चूल्हा दिया गया। जिसके कारण आज गावों की स्थिति भी सुधरी है। लेकिन पिछले तीन सालों के लूट और झूठ की सरकार में सभी योजनाओं का पैसों की लूट जारी है। आज झारखंड में आपसी सद्भाव को बिगाड़ने के लिए बिना नियोजन नीति के 1932 का खतियान की बात को सत्तापक्ष के द्वारा उछाला जा रहा है जो जनता को बेवकूफ बनाने के जैसा है।

### झारखंड में बढ़ते अपराध के बीच रामगढ़ में जगह जगह गोलीबारी की घटना चिंताजनक : चंद्रप्रकाश चौधरी

चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि पूरे राज्य की कानून व्यवस्था बिगड़ गया। रामगढ़ में जगह जगह गोलीबारी हो रही है। जनता डरा सहमा है। सरकार केवल लूट खसोट में शामिल है। जनसरोकर से कोई लेना देना नहीं है।

### आदिवासी विरोधी मानसिकता के हैं मुख्यमंत्री: जेपी पटेल

मांडू के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने रामगढ़ की वस्तुस्थिति और हेमंत सोरेन सरकार को केंद्र बिंदू बनाते हुए कहा की ये आदिवासी विरोधी मानसिकता वाली सरकार है। जिन्होंने आदिवासी बनकर पूरे झारखंड को ठगा है। युवाओं को पांच लाख नौकरी और बेरोजगारी भत्ता देने का सब्जबाग दिखाकर सत्तासीन होते हीं पारा शिक्षकों, सहिया दीदियों पर लाठियां चलाकर उनका रोजगार छीन लिया।

# भाजयुमो रांची महानगर ने झारखंड सरकार की शव यात्रा निकाली, पुतला दहन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह के नेतृत्व में झारखंड सरकार के विरुद्ध सरकार का शवयात्रा हरमू चौक से अरगोड़ा चौक तक निकाला गया और पुतला दहन किया गया। सीपी सिंह ने कहा कि आज राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार के विरोध में युवा मोर्चा के साथी सड़को पर निकलकर विरोध जता रहे हैं। सरकार हर मोर्चे पर विफल है। मौके पर सुबोध सिंह गुड्डू ने कहा कि इस समय राज्य में जुमलो वाली, ठगने वाली, अपराधियों वाली, तुष्टीकरण करने वाली, ठगबंधन वाली सरकार है।

इस कार्यकर्म में मुख्य रुप से प्रदेश प्रवक्ता श्री प्रतुल सहदेव, संदीप वर्मा, शोभा यादव, मुनचुन राय, जितेंद्र सिंह पटेल,वरुण साहु, बलराम सिंह, भूपेंद्र सिंह, सूर्य प्रभात, आजाद शत्रु, पवन पासवान, मिंटू चौबे, अजय सिंह,रणजीत नाथ सहदेव, कुंदन कुमार, अरविंद तिवारी , अक्षय पल्लव, सनोज सिंह, धर्मवीर सिंह, प्रिंस कुमार, तुषार आरव, रोहित पांडे, निशांत यादव, सुभम जायसवाल, इंद्रजीत यादव, मुनेशर साहू, पीयूष विजयवर्गिया, विवेक कुमार, अमित साहू, रौनक राजपूत, उज्ज्वल मिश्रा, प्रदीप सिंह, आयुष सिंह, तरुण दास, आर्यन कुमार, उत्कर्ष वर्मा , सूरजभान सिंह, सल्लू राज, आकाश कुमार, अभिषेक सिंह,राहुल कुमार, मोहित दुबे, अमित साहू, सुमित साहू, विकाश साहू, रोहन जायसवाल, सत्यम कुमार सहित हजारों की संख्या में युवा शामिल हुए।

## राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के लिए जुबिली कॉलेज की छात्रा जूही का हुआ चयन, दी बधाई



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। रिभर साइड स्थित जुबिली कॉलेज की छात्रा जुही कुमारी का राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के लिए चयन हुआ है। उक्त जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके दास ने बताया कि जुबिली कॉलेज एनएसएस इकाइ दो की स्वयंसेविका सह चयनित छात्रा 25 फरवरी से 3 मार्च तक बिरसा इंस्टिटयूट ऑफ टेक्नोलोजी पटना के तत्वावधान में होने वाले सात दिवसीय शिविर में हिस्सा लेगी। छात्रा के चयन पर प्राचार्य डॉ आरके दास, कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो अर्जून कुमार मिश्रा और डा. बी रविदास, डा. एसपी पांडेय, डा. अरूण कुमार सिंह झा, डा. महेंद्र पांडेय, डा. विभा राय, प्रो. देवप्रकाश प्रसाद, प्रो. आलोक कुमार, प्रो. टीके झा, प्रो. एनके तिवारी, प्रो. बालकृष्ण, प्रो. एन पांडेय, प्रो. मनोज कुमार, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. गोपाल विश्वकर्मा, डा. एसपी दांगी, डा. प्रहलाद पांडेय, अरूण कुमार सिंह, डा. मिथिलेश कुमार सिंह, सुरेश सिंह, भुषण शर्मा सहित तमाम शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पांच दिवसीय हनुमंत महायज्ञ पूर्णाहुति और प्राण प्रतिष्ठा के साथ संपन्न, जागरण आज



कुजू (आजाद सिपाही)। चटनियां बस्ती कुजू स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर के प्रांगण में चल रहे पांच दिवसीय श्रीश्री 1008 श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ के पांचवे दिन बुधवार को भगवान श्री हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। वही, 23 फरवरी की सुबह 9 बजे से महाभंडारा के साथ देर शाम 8 बजे से भव्य भगवती जागरण का आयोजन किया जायेगा। महायज्ञ के मुख्य आचार्य पालेश्वर पांडेय द्वारा यजमान कामेश्वर साव, गणेश केसरी, भोला साव, लोकी साव, संजय साहू, चंदर केशरी, कलेश्वर भुइयां के हाथों कई धार्मिक अनुष्ठान कराये गये। इस दौरान मंडप पूजन, वेदी पूजन, वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि विधान के साथ भगवान हनुमान जी का प्राण प्रतिष्ठा, षोडशोपचार पूजन, हवन, ब्राह्मण पूजन, महाआरती एवं पूर्णाहूति के साथ महायज्ञ संपन्न हो गया। वही, समापन के मौके पर खिचड़ी स्वरूप महाभोग प्रसाद वितरण किया गया। वहीं, अहले सुबह से ही यज्ञ मंडप की परिक्रमा को लेकर श्रद्धालु उमड़ पड़े। इधर, चौथे दिन मंगलवार की रात काशी वाराणसी से आयी कथावाचिका बाल व्यास आराधना चतुर्वेदी का रामकथा हुआ। राम कथा प्रवचन का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य दयामंति देवी ने फीता काटकर किया। महायज्ञ कमेटी के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश कुमार, सचिव शिबू महतो ने बताया कि महायज्ञ संपन्न के मौके पर 23 फरवरी गुरुवार की सुबह 9 बजे से महाभंडारा और देर शाम 8 बजे से जमशेदपुर के प्रसिद्ध गायक जॉली छाबड़ा ग्रुप द्वारा भव्य भगवती जागरण का आयोजन किया जायेगा। महायज्ञ कार्यक्रम के सफल संचालन में अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश कुमार, सचिव शिबू महतो, उपाध्यक्ष बासुदेव महतो, मंदिर निमार्ता सह कोषाध्यक्ष कामेश्वर साव, रघुनंदन केशरी, मनोज साव, अमन यादव, पंकज केसरी, रवि केसरी, कोलेश्वर महतो, अनिल अगरिया, कन्हैया भुइयां, मासूम भुइयां, संजय भुइयां, लोकनाथ भुइयां, बैजू भुइयां, लोकन भुइयां, अमित केशरी, राजेश केशरी, प्रेम पटेल, रामकुमार केसरी, सूरज कुमार, मिंटू केसरी, लखन प्रसाद, धीरज मेहता, सुखदेव सोनी, संजीत कुमार उर्फ परदेशी, राजू भुइयां, जगदीश महतो, महेंद्र साहू, प्रमोद मेहता, एके सिंह, जागो महतो, लाला भुइयां, सूरज कुमार, बासुदेव राम, अजय भुइयां समेत काफी संख्या सदस्य शामिल रहे।

## डीसी ने चतरा में की विशेष केंद्रीय सहायता की बैठक



चतरा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में विशेष केंद्रीय सहायता की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से विशेष केन्द्रीय सहायता मद अन्तर्गत स्वीकृत योजनाओं का वित्तिय प्रगति एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में वित्तिय वर्ष 2021-22 में कुल 43 योजनाओं की समीक्षा करते हुए लंबित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होने कहा कि शिक्षा, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, भवन प्रमण्डल, पेयजल, खेलकूद समेत अन्य विभाग अन्तर्गत विशेष केंद्रीय सहायता मद से क्रियांवित योजनओं को शीघ्र पूर्ण कराते हुए एक सप्ताह के अंदर प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को लेकर निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीणा, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का धूमधाम से हुआ समापन, कलाकारों और अतिथिओं को किया गया सम्मानित

# मंत्री, सांसद और विधायक ने तालियों से कलाकारों का बढ़ाया हौसला





आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। राजकीय इटखोरी महोत्सव में तीन दिवसीय भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम कल आयोजित की वे। मंगलवार को महोत्सव एक शानदार समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस तीन दिवसीय उत्सव में प्रसिद्ध राष्ट्रीय और क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा नृत्य और संगीत के विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। समापन समारोह का कार्यक्रम दर्शनीय रहा जिसमें उम्दा प्रस्तुतियों की एक श्रृंखला थी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शाम की शुरूआत प्रकाश कुमार एंड ग्रुप के नृत्य कार्यक्रम से हुई जिसके पश्चात सिमरन शाह एंड ग्रुप द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इन दोनों ही प्रस्तुतिकरण ने श्रद्धा के भाव का आगाज करते हुए भारतीय शास्त्रीय और समकालीन नृत्य का एक मिश्रण प्रस्तुत किया। समारोह के विशिष्ट अतिथि मिस यूनाइटेड नेशन्स अर्थ 2022 विजेता, एंजेल मरीना तिर्की ने झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने की बात कही और क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने प्रयासों को सराहनीय बताया। बीएसएफ हजारीबाग समूह द्वारा गीत एवं संगीत प्रस्तुत किया। जिसने देशभक्ति के भाव से दर्शकों प्रफुल्लित कर दिया। नन्हे और प्रतिभाशाली गायक अथर्व बख्शी ने अपने कुछ मधुर गीत प्रस्तुत किये, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। शास्त्रीय संगीत और लोक संगीत की दक्ष कलाकार मैथिली ठाकुर ने अपने मोहक गीतों से दर्शकों को आनंदित कर दिया।

कार्यक्रम के अंत में सांसद सुनील सिंह द्वारा राजकीय इटखोरी महोत्सव 2023 के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की पूरी टीम को बधाई दिया गया एवं सक्रिय भूमिका की सराहना की गयी। साथ हीं राजकीय इटखोरी महोत्सव का निरंतर कवरेज के लिए मीडिया का धन्यवाद दिया। महोत्सव के समापन में मैथिली ठाकुर, डॉ मृणालनी अखौरी, रोहन देव पाठक समेत कलाकारों को अतिथिओं ने सम्मानित किया। साथ ही मंदिर प्रबंधन के सदस्यों ने भी कलाकारों को माता के तस्वीर भेंट दी।

बीएसएफ के जवानों ने महोत्सव के समापन व अंतिम दिन कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जवानों ने देश भक्ति व भक्ति गीतों से समा बांधा। जवानों ने जब बार्डर फिल्म के गीत संदेशे आते है। मुझे तड़पाते है। देख एसपी राकेश रंजन ने अपने आप को रोक न सका और जवानों का हौशला अफजाई के लिए मंच पर पहुचें और एसपी जवानों के साथ संदेशे आते है। गीत गाये। गीत सुन मंत्री, सांसद, विधायक, जिप उपाध्यक्ष समेत अप्रतियाशीत भीड़ ने खूब तालियां बजायी। एसपी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### डॉ मृणालिनी अखौरी ने सबका मन मोहा

डॉ मृणालिनी अखौरी ने मां भद्रकाली को स्वरचित एक भजन समर्पित कर फिर गजलों की प्रस्तुति दी। इसमें किसी नजर को तेरा इंतजार आज भी है... निकलो ना बेनकाब जमाना खराब है... चांदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल और चिट्ठी आई है जैसी गजलें गाकर इटखोरी और चतरा की जनता का मन मोह लिया। डॉ मृणालिनी अखौरी के साथ तबले पर संजीव कुमार पाठक, ऑर्गन पर दीपक कुमार वैद्य, गिटार पर समित दास, ऑटो पैड पर अतनु चटर्जी ने साथ दिया। कार्यक्रम के समापन पर डॉक्टर नलिनी अखौरी को मां भद्रकाली की प्रतिमा सहित मोमेंटो और शॉल देकर चतरा डीसी और विधायक ने सम्मानित किया।


नेहरू युवा केन्द्र संगठन
(भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय की एक स्वायत्तशासी संस्था)
NEHRU YUVA KENDRA SANGATHAN
(An Autonomous Body under the Ministry of Youth Affairs & Sports, Govt. of India)
कार्यालय, जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र, हजारीबाग (झारखंड)
Office of the District Youth Officer, Nehru Yuva Kendra, HAZARIBAGH (Jharkhand)

भारत सरकार
युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग
राष्ट्रीय युवा कोर
राष्ट्रीय स्वयंसेवक के लिए आमंत्रण

भारत सरकार युवाओं को स्वयंसेवक समूहों में संगठित करके राष्ट्र निर्माण के लिए उनकी ऊर्जा एवं सामर्थ्य को सुदृढ़ करने में सहयोग करने हेतु युवाओं की सहभागिता करना चाहती है। आपको स्वास्थ्य, शिक्षा, सफाई, लिंगभेद अन्य सामाजिक विषयों पर आधारित अभियानों / जागरूकता कार्यक्रमों में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए और विविध कार्यक्रमों के कार्यान्वयन अथवा आपातकाल में आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन में सहयोग करने के लिए कहा जा सकता है।

1. योग्यता शिक्षा : न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण
2. आयु : दिनांक 01 अप्रैल 2023 को 18 से 29 वर्ष के बीच (नियमित छात्र, एनवाईसी, स्वयंसेवक के लिए आवेदन हेतु पात्र नहीं हैं)

मानदेय:
अधिकतम दो वर्षों के लिए, कुल मिलाकर रू. 5,000/- प्रतिमाह की दर से मानदेय दिया जाएगा। यह न तो कोई वेतन भोगी रोजगार है और न ही इससे स्वयंसेवक विधिक रूप से सरकार से किसी प्रकार के रोजगार का दावा करने का अधिकार नहीं होगा।

आवेदन कैसे करें:
विभाग की वेबसाईट देखें- nyks.nic.in पर योजना का विवरण, ऑनलाईन आवेदन प्रपत्र दिया गया है तथा अधोलिखित अधिकारी के पास 9 मार्च 2023 तिथि तक आवेदन करें।

कार्यालय- जिला युवा अधिकारी
नेहरू युवा केन्द्र, हजारीबाग
खेल छात्रावास, कर्जन ग्राउंड परिसर के समीप, बस स्टैंड के पास

ह./- (रूद्र शेखर)
जिला युवा अधिकारी
नेहरू युवा केंद्र, हजारीबाग
संपर्क सं. : 06546267162, 9199314118

पत्रांक : 7311/2022-23/274 दिनांक : 22.02.2023

# बाइडन का संदेश

यूक्रेन युद्ध के एक साल पूरे होने के कुछ दिनों पहले अचानक कीव पहुंचकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कई अहम संदेश दिये। इस यात्रा की पहले से घोषणा भले न हुई हो, लेकिन यह पूरी तरह सुनियोजित और सुविचारित थी। अमेरिकी राष्ट्रपति का इस तरह युद्ध क्षेत्र में पहुंचना, किसी भी सूरत में सामान्य नहीं माना जा सकता। निश्चित रूप से यह यूक्रेन को अमेरिकी समर्थन और सहायता जारी रखने का एक सशक्त संकेत है। यह ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका में इस बात पर राजनीतिक मतभेद बढ़ रहे हैं कि भविष्य में यूक्रेन को दी जाने वाली मदद कितनी और कैसी होनी चाहिए। खैर, बाइडन की यात्रा पूरी होते ही अमेरिकी विदेश मंत्री ने यूक्रेन को और 45 करोड़ डॉलर की सैन्य सहायता देने का एलान कर दिया। अमेरिका अब तक उसे 24.9 अरब डॉलर की सैन्य सहायता देने की घोषणा कर चुका है। दोनों तरफ की तैयारियों को देखते हुए यह बात पहले से कही जा रही थी कि एक साल पूरा होने के मौके पर युद्ध और तेज हो जायेगा रूसी हमलों में संभावित बढ़ोतरी के मद्देनजर यूक्रेन तो हथियार इकट्ठा करने में लगा ही हुआ था, यह भी कहा जा रहा था कि चीन इस युद्ध में रूस से अपनी दूरी कम करने का मन बना चुका है। अमेरिका का आरोप है कि चीन, रूस को हथियारों की सप्लाई करने जा रहा है। उसने इसे लेकर चीन को आगाह भी किया है, जिसके जवाब में चीन ने भी आक्रामक तेवर दिखाये हैं। वैसे, युद्ध के शुरू होने से पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चीन की यात्रा पर गये थे। तब दोनों देशों ने कहा था कि उनकी दोस्ती की कोई सीमा नहीं (नो लिमिट फ्रेंडशिप) है। अब जब युद्ध दूसरे साल की ओर बढ़ रहा है, तो कहा जा रहा है कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग रूस जा सकते हैं। उन्हें रूस से इसका न्योता मिला है। अगर ऐसा हुआ तो अमेरिका के साथ चीन-रूस की तल्खी और बढ़ेगी। इस बीच, पुतिन ने मंगलवार को एक संबोधन में कहा कि वह अमेरिका के साथ परमाणु अस्त्र नियंत्रण संधि को निलंबित करने जा रहे हैं, जो 2011 में लागू हुई थी। वैसे, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने पिछले महीने एक रिपोर्ट में दावा किया था कि रूस इस संधि का उल्लंघन कर रहा है। पुतिन ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि पश्चिमी देशों के उकसावे की वजह से युद्ध हुआ और वह यूक्रेन में सैन्य अभियान जारी रखेंगे। इस बीच, यूक्रेन युद्ध की कीमत खासतौर पर गरीब और विकासशील देश चुका रहे हैं, जिन्हें खाद्य संकट, फर्टिलाइजर की कमी और पेट्रोल-डीजल की महंगाई से जूझना पड़ रहा है। कई देश तो इसी वजह से जबरदस्त आर्थिक संकट में फंस गए हैं। इस संकट को खत्म करने के लिए शांति कायम होनी चाहिए।

**पुतिन ने मंगलवार को एक संबोधन में कहा कि वह अमेरिका के साथ परमाणु अस्त्र नियंत्रण संधि को निलंबित करने जा रहे हैं, जो 2011 में लागू हुई थी। वैसे, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने पिछले महीने एक रिपोर्ट में दावा किया था कि रूस इस संधि का उल्लंघन कर रहा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में 2023-2024 का बजट पेश किया है और बजट में प्रस्तावित प्रगति के मार्ग का विश्लेषण; पूर्वोत्तर के दृष्टिकोण के जरिये किया जाना चाहिए। अष्टलक्ष्मी राज्यों की 7 प्राथमिकताओं- समावेशी विकास, अंतिम व्यक्ति तक लाभ, अवसंरचना, निवेश क्षमता, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र में सुधारझ को सप्तऋषि की संज्ञा दी गयी है। निस्संदेह, पूर्वोत्तर राज्यों को इन प्राथमिकताओं से लाभ प्राप्त होगा।**

# पूर्वोत्तर के कार्य तेजी से और सबसे पहले करें! बजट 2023-24 की अंतर्दृष्टि



**जी किशन रेड्डी**




नौ साल पहले जनादेश मिलने के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने कर्म परमो धर्मः के दर्शन का अनुकरण किया, जो कठिन परिश्रम और ईमानदार इरादे के साथ कड़ी मेहनत करने से सम्बन्धित है। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमारे सामने कितनी कठिन चुनौतियां हैं, भारत को विश्व गुरु बनाने के सपने के लिए हम अपने मार्ग पर मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। पूरे देश ने पिछले 9 वर्षों में व्यापक परिवर्तन देखे हैं- उपेक्षा और संकट की छाया के बीच पूर्वोत्तर का उदय हुआ है और यह क्षेत्र भारत के विकास इंजन के रूप में उभरकर सामने आया है, जिसे अभूतपूर्व प्रयासों और अविश्वसनीय इच्छाशक्ति की एक प्रेरक कथा माना जा सकता है। परिणामस्वरूप, समग्र प्रगति और विकास के युग की शुरुआत हुई है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में 2023-2024 का बजट पेश किया है और बजट में प्रस्तावित प्रगति के मार्ग का विश्लेषण; पूर्वोत्तर के दृष्टिकोण के जरिये किया जाना चाहिए। अष्टलक्ष्मी राज्यों की 7 प्राथमिकताओं- समावेशी विकास, अंतिम व्यक्ति तक लाभ, अवसंरचना, निवेश क्षमता, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र में सुधारझ को सप्तऋषि की संज्ञा दी गयी है। निस्संदेह, पूर्वोत्तर राज्यों को इन प्राथमिकताओं से लाभ प्राप्त होगा।

**पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) के लिए 2023-24 के लिए बजट में 5,892.00 करोड़ आवंटित किये गये हैं।**

पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) के लिए 2023-24 के लिए बजट में 5,892.00 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं, जो 2022-23 के आरई आवंटन (2,755.05 करोड़ रुपये) से 114 प्रतिशत अधिक है। यह इरादे के अनुरूप कार्य का निर्विवाद और अकाट्य प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि इनमें से पूंजीगत परिसंपत्ति के निर्माण के लिए समर्पित पूंजीगत व्यय के रूप में 4,093.25 करोड़ रुपये (92 प्रतिशत) का प्रावधान किया गया है।

इसके अतिरिक्त, 2014 से, 54 केंद्रीय मंत्रालयों के बजट आवंटन में भी भारी वृद्धि हुई है तथा मंत्रालयों के लिए कार्यादेश है कि वे अपने सकल बजटीय समर्थन का 10 प्रतिशत पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए समर्पित करें। यह अब बढ़ कर 94,679.53 करोड़ रुपये हो गया है, जो 2022-23 के आवंटन से लगभग 30 प्रतिशत अधिक है। पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए पिछले कुछ वर्षों के वित्तीय प्रोत्साहन को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि 2023-24 में 10 प्रतिशत जीबीएस का प्रावधान; 2014-15 के वास्तविक व्यय, जो लगभग 24,819.18 करोड़ था, की तुलना में लगभग 281 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। इस वित्तीय वर्ष के अंत तक पूर्वोत्तर क्षेत्र में लगभग 5 लाख करोड़ रुपये खर्च किये जा चुके होंगे और यह प्रधानमंत्री के पूर्वोत्तर क्षेत्र को दक्षिण पूर्व एशिया के प्रवेश द्वार के रूप में विकसित करने के दृष्टिकोण की पुष्टि है तथा हमारी एक्ट ईस्ट नीति के अनुरूप भी है।

जमीनी स्तर पर अधिकतम प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए डोनर को लक्षित पैकेज और योजनाओं के साथ राजकोषीय समर्थन प्रदान किया गया है। उदाहरण के तौर पर, पूर्वोत्तर के लिए नयी प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) योजना के तहत 6,600 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं, जिसका उद्देश्य युवाओं और महिलाओं के लिए आजीविका के अवसरों का सृजन करते हुए, पूर्वोत्तर राज्यों में बड़े पैमाने की परियोजनाओं के साथ अवसंरचना-विकास को पुनः सशक्त करना है।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को समर्थन या जनजातीय समूहों के विकास और उत्थान के लिए प्रधानमंत्री पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) कार्यक्रम जैसी पहल के माध्यम से हमारी जड़ों को मजबूत करने और विकास के अंतिम सिरे पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने पर बजट का विशेष ध्यान; महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों की क्षमता को भी बढ़ावा देगा।

पूर्वोत्तर का कृषि-बागवानी क्षेत्र संभावनाओं से भरपूर है और बजट में इसके उपयोग के लिए कई अवसर मौजूद हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र को सफलता के उदाहरण के रूप में पेश किया जा सकता है और प्राकृतिक खेती के तहत 1 करोड़ किसानों को लाने का लक्ष्य हासिल करने की बात देश को प्रेरित कर सकती है। इसी तरह, कृषि-त्वरक कोष इस क्षेत्र में स्टार्टअप्स की मौजूदा क्षमता को बढ़ावा देगा। इसके साथ ही, कौशल विकास, पर्यटन क्षमता के विकास, डिजिटलीकरण, सतत विकास पर जोर और हरित कार्यक्रम पर हमारा विशेष ध्यान; पूर्वोत्तर क्षेत्र के सतत विकास की दिशा में भारत सरकार द्वारा किए जा रहे मौजूदा प्रयासों का पूरक है।

सुरक्षा और शांति इस क्षेत्र की एक प्रमुख चुनौती थी, लेकिन सरकार के निरंतर प्रयासों और राज्यों के घनिष्ठ सहयोग से, पूर्वोत्तर आज शांति और स्थिरता के एक अभूतपूर्व युग में प्रवेश कर गया है। 2014 के बाद से, इस क्षेत्र में उग्रवाद की घटनाओं में 74 प्रतिशत की कमी आयी है और 8,000 से अधिक युवा आत्मसमर्पण करने के बाद उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं। इसी तरह, परिवहन व दूरसंचार संपर्क का विकास किसी क्रांति से कम नहीं है। 2014 से पहले सिर्फ असम ही रेलवे से जुड़ा था। अब अगरतला और ईटानगर को भी जोड़ दिया गया है तथा अन्य राजधानियों को भी जल्द ही रेल-सुविधा प्राप्त होगी। हमारे राष्ट्रीय राजमार्गों के माध्यम से पूर्वोत्तर में निर्बाध सड़क संपर्क सुनिश्चित करने के लिए सरकार 1.6 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रही है। हवाई संपर्क के संदर्भ में, पांच पूर्वोत्तर राज्यों- मिजोरम, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंडझ से आजादी के बाद पहली बार हवाई उड़ानें भरीं गयीं। 2014 में इस क्षेत्र में सिर्फ 9 हवाई अड्डे थे, अब इस क्षेत्र में हवाई अड्डों की संख्या लगभग दोगुनी होकर 17 हो गयी है, जिनमें ईटानगर का डोनी पोलो नवीनतम हवाई अड्डा है। भारत सरकार ने 2023 के अंत तक क्षेत्र में पूर्ण दूरसंचार संपर्क की सुविधा प्रदान करने के लिए 500 दिनों का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिससे दूरसंचार संपर्क में भी व्यापक विस्तार देखा जा रहा है।

अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण पहल है- 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना के साथ लोगों के बीच आपसी संपर्क स्थापित करना और भावनात्मक जुड़ाव को गहरा करना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, पूर्वोत्तर का शेष भारत के साथ सांस्कृतिक और भावनात्मक एकीकरण तथा पराया होने की भावना को दूर करना सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। युवाओं में सांस्कृतिक जुड़ाव मजबूत करने के लिए अब 'युवा संगम' के तहत युवा सांस्कृतिक आदान-प्रदान यात्राएं आयोजित की जायेंगी। लोगों तक पहुंचने, उनसे बातचीत करने, योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी करने और मुद्दों को तत्काल हल करने के लिए कम से कम 16 केंद्रीय मंत्री हर महीने पूर्वोत्तर का दौरा करते हैं। हाल की उत्तर-पूर्व परिषद के स्वर्ण जयंती समारोह में प्रधानमंत्री का आह्वान, पूर्वोत्तर के कार्य तेजी से करें और सबसे पहले करें ('एक्ट फास्ट फॉर नॉर्थ ईस्ट, एक्ट फर्स्ट फॉर नॉर्थ ईस्ट') ही पूर्वोत्तर क्षेत्र की आगे बढ़ने की यात्रा का मूलमंत्र है। अब पीछे मुड़कर नहीं देखना है। बहानों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा, क्योंकि वे दिन अब बीत चुके हैं। पूर्वोत्तर के विकास के लिए कदम मजबूती से उठाये जा चुके हैं!

**(लेखक : भारत सरकार में पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास, पर्यटन और संस्कृति मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# साकची में मां महालक्ष्मी की 11 हजार फूलों से हुई पूजा-अर्चना

**महिलाओं ने रानी सती दादी को लगायी मेहंदी**

**दादी के भजनों से गूंजा महालक्ष्मी मंदिर परिसर**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** साकची ठाकुरबाड़ी रोड स्थित महालक्ष्मी, राणीसती दादी एवं अंजनी माता मंदिर के तृतीय वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन, बुधवार को मां महालक्ष्मी का पूजन हुआ, जिसमें मां लक्ष्मी की ग्यारह हजार फूलों से अर्चना की गयी। बताते चलें कि साकची सत्यनारायण मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी ट्रस्ट की ओर से महालक्ष्मी, राणी सती दादी व अंजनी माता मंदिर के तृतीय वार्षिकोत्सव का धूमधाम से आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को प्रातः नौ बजे से मां महालक्ष्मी की पूजा शुरू की गयी, जिसमें उनकी 11 हजार फूलों से अर्चना की गयी। इस दौरान पूरे मंदिर का माहौल भक्तिमय रहा। इस आयोजन के निमित्त तीनों देवियों की विशेष पूजा एवं आलौकिक श्रृंगार, अखंड ज्योत, छप्पन भोग एवं महा मंगल पाठ का विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

वार्षिकोत्सव की पूर्व संध्या पर बुधवार शाम सत्यनारायण मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी ट्रस्ट से जुड़े परिवारों की महिलाओं ने राणीसती दादी के हाथ और पांव में मेंहदी लगायी। मौके पर स्थानीय भजन गायक सोनू शर्मा ने ह्यमेहंदी मंडवा ले म्हारी दादी थारा टाबर लाया रे.., दादी के हाथा में रचावा मेहंदी राचीनी..., धोए-धोए आंगणा में आवो म्हारी दादीजी..., म्हारी दादी के दरबार मची रे होली... जैसे भजनों का महिलाओं ने खूब आनंद उठाया। शकुन-सुमन अर्ग्रवाल, खूशबू-अंकित अग्रवाल, ललिता-उमेश चौधरी, सुमन-मनोज अग्रवाल, रुचि-रोहित जैन ने सपत्नीक पूजा-अर्चना की।

### आज महामंगल पाठ का आयोजन

समारोह के अंतिम दिन, गुरुवार को झुंझुनू वाली रानी सती दादी का प्रातः 10 बजे से पूजन होगा> दोपहर 12:30 बजे से ज्योति दर्शन, दोपहर 02:30 बजे से महामंगल पाठ होगा। मंगलपाठ के लिए कोलकाता से सौरव मधुकर एंड टीम को शहर वासियों के विशेष आग्रह पर आमंत्रित किया गया है। मुख्य रूप से कमल अग्रवाल, प्रमोद भालोटिया, राजकुमार चंदुका, आरके चौधरी, सुरेश कांवटिया, अमित अग्रवाल, अंकित मोदी, सुमित अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, सन्नी संघी, अंकित अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, सुरेश खेमका, नरेश संघी, ओमप्रकाश अग्रवाल, प्रमोद जालुका, मनोज अग्रवाल, सतीश शर्मा, विष्णु धानुका, ओमप्रकाश रिंगसिया, सांवरमल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# सबर महिलाओं को आय सृजन का मिला प्रशिक्षण

**पटमदा (आजाद सिपाही)।** झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसायटी के द्वारा बोड़ाम के सामुदायिक भवन पगदा में महिला लाभुकों के लिए एक दिवसीय आत्मविश्वास वृद्धि प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को टीएचपी योजना में महिला जागृति समिति द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में जेटीडीएस पूर्वी सिंहभूम केडीपीएम रुस्तम अंसारी, प्लानिंग मॉनिटरिंग ऑफिसर दिलीप कुमार सिंह, महिला जागृति समिति टीएचपी योजना के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार पटेल,जिला समन्वयक बालिका माहतो शामिल हुए। उन सभी के द्वारा पीवीटीजी परिवार की महिला लाभुकों को आय वृद्धि विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर महिलाओं को नशा पान से दूर रहने का सुझाव दिया गया। मौके पर एलआरपी रवि पहाड़िया, पंकज पहाड़िया व ग्राम प्रधान सहित अन्य शामिल रहे।



## जमशेदपुर पुलिस बनी हाइटेक

# कई स्थानों पर क्यूआर स्कैनिंग सिस्टम लगाया




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की पुलिस हाइटेक व्यवस्था के जरिये गश्ती कर रही है। जमशेदपुर के एसएसपी प्रभात कुमार ने इसको लेकर नयी व्यवस्था को लागू की गयी है। इसकी व्यवस्था कई थाना में शुरू कर दी गयी है। इसके तहत कंपोजिट कंट्रोल रुम (सीसीआर) में क्यूआर कोड स्कैनिंग सिस्टम लागू की गयी है, जिसके तहत गश्ती करने वाले पुलिसवालों को क्यूआर कोड स्कैन करना होगा। एटीएम से लेकर बैंक के बाहर यह क्यूआर कोड लगाया गया है। इसको स्कैन कर लेने से पुलिस के सीसीआर को मालूम चल जायेगा कि पुलिस की गश्ती वहां पहुंची थी। ऐसे करीब 1500 से अधिक बीट प्वाइंट से क्यूआर कोड लगाया गया है। साकची में 27 और बिष्टुपुर में 30 क्यूआर कोड लगाया गया है। इसके अलावा भी कई प्वाइंट पर भी स्कैनिंग का सिस्टम लागू की गयी है। कई बार यह शिकायत मिली है कि पुलिस की टीम गश्ती के लिए नहीं पहुंचती है। इसकी मोनिटरिंग के लिए यह नयी सिस्टम को लागू कर दिया गया है।

# श्रीराम कथा का पहला दिन : गुरु महिमा और श्रीराम कथा से मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

**पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने व्यास पीठ का किया पूजन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** श्रीराम मंदिर के स्थापना के तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। कथा प्रारंभ से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंदिर कमेटी के मुख्य संरक्षक सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, भाजपा प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने कथा व्यास पीठ एवं व्यास का विधिवत पूजन किया। पूजन के पश्चात श्री अयोध्याधाम से पधारे मर्मज्ञ कथा वाचिका पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी का स्वागत किया गया। पंडित गौरांगी गौरी ने श्रीराम कथा के प्रथम दिन श्रीराम कथा महिमा एवं गुरु महिमा का वर्णन किया। कथा में 7 सदस्यीय संगीत मंडली ने मधुर व मनमोहक भजन प्रस्तुत की। पंडित गौरांगी गौरी जी ने श्रीराम कथा महिमा एवं गुरु महिमा की कथा सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मौके पर पंडित गौरांगी गौरी जी ने कहा श्री राम कण-कण में रमण करने वाली शक्ति है। श्री राम की कथा श्रवण करने से इंसान भवसागर से पार हो जाता है। इसकी महिमा जितनी कही जाए, कम ही है। जो भगवान की कथा को श्रवण कर अपने जीवन में चरितार्थ करते हैं उसका जीवन धन्य हो जाता है। उन्होंने कहा भगवान जगत गुरू हैं, मनुष्य के जीवन में किसी न किसी गुरू की आवश्यकता रहती है। मनुष्य का जीवन बिना गुरू के अधूरा माना जाता है। गुरू के बिना ज्ञान नहीं मिलता और बिना ज्ञान के ईश्वर की प्राप्ति नहीं होती। मौके पर संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, नीरज सिंह, बिनोद राय, अमरजीत सिंह राजा, संतोष यादव, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, महामंत्री अखिलेश चौधरी, रूबी झा, कृष्ण मोहन सिंह, बंटी अग्रवाल, कंचन दत्ता, अधेन्दू बनर्जी, लक्ष्मीकांत सिंह, प्रेम झा, प्रमोद मिश्रा, गुंजन यादव, दिनेश कुमार, कुलवंत सिंह बंटी, खेमलाल चौधरी, बबुआ सिंह, गुरुदेव सिंह राजा, कमलेश साहू, महेंद्र यादव, मंजीत सिंह, अभिमन्यु सिंह चौहान, कुमार अभिषेक, संतोष कुमार, राकेश राय, सुशील पांडेय, अमित उपाध्याय, निकेत सिंह, प्रेमचन्द भगत, धनेश्वर सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

# विभिन्न दलों से दर्जनों युवाओं ने थामा केकेसी व कांग्रेस का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** कांग्रेस पार्टी को देश भर में मजबूत करने के लिए राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की थी। भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश के हजारों हजार लोगों ने राहुल गांधी के समर्थन में खड़े उतरे। अब एक बार फिर से हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। उधर झारखंड में भी कांग्रेस पार्टी के आलाकामान के निर्देश पर पूर्वी सिंहभूम जिले में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे और कार्यकारणी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर के नेतृत्व में कार्यकर्ता बूथ कमिटी को मजबूत करने में जुटे है। पार्टी कार्यकर्ता सीधे जनता से जुड़े समस्याओं को लेकर लगातार समाधान के प्रयास में लगे है। वही झारखंड प्रदेश असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडे ने झारखंड प्रदेश संगठन सचिव राकेश गुप्ता के नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने के प्रयास में जुटने लगे है। बुधवार को बमामाईंस ईस्टप्लांट बस्ती में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया। मौके पर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस के सचिव राजा सिंह राजपूत उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने राजा सिंह को गुलदस्ता देकर मंच में स्वागत किया। मौके पर राजा सिंह ने कहा प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडेय इंटक एवं कांग्रेस के अधिवेशन से लौटने के बाद जमशेदपुर में हाथ से हाथ जोडो अभियान चलाया जाएगा। राजा सिंह ने कहा 2024 में तख्तापलट होने जा रहा है। पूर्वी सिंहभूम जिला में भाजपा की बुरी तरह हार होने वाली है। सभी वर्ग के जनता का कांग्रेस पार्टी पर आशा और उम्मीद है। संगठन सचिव राकेश गुप्ता ने कहा हमे हर हाल में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना है। 2024 में जमशेदपुर का सांसद कांग्रेस से होगा। वही सदस्यता लेने वालो में अमित सिंह, अजीत सिंह, अंकित कुमार, प्रिंस कुमार, राज सिंह, सोनू आलम, विकाश पांडे, विनीत कुमार, गौरव कुमार, अवनीश प्रसाद, मोनू कुमार, ऋतिक कुमार सहित शामिल रहे।

# नितिन गडकरी से मिले मंत्री मिथिलेश, अचला कब्रिस्तान की समस्या से कराया अवगत



### राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री ने दिया समस्या के निदान का आश्वासन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र अचला गांव में बाईपास निर्माण में पड़ रहे कब्रिस्तान के मामले की समस्या से केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी को अवगत कराया। इस मामले में केंद्रीय मंत्री ने जल्द ही समस्या के निराकारण का आश्वासन दिया है। मंत्री श्री गडकरी ने तत्काल विभागीय पदाधिकारियों को वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर समस्या का निदान करने का निर्देश दिया है।

मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि उन्होंने पूर्व में भी केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष को पत्राचार कर इस समस्या से अवगत कराते हुए निदान कराने का आग्रह किया था परंतु उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे अपनी पूरी क्षमता लगाकर इस समस्या का निराकरण कराने के लिए प्रयासरत हैं। पूरी उम्मीद है कि जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा। इसके लिए बेहतर वैकल्पिक व्यवस्था बनने की पूरी उम्मीद है। अचला वासियों को इसके लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। सभी लोग धैर्य बनाये रखें। वे इसके लिए लगातार प्रयासरत हैं। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में मंत्री श्री ठाकुर सहित मदनी खान, सिराज अहमद एवं जावेद अली अंसारी मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** उपायुक्त ने मुसहर जाति के लोगों को भूमि पट्टा से संबंधित कागजात सौंपे

# मुसहर परिवारों के आवास निर्माण का भूमि पूजन के साथ नींव का काम शुरू

### धर्मडीहा ग्राम के 17 मुसहर परिवारों को 3-3 डिसमिल भूमि का पट्टा उपलब्ध कराकर अंबेडकर आवास योजना से किया गया है लाभान्वित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** उपायुक्त रमेश घोलप ने सदर प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत अंतर्गत धर्मडीहा ग्राम के मुसहर परिवारों के बीच उपलब्ध कराए गए भूमि पट्टा पर स्वीकृत आवास के तहत आवास निर्माण हेतु भूमि पूजन एवं नींव खुदाई का कार्य किया गया। उक्त गांव के कुल 17 मुसहर परिवारों को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत लाभान्वित किया गया है एवं सभी को 3-3 डिसमिल भूमि पट्टा प्रदान किए गए हैं।

मुसहर परिवारों को पुनर्स्थापित करने हेतु भूमि पट्टा, आवास निर्माण, पशु शेड आदि मुहैया कराया गया है। साथ ही 17 मुसहर परिवारों के कुल 77 सदस्यों का आधार कार्ड, राशन, पेंशन, कास्ट सर्टिफिकेट आदि बनवाते हुए सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया गया है। उक्त लोगों के बीच धोती-साड़ी, कंबल खाद्यान्न एवं श्रम कार्ड वितरित किए गए हैं।

इस दौरान उपायुक्त श्री घोलप द्वारा लोगों को भूमि पट्टा से संबंधित आवश्यक कागजात दिए गए। लोगों के आवासन को आसान बनाने हेतु पेयजल की व्यवस्था करने के लिए तत्काल कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, गढ़वा को उक्त स्थान पर चापाकल की व्यवस्था करने हेतु निदेशित किया गया। साथ लोगों को आश्वस्त किया गया कि अगले 2 से 3 महीने में पेयजल के साथ-साथ सड़क, बिजली आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित कर दी जाएगी। कुल 13 मुसहर परिवार के बच्चों का स्कूल में नामांकन कराया गया है एवं सभी के बीच स्कूल किट वितरित किए गए हैं।

उपायुक्त श्री घोलप द्वारा उपस्थित सभी मुसहर परिवारों से अपनी-अपनी जमीन पर आवास निर्माण कराने के फलस्वरुप नियमित रूप से निवास करने की अपील की है एवं स्कूल में नामांकित अपने बच्चों को पढ़ाने की बात कही।

मौके पर उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद कुमार झा, अंचल अधिकारी कुमार, मयंक भूषण, जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश कुमार मुरमू, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं कल्याणपुर पंचायत के मुखिया अशोक कुमार तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

## कसौधन वैश्य समाज के सदस्यों ने किया रक्तदान



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कसौधन वैश्य समाज गढ़वा के सचिव संतोष कश्यप एवं युवा टीम के मीडिया प्रभारी राहुल कश्यप के जन्मदिन के अवसर पर समाज के उपसचिव विवेक कश्यप एवं महिला मंच की अध्यक्ष शोभा कश्यप ने अपने पति के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान किया। संतोष कश्यप एवं राहुल कश्यप को समाज के द्वारा जन्मदिन की बधाई दी गयी एवं अध्यक्ष उमेश कश्यप के द्वारा कहा गया कि रक्तदान के क्षेत्र में महिलाएं भी रक्तदान कर-के मिसाल कायम कर रही हैं, जो कि कसौधन वैश्य समाज के लिए गर्व की बात है। महिला मंच की अध्यक्ष शोभा कश्यप के द्वारा कहा गया कि महिला मंच के बैनर तले मेगा रक्तदान कैंप लगाया जाएगा। महिलाएं भी बढ़-चढ़कर रक्तदान करेंगे और लोगों का जीवन बचाने का कार्य किया जाएगा। मौके पर समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप, सचिव संतोष कश्यप उप सचिव विवेक कश्यप संगठन मंत्री सुनील कश्यप सदस्य मनोज कश्यप युवा टीम के मीडिया प्रभारी राहुल कश्यप महिला मंच के संरक्षक राम दुलारी देवी अध्यक्ष शोभा कश्यप सचिव अर्चना कश्यप उपाध्यक्ष कंचन कश्यप कोषाध्यक्ष ममता कश्यप सदस्य अनुराधा कश्यप उपस्थित थे।

## एएनएम की टीम ने फाइलेरिया की दवा खिलायी

**रंका (आजाद सिपाही)।** 25 फरवरी 2023 तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत गढ़वा सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह के निर्देश पर रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद के नेतृत्व में तथा बीपीएम सुधीर कुमार की देखरेख में रंका पहुंची एएनएम की टीम के द्वारा रंका अनुमंडल कार्यालय, रंका थाना कार्यालय, प्रखंड कार्यालय, वन विभाग कार्यालय, जेएसएलपीएस कार्यालय, समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय, ग्राहक सेवा केंद्र, बैंक परिसर सहित शिक्षण संस्थानों में जाकर अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया की दवा एलबेंडाजोल खिलायी। टीम में एएनएम साबित्री देवी, रूबी कुमारी एवं स्वयंसेवक समाजसेवी अमरेंद्र कुमार शामिल थे।

राँची समाहरणालय, राँची
(कल्याण शाखा)

सूचना

राँची जिलान्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में उपस्कर, वर्तन, आदि सामग्रियों की आपूर्ति हेतु दिनांक–24.02.2023 के अपराह्न 2.00 बजे तक जिला कल्याण कार्यालय, राँची में निविदा संख्या– PR290610 Welfare (22-23) D द्वारा निविदा आमंत्रित किये गये थे, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

परियोजना निदेशक,
समेकित जनजाति विकास अभिकरण,राँची

PR 290994 Welfare(22-23).D

## बाल विकास परियोजना ने आंगनबाड़ी केंद्रों में आशनी प्रतियोगिता का किया आयोजन



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** बाल विकास परियोजना श्री बंशीधर नगर के द्वारा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में आशनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों को बैठने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। इसलिए आंगनबाड़ी केंद्रों को मिलने वाले पोषाहार के बोरा में कलाकारी कर उसमें नो कोस्ट नो मैटेरियल कर तैयार किया गया है। इस संबंध में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रीना साहू ने कहा कि पोषाहार वाले बोरा में कलाकारी कर इसे बैठने युक्त बनाने की प्रतियोगिता करायी गयी थी। जिसे आज सेक्टर 117 नरखोरिया खुर्द, 229 रक्शा टिकर, 310 मध्य विद्यालय चेचरिया, 626 नकटी टोला बुलका, 722 रजवार टोला विशुनपुरा विजेता घोषित किये गए हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों को पढ़ने में रुचि आयेगी। बच्चे को शिक्षित करने के प्रति हम सभी को संकल्प लेना चाहिए।

## कार-टेंपो की टक्कर में आधा दर्जन लोग घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला सदर प्रखंड के कल्याणपुर गांव के समीप कोटवाही अहरा के पास कार और टेंपो की जोरदार टक्कर होने से टैंपू में सवार करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायल सभी को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां इलाज चल रहा है। घायलों में चामा गांव निवासी सुग्रीव राम के 35 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र कुमार रवि, दिनेश कुमार, कंचन कुमार, नूर मोहम्मद अंसारी, कृष्णा सिंह, बालेश्वर सिंह के पुत्र ललन सिंह के नाम शामिल हैं। घायल सत्येंद्र कुमार रवि ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सभी टेंपो पर सवार होकर गढ़वा से सेटरिंग में मजदूरी का काम कर शाम को अपने घर मेराल थाना क्षेत्र के चामा गांव जा रहे थे। तभी कल्याणपुर गांव पार होते ही चीनिया की ओर से आ रही तेज रफ्तार जेएच09जे 4812 कार टेंपो के पिछले हिस्से में धक्का मार दिया। इस दौरान टेंपो के अनियंत्रित होने के कारण टेंपो में सवार सभी लोग पूरी तरह से चोट लगने से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घटना के बाद तुरंत ही वहां से उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां हम लोगों का इलाज चल रहा है।

## आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं ने समाहरणालय के समक्ष दिया धरना

### बिना गंभीरता से जांच कराये ही सेविका को जेल भेजा जाना घोर अन्याय है : सूरज गुप्ता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन की ओर से बुधवार को गढ़वा समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना के माध्यम से सेविका-सहायिकाओं ने अपनी समस्याओं को रखा। इसमें मेराल प्रखंड के लोरा गांव की सेविका पार्वती देवी का चयनमुक्त वापस लेने, गढ़वा, धुरकी व मझिआंव परियोजना का साल 2018-19 का बकाया पोषाहार की राशि वापस करने आदि की मांग की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कौशल्या देवी ने की।

मौके पर भाजपा नेता सूरज गुप्ता ने कहा कि वर्तमान सरकार में अधिकतर अधिकारी बेलगाम हो गये हैं। बिना गंभीरता से जांच कराये ही सेविका को जेल भेजा जाना घोर अन्याय है। उन्होंने कहा कि सेविका-सहायिका की मेहनत की तुलना मानदेय से नहीं की जा सकती है। उनका मानदेय बढ़ाने की मांग भीख नहीं बल्कि उनका वाजिब हक है। यह हर हाल में उन्हें मिलनी चाहिए। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बालमुकूंद सिन्हा ने कहा कि सेविका पार्वती देवी को गलत तरीके से फंसाकर जेल भेजा गया है। जबकि उसने अपना स्पष्टीकरण विभाग को दे दिया था। लेकिन जिले के पदाधिकारी बिना सभी तथ्य को जाने उसे चयनमुक्त कर दिये हैं और उसे जेल भी भेज दिये हैं। प्रदेश अध्यक्ष वीणा सिन्हा ने कहा कि पोषण ट्रैकर अपलोड कराने के लिये अच्छी कंपनी का मोबाईल उपलब्ध कराया जाये, जब तक अच्छी कंपनी का मोबाईल उपलब्ध नहीं होगा, तब तक पहले की तरह ही वे सभी पेपर पर ही काम करेंगी।

धरना को प्रदेश संयोजक रामचंद्र पासवान, जिला संयोजक इम्तेयाज खान, रंका अनुमंडल अध्यक्ष जमीला खातून, बबीता देवी, प्रभा देवी, वृंदा देवी, कलावती देवी, रंजीता पांडेय, गायत्री देवी, कुमकुम देवी आदि ने भी विचार रखे। धरना के बाद डीसी के नाम पत्र उनकी गैरमौजूदगी में डीडीसी को सौंपा गया।

## हृदयाघात से बचने के लिए मोटापा, रक्तचाप एवं शुगर पर रखें नियंत्रण : डॉ वर्मा

### चौधरी जेनरल हॉस्पिटल, गढ़वा में 40 मरीजों को दिया गया परामर्श

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** चौधरी जेनरल हॉस्पिटल, गढ़वा में डॉ पीके वर्मा ने 40 मरीजों को परामर्श दिया। जिसमें अधिकतर मरीज हृदय, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, नस रोग से संबंधित थे।

डॉ वर्मा ने कहा कि स्वस्थ आहार, पर्याप्त नींद, एक्सरसाइज और स्वस्थ जीवन अपनाने के साथ सिगरेट-शराब छोड़कर आप रक्तचाप को नियंत्रण में रख सकते हैं। ताजे फल और सब्जियां खूब खायें। डैश डाइट प्लान रक्तचाप को कम करने के लिए लाभदायक साबित होता है। वजन कंट्रोल में रखें। अदिध वजन या मोटापा होने के कारण ब्लड प्रेशर बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। शारीरिक रूप से सक्रिय रहें। शारीरिक गतिविधि अपको स्वस्थ, वजन ठीक रखने और रक्तचाप को कम करने में मदद करते हैं। ब्लड प्रेशर सालों तक बिना किसी लक्षण के बढ़ता रह सकता है। इसलिए इस बीमारी को अक्सर साइलेंट किलर कहा जाता है। इसलिए महीना में रूटीन चेकअप करवाते रहने की जरूरत है। हॉस्पिटल निदेशक डॉ जुली कुमारी ने कहा कि हमारे हॉस्पिटल में प्रत्येक रविवार को निःशुल्क मरीज देखे जाते हैं और साथ ही रूटीन चेकअप जैसे ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, वजन, तापमान आदि का प्रतिदिन निःशुल्क जांच की सुविधा है, जिसे आप हेल्थ रिकॉर्ड बनाकर रख सकते हैं।

मौके पर हॉस्पिटल संस्थापक डॉ कुलदेव चौधरी, डॉ केपी प्रमोद, एएनएम पूनम कुमारी, एएनएम संजू कुमारी, लैब टेक्नीशियन पंकज गुप्ता, सहायक बिस्मिला अंसारी, फैयाज अंसारी, संजय धर दुबे, शिवकुमार दुदुन, अफजल अंसारी आदि उपस्थित थे।

कार्यालय : नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर
email-npnagaruntari@gmail.com

आवश्यक-सूचना

एतद् द्वारा नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर अन्तर्गत वर्ष 2015–16 से 2018–19 तक स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के चतुर्थ घटक के तहत स्वीकृत आवास के निम्न लाभुकों द्वारा विभिन्न किस्तों की राशि प्राप्त कर अब तक आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ / पूर्ण नहीं किया गया है, जो अत्यन्त ही खेद का विषय है।

इस कार्यालय द्वारा आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ / पूर्ण करने हेतु आपको कई नोटिस दिया गया है फिर भी आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ / पूर्ण नहीं किया गया है, जिससे ऐसा प्रतित होता है कि आप आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु इच्छुक नही है, इस कारण सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना को ससमय पूर्ण कराने में कठिनाई हो रही है।

| क्र0सं0 | लाभुक का नाम | पिता / पति का नाम | वार्ड सं0 | डी0पी0आर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | तसलीमा बीबी | रहमतुल्लाह खान | 1 | 382 |
| 2 | दिलसवा बीबी | सैनुल्लाह खान | 1 | 1375 |
| 3 | कसीदा बीबी | रेयाज खान | 1 | 1375 |
| 4 | पुष्पारानी देवी | बिहारी साव | 2 | 1375 |
| 5 | रेहाना बीबी | मरूफ डफाली | 2 | 1375 |
| 6 | अनीशा बीबी | करार अंसारी | 2 | 269 |
| 7 | बब्लू प्रसाद | शिव प्रसाद | 4 | 1375 |
| 8 | रिमा देवी | पिन्टु पासवान | 4 | 1375 |
| 9 | पानपती देवी | विजय उरॉव | 5 | 382 |
| 10 | सुमित्री देवी | इन्द्रदेव उरॉव | 5 | 382 |
| 11 | रेशमी देवी | छोटू उरॉव | 5 | 1375 |
| 12 | कमला देवी | अनील विश्वकर्मा | 6 | 50 |
| 13 | कान्ती देवी | राजेश्वर महतो | 6 | 50 |
| 14 | कुमारी रीता | रजनीकान्त कुशवाहा | 6 | 50 |
| 15 | रम्भा देवी | बसंत उरॉव | 6 | 382 |
| 16 | रीता देवी | मदन उरॉव | 6 | 382 |
| 17 | चन्दा देवी | भोला राम | 7 | 382 |
| 18 | जुगती देवी | बसंत राम | 7 | 382 |
| 19 | कुमारी चंचला | चंदन कुमार पासवान | 7 | 382 |
| 20 | रीता देवी | ललीत राम | 7 | 382 |
| 21 | अमरावती देवी | पृथ्वीनाथ तिवारी | 7 | 1375 |
| 22 | बिमला देवी | प्रगास राम | 7 | 1375 |
| 23 | बिन्दा देवी | सुनिल राम | 7 | 1375 |
| 24 | गायत्री देवी | उमेश पासवान | 7 | 1375 |
| 25 | प्रमीला देवी | सुदर्शन राम | 7 | 1375 |
| 26 | रिम्पु देवी | लिलेश पासवान | 7 | 1375 |
| 27 | रिना देवी | श्रवण कुमार | 7 | 1375 |
| 28 | शिवकुमारी देवी | बलराम तिवारी | 7 | 1375 |
| 29 | सीता देवी | विजय राम | 7 | 1375 |
| 30 | सुशीला देवी | महेन्द्र राम | 7 | 1375 |
| 31 | हीरमनीया देवी | कामेश्वर पासवान | 7 | 269 |
| 32 | राजमुनी देवी | ब्रजेश कुशवाहा | 7 | 269 |
| 33 | सुषमा देवी | सनकुमार दुबे | 7 | 1375 |
| 34 | आशा देवी | बब्लू प्रसाद | 9 | 269 |
| 35 | गोविन्द कुमार | कन्हाई प्रसाद | 9 | 1375 |
| 36 | विपीन कुमार | गोविन्द शर्मा | 9 | 1375 |
| 37 | अफसाना प्रवीण | मंसूर आलम | 10 | 1375 |
| 38 | मीरा देवी | उपेन्द्र प्रसाद | 10 | 1375 |
| 39 | पुनम देवी | रविन्द्र कुमार पाल | 10 | 1375 |
| 40 | संजु देवी | शुकुल बैठा | 10 | 1375 |
| 41 | सरीता देवी | सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता | 10 | 1375 |
| 42 | सविता कुँवर | स्व0 सत्येन्द्र पाल | 10 | 1375 |
| 43 | उमेन्द्र कुमार पाल | सुशील कुमार पाल | 10 | 1375 |
| 44 | शिला देवी | ललन पाल | 10 | 269 |
| 45 | मालती देवी | रामधारी राम | 10 | 1375 |
| 46 | रूही निशा | मोबीन खलीफा | 12 | 1375 |
| 47 | ललीता देवी | नागेन्द्र राम | 13 | 382 |
| 48 | मीना देवी | रामप्रवेश प्रसाद | 13 | 269 |
| 49 | कान्ती देवी | खुबलाल मेहता | 14 | 1375 |
| 50 | राधिका देवी | रमेश सेठ | 14 | 1375 |
| 51 | रेखा देवी | प्रदीप सेठ | 14 | 1375 |
| 52 | विनोद कुमार देव | मंदीप नारायण देव | 15 | 1375 |
| 53 | सुमित्रा देवी | किसुन राम | 16 | 1375 |
| 54 | बेबी चौबे | राजकुमार चौबे | 17 | 269 |

अतः उपरोक्त वर्णित सभी लाभुकों को निदेश दिया जाता है कि दिनांक 03.03.2023 को 11 बजे अपराह्न / पूर्वाह्न में अनुमण्डल पदाधिकारी–सह–कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के समक्ष अनुमण्डल कार्यालय, श्री बंशीधर नगर में स्वंय उपस्थित होकर आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ / पूर्ण करने के संबंध में अपना लिखित रूप से पक्ष रखें।

उक्त निर्धारित तिथि को अनुपस्थिति की स्थिति में एकतरफा निर्णय लेकर आपके विरूद्ध सरकारी राशि के गबन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज / सर्टिफीकेट वाद दायर कर राशि वसुली हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जायगी जिसके लिए लाभुक स्वंय जिम्मेवार होंगे एवं बाद में इस संबंध में आपका कोई भी दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जायगा।

अनुमण्डल पदाधिकारी
–सह–कार्यपालक पदाधिकारी
PR 290984 Urban Development (22-23)_D नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

**सेल माइंस अस्पताल :** निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर नहीं लगने की खबर से विभिन्न प्रखंडों के लोगों में छायी मायूसी

# प्रत्येक वर्ष करीब 600 गरीबों को मिलती थी आंखों की रौशनी

### भवनाथपुर के सेल मांइस अस्पताल में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री भानु प्रताप शाही एवं सेल प्रबंधन के प्रयास वर्ष 2006 में निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर शुरू किया गया था

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** सेल के माइंस अस्पताल में पिछले 16 वर्षों से लगातार निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर की इस बार लगने की संभावना दूर दूर तक नहीं दिख रही है। निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर नहीं लगने की खबर से भवनाथपुर केतार, खरौंधी, मझिआंव, कांडी, नगर उंटारी सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों में मायूसी छा गयी है। उक्त शिविर में प्रत्येक वर्ष करीब 600 असहाय गरीबों को आंखों की रौशनी मिलती थी।

भवनाथपुर के सेल मांइस अस्पताल में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री भानु प्रताप शाही एवं सेल प्रबंधन के प्रयास वर्ष 2006 में निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर शुरू किया गया था। जो निरंतर 2022 तक निर्बाध रूप से गरीबों के आंखों की रोशनी लौटाती रही। अभी तक उक्त अस्पताल से करीब 12000 से अधिक लोगों को आंखों की रोशनी लौटाई गई है। लेकिन वर्ष 2023 में चिकित्सकीय दल के द्वारा शिविर नहीं लगाने की बातों से आसपास के लोगों सहित सेल प्रबंधन को काफी तकलीफ पहुंची है।

**सेल प्रबंधन शिविर के लिए कर रहा है प्रयास :** माइंस अस्पताल के प्रभारी डॉ विजय कुमार राम ने बताया कि सेल प्रबंधन अभी भी मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाने के लिए प्रयास कर रहा है। उड़ीसा की साईं नेत्र मंदिर प्रबंधन ने शिविर नहीं लगाने की बात कही है, लेकिन हम लगातार प्रयास कर रहे हैं।



### भवनाथपुर में मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाने का हरसंभव प्रयास करेंगे : सीएस

सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने कहा गढ़वा जिला में सीएस की कुर्सी संभाले मुझे चार माह हुए हैं। जब आया तो उनके दस्तावेज को देखा जो कमियां थीं उसको दुरुस्त करवा कर भुगतान करा दिया गया है। मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर से संबंधित देखरेख एसीएमओ करते हैं। भुगतान में विलंब क्यों हुआ जानकारी मुझे नहीं है। लेकिन भवनाथपुर में मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उड़ीसा की टीम नहीं आयेगी तो दूसरी एजेंसी से बात कर शिविर लगाने की कोशिश की जायेगी।

### मांइस अस्पताल में शिविर नहीं लगने का कारण

भवनाथपुर स्थित सेल के माइंस अस्पताल में मार्च 2022 में उड़ीसा के साईं नेत्र मंदिर अस्पताल के द्वारा शिविर लगाकर मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन के बाद भुगतान के लिए साईं नेत्र मंदिर प्रबंधन को उड़ीसा से गढ़वा तक काफी चक्कर लगाना पड़ा। 11 महीने के बाद 20 लाख रुपये का भुगतान 1 फरवरी 2023 को किया गया। जिस कारण अस्पताल प्रबंधन नाराज है। साईं नेत्र मंदिर की टीम मैनेजर मेघा ज्योति पात्रा ने बताया कि भवनाथपुर में शिविर हम लोग करना चाहते हैं। वहां के लोग काफी व्यवहार कुशल हैं, लेकिन गढ़वा जिला स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण इस बार शिविर नहीं कर पा रहे हैं। वर्ष 2022 में किए गए ऑपरेशन के बाद काफी कठिनाई से 11 महीने तक चक्कर लगाने के बाद चिकित्सीय टीम को भुगतान हुआ। लंबे टाइम तक पैसा नहीं मिलने से काम करने में काफी कठिनाई होती है।

## दो दुकानों से लैपटॉप, नकद और अन्य सामान चुरा ले गये चोर

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कचहरी परिसर खूंटी स्थित दो गुमटीनुमा दुकानों में मंगलवार की रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरी की इस घटना में स्टांप वेंडर आनंद राम की गुमटी से चोर एक लैपटॉप कुछ नगदी सहित अन्य सामान चुरा ले गये, वहीं राजेश स्टेशनरी एंड जेरॉक्स दुकान से नगद 13 हजार रुपए सहित अन्य सामानों पर चोरों ने हाथ साफ किया। बुधवार सुबह 10 बजे के बाद जब दोनों दुकानदार अपनी दुकानों में पहुंचे, तब उन्हें चोरी की घटना की जानकारी हुई। चोरों ने दोनों दुकानों के चदरा दरवाजे को तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बाद में इस घटना की जानकारी खूंटी थाना की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कचहरी परिसर स्थित अपेक्षाकृत सुरक्षित क्षेत्र में हुई चोरी की इस घटना ने अन्य दुकानदारों की चिंता बढ़ा दी है।

## एकेडमी कंप्यूटर सेंटर का स्थापना दिवस मनाया गया



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा रोड, खूटी टोली स्थित जेआइआइटी एकेडमी कंप्यूटर सेंटर में बुधवार को संस्थान का 14वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। सेंटर संचालक बिरेंद्र नाग ने बताया कि इस 14 वर्षों की उपलब्धि में सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से बहुत सहयोग मिला। सभी के सहयोग से अब तक लगभग चार हजार विद्यार्थियों को कम्प्यूटर साक्षर बनाया गया और कई विद्यार्थियों को कम्प्यूटर के क्षेत्र में अन्य स्थानों पर रोजगार के लिए भी भेजा गया। इस उपलब्धि में सभी का सहयोग रहा। इसके लिए संचालक द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। बताया गया गया कि पढ़ने के इच्छुक अनाथ, असहाय, आर्थिक रुप से कमजोर एवं विकलांग विद्यार्थियों को मुफ्त में कम्प्यूटर कोर्स कराया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोनी रानी, पुनिता कुमारी, गणेश स्वांसी, अमित कुमार, नीतू अभिनव, पूर्वी, आयुष, झुनु, आंचल, दिनेश, संतोषी, पिंकी, नेहा, स्वाती, रोहित, सुप्रिया, पुनम, गांगी, अनिला, इस्माइल, पोदो, हरीश, रिया, जीतनाथ, हीरावती, जिनित आदि ने योगदान दिया।

## खूंटी के सभी प्रखंडों में आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर की गयी बैठक



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में बुधवार को आयुष्मान कार्ड (गोल्डेन कार्ड) से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर संबंधित प्रखंड के वरीय पदाधिकारी द्वारा पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर कार्य संचालित करने के निर्देश दिये गए। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत, जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य को मिशन मोड में संचालित करने का निर्देश दिया गया। इसमें सभी प्रखंडों के प्रखंड कर्मियों, प्रज्ञा केंद्र के संचालक और एएनएम को अहम भूमिका निभाने को कहा गया। जिले में अहर्ता प्राप्त सभी लाभुकों को गोल्डेन कार्ड से सौ फीसदी अच्छादित करने के लिए विभिन्न स्तर पर कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। उपायुक्त ने निर्देश दिया है कि प्रखंड स्तर पर गोल्डेन कार्ड बनाने के कार्य को मिशन मोड में संचालित किया जाना चाहिए। साथ ही निर्देश दिए कि विशेष जागरूकता शिविर के माध्यम से गोल्डेन कार्ड की विशेषताएं, पात्रता, उम्र सीमा, समस्याएं, गोल्डेन कार्ड उपयोग करने की प्रक्रिया आदि को लेकर लोगों को जागरूक किया जाये।

## पुआल चक्की में लगी आग, हजारों का नुकसान

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र जिलिंगसेरेंग गांव में बुधवार को सुबह 11 बजे अचानक आग लगने से श्रीराम स्वांसी का पुआल की चक्की जलकर राख हो गया।अगलगी का कारण पता नहीं चल पाया है। पीड़ित श्रीराम स्वांसी ने बताया कि सुबह 11 बजे उसके खलिहान में पुआल के ढेर में अचानक आग लग गई।इस आग लगी में उसका लगभग 20 से 25 हजार रुपये का पुआल जलकर राख हो गया।पीड़ितों ने संबंधित प्रशासन से जांच कर मुआवजे की मांग की है।।

## वन विभाग ने ग्रामीणों के बीच हाथी भगाने के लिए सामग्री का किया वितरण

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत तमाड़ रेंज के गाड़ाडीह, महुलडीह, पांडुडीह और जिंतूडीह गांव में ग्रमीणों और हाथी मित्र के बीच हाथी से बचाव के लिए सामग्री का वितरण वन विभाग ने किया। रेंजर अमरनाथ भगत के नेतृत्व में गांव जाकर ग्रामीणों के बीच फटाखे, मशाल आदि का वितरण किये, इस दौरान ग्रामीणों को हाथी से गांव को सुरक्षित रखने के उपाय को बताया गया। मौके पर वनपाल दिलीप मुंडा, करमा होरो,सुजीत टोपनो, हाथी मित्र तापस कर्मकार आदि मौजूद थे।

## वीणा चौधरी ने जलमीनार निर्माण का किया शिलान्यास

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हाकेदाग पंचायत के गेड़बीर गांव मे जल मीनार निर्माण कार्य का शिलान्यास जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक एवं मुखिया हरिपद मांझी ने संयुक्त रूप से किया। जिला परिषद के 15 वें वित्त निधि से 4000 ली क्षमता के जल मीनार का निर्माण किया जाना है। इस मौके पर वीणा चौधरी ने जल मीनार के लिए जमीन देने वाले जमीन दाता निखिल बेदिया की सराहना करते हुए आभार प्रकट किया। वहीं उन्होंने कहा कि विधायक सुदेश कुमार महतो का प्रयास है कि क्षेत्र के हर घर में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हो। उन्होंने ग्रामीणों से कार्य में सहयोग करने की आग्रह किया तथा संवेदक को गुणवत्तापूर्ण एवं जल्द कार्य पूरा करने की निर्देश दिए। इस मौके पर टुटकी पंचायत मुखिया शर्मिला कुमारी, वार्ड सरस्वती देवी, उदय नाथ बेदिया, मनमथ मंडल, राजु मंडल, नेहा देवी, अनिता देवी, चंद्र मोहन मंडल समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## गार्डवाल निर्माण में बरती जा रही अनियमितता

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** पोलेटेकनिक के समीप रांची पुरुलिया पथ से बड़कीटांड़ होते हुए जारु तक दो करोड़ की राशि से बन रहे सड़क निर्माण में सड़क किनारे बन रहे गार्डवाल में घोर अनियमितता बरती जा रही है। मानक को ताक पर रख कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसका जीता जागता प्रमाण देखने को मिला रहा है। निर्माण कार्य में अनसाइज बोलडर का प्रयोग किया जा रहा है। गार्डवाल निर्माण के दौरान जमीन के नीचे ढलाई करनी होती है लेकिन कंपनी द्वारा यह भी नहीं किया गया है। सड़क निर्माण से संबंधित सूचना पट संवेदक द्वारा नहीं लगाया गया है। जिसके कारण ग्रामीणों को सही जानकारी नहीं मिल पाती है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि गार्डवाल निर्माण के दौरान कोई अभियंता भी मौजूद नहीं रहता है। ज्ञात हो कि स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो द्वारा विगत 22 फरवरी 2022 को इस पथ का शिलान्यास किया गया था। संवेदक माही कंस्ट्रक्शन के द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा है।

## एलआइसी और एसबीआइ को बचाने के लिए युवा कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** एलआइसी और एसबीआइ को बचाने के उद्देश्य से यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अरूण सांगा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बुधवार को हस्ताक्षर अभियान चलाया। मौके पर अरुण सांगा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने मित्र गौतम अडाणी को एसबीआइ और एलआइसी से लोन दिलाकर इन सरकार अधिकृत संस्थाओं में निवेश करनेवाले करोड़ों लोगों की चिंता बढ़ा दी है। अमेरिकी संस्था हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में प्रधानमंत्री के मित्र की गलत करतूतों को उजागर करने के बाद लोगों को अपनी गाढ़ी कमाई डूबने का भय सताने लगा है। उन्होंने अविलंब लोगों के पैसे को वापस करने की मांग की और कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आज महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है। इन ज्वलंत समस्याओं की ओर से जनता का ध्यान भटकाने के लिए देश में केंद्र सरकार की शह पर नफरत का माहौल बनाया जा रहा है, जिसका युवा कांग्रेस तीव्र विरोध करती है। इस अवसर पर प्रखंड 20 सूत्री सदस्य मोहम्मद सोहेल, नगर अध्यक्ष गुलीट मिश्रा, खूंटी विधानसभा उपाध्यक्ष मो उस्मान खान, नगर महासचिव मो शकील, खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, मुरहू प्रखंड अध्यक्ष मो नौशाद खान, बहा मुंडा मौजूद थे।

# 94 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी प्रधानमंत्री जीवन रक्षक पदक से सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** अमरनाथ यात्रा के दौरान गहरी खाई में गिरे टैंपो ट्रैवलर वाहन में फंसे यात्रियों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सीआरपीएफ 94 बटालियन के जाबांज द्वितीय कमान अधिकारी मृत्युंजय कुमार को प्रधानमंत्री जीवन रक्षक मेडल से सम्मानित किया गया है। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने उन्हें पदक प्रदान किया। सीआरपीएफ द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि जम्मू एवं कश्मीर राज्य में वर्ष 2019 में अमरनाथ यात्रा को पूर्ण कराने के लिए सुरक्षा की जिम्मेदारी सुरक्षा बलों को दी गई थी। अमरनाथ यात्रा कानवाई को सुरक्षा प्रदान करने और उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए मील पत्थर, माइल स्टोन, 79 से 145 तक सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी मृत्युंजय कुमार को नियुक्त किया गया था।

### 12 यात्रियों की जान बच गयी थी

ड्यूटी में तैनाती के दौरान 31 जुलाई 2019 को शाम के लगभग सात बजे अचानक अधिकारी को मील पत्थर 139ण्2 में पिक्ट संख्या तीन और चार के बीच गाड़ी नंबर जेके 02 एडब्ल्य 0657 टैपो ट्रैवलर गहरी खाई में सवारियों सहित गिरने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही मृत्युंजय कुमार अपनी टीम के साथ बिना देर किये घटना स्थल पर पहुंचे और स्वयं ही बटालियन के जवानों के साथ मिलकर दुर्घटनाग्रस्त वाहन में फंसे 15 यात्रियों को निकालने के लिए पानी में आधा डूब चुके वाहन को सीधा किया और वाहन में फंसे यात्रियों को निकालकर अस्पताल भेजा। इनमें से 12 यात्रियों की जान बच गई, जबकि तीन लोगों की मौत हो गई थी। समय रहते यदि मृत्युंजय कुमार जवानों के साथ घटनास्थल पर नहीं पहुंचते, तो संभवतः मौत को आंकड़ा बढ़ सकता था।

## भारतीय जीवन बीमा निगम ने डकरा में किया ग्राहक सम्मान समारोह का आयोजन

**खलारी (आजाद सिपाही)।** भारतीय जीवन बीमा निगम खलारी शाखा मांडर के तत्वधान में बुधवार को डकरा वीआइपी सभागार में आपकी संस्था आपके द्वार कार्यक्रम के तहत भुगतान प्राधिकारी सभा सह ग्राहक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केडीएच परियोजना पदाधिकारी जे अब्राहम उपस्थित थे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम खलारी शाखा से सीसीएल एनके एरिया का पुराना संबंध रहा है। सीसीएल कर्मी एलआईसी की सैलरी सेविंग स्कीम के तहत जो योजना है उसे काफी लाभान्वित हो रहे हैं, इसमें एलआईसी पदाधिकारियों का काफी सराहनीय योगदान रहता है। वहीं शाखा प्रबंधक राजीव कुमार सिंह ने एलआईसी की कई उपलब्धियों के बारे में विस्तार से लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम को एनके एरिया के कार्मिक प्रबंधक ज्योति कुमार, एसओ शाखा प्रबंधक इ जोजो, पीएस विष्वास, दिवाकर साहू आदि लोगों ने भी संबोधित किया।

## सड़क निर्माण में मिली अनियमितता की शिकायत



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** रांची टाटा पथ पर तुजू (बुंडू) से सोनाहातू बीचाहातु तक बनने वाले सड़क मे अनियमितता की शिकायत मिली है। लगभग 19 करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है और यह सड़क 9 किलोमीटर 380 मीटर बनेगी। सड़क पर कयी छोटे पुल का निर्माण करना है। संवेदक द्वारा स्थानीय लोगों को पेटी मे पुलिया का काम दिया गया है। आज काम करने वाले मजदूरों ने मजदूरी भुगतान कम करने को लेकर काम कुछ घंटों के लिए बंद रखा मजदूरों का कहना है कि उन्हे मात्र 250 रुपये दिया जा रहा है, वो भी कुछ को मिला कुछ को नही मिला है। बाहरी मजदूरों को 400 रूपये दिये जा रहे है। इसी से स्थानीय मजदूर भड़क उठे और जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी सांडिल को बुलाया उन्होंने फोन कर ठेकेदार को बुलाया और उचित मजदूरी देने को कहा ठेकेदार ने भी पेटी वालो को बुलाया और उचित मजदूरी देने को कहा, इसके अलावे ठेकेदार द्वारा कार्य का बोड नहीं लगाया गया है। ठेकेदार ने कहा एक सप्ताह के अंदर बोड लगा दिया जायेगा। पुलिया में अन साइज बोल्डर लगाया जा रहा है। इस बात को स्वीकार किया कहा कि अब ऐसी पत्थर नहीं लगेगी, सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी देखी गयी सड़क पर पानी नहीं पटाया जा रहा है। जिससे रोलर द्वारा रोल करने से मुरम उखड़ रहे थे।

## जनता मजदूर संघ ने नुक्कड़ सभा कर डकरा प्रबंधन को चेताया



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** जनता मजदूर संघ के डकरा शाखा द्वारा बुधवार के प्रथम पाली में डकरा एक्सवेशन के समक्ष नुक्कड़ सभा किया गया। नुक्कड़ सभा में संघ के नेताओं ने कामगारों के समक्ष हाल के दिनों में डकरा परियोजना प्रबंधन डकरा में पात्रता रखने वाले कर्मियों का आवास न देकर दूसरे क्षेत्र के गैर पात्रता रखने वाले कर्मियों को अनुचित तरीके से आवास देने के निर्णय का विरोध किया। यूनियन द्वारा सीसीएल विजिलेंस विभाग को लिखा जिसके बाद उक्त विवादित आवास का आवंटन रोक दिया गया। जिसपर कामगारों का भरपूर साथ भी मिल रहा। ज्ञात हो की पूरा मामला डकरा के हीं वरीय डंपर ऑपरेटर प्रभु गंझू के साथ आवास आवंटन में भेद भाव का आरोप लगाते हुये प्रबंधन द्वारा परेशान करने का आरोप लगया है। श्री गंझू के आवास आवंटन में रोड़ा बने सीसीएल सीसीएल यूनियन को भी आड़े हाथों लिया। अब क्षेत्र के सिस्टा यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष देवपाल मुंडा ने भी श्री गंझू को उक्त बी/191 आवास देने को लेकर जीएम एनके को पत्र लिखा है पत्र में सिस्टा ने आरक्षण रोस्टर का पालन नही करने का आरोप लगया है। साथ ही इसकी शिकायत आयोग में भी कर दिया गया है। कहा गया कि पहले हीं जनता मजदूर संघ आगामी 25 फरवरी 2023 को डकरा परियोजना कार्यालय के समक्ष आवास के मामले को लेकर सांकेतिक अनशन करने का घोषण कर रखा है। नुक्कड़ सभा में मुख्य रूप से संघ के केंद्रीय सचिव सह जेसीएससी सदस्य कमलेश सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष गोलटेंन प्रसाद यादव, क्षेत्रीय सचिव डी.पी सिंह, डकरा शाखा सचिव टुपा महतो, बुटन चैहान, कृष्णदेव पासवान, प्रभु गंझू, संतोष उरांव, बुला गंझू, संजय कुमार, कंचन महतो, कुलेष्वर महतो, ललकु महतो, सुभाष चंद्रा, जिफिल टोपो, धीरज महतो सहित प्रथम पाली के सभी कामगार अवस्थित थे।

## खलारी प्रखंड स्थापना की 14वीं वर्षगांठ मनायी गयी

# केक काटकर मनाया गया स्थापना दिवस



### मौके पर ये रहे उपस्थित

**कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, खलारी पंचायत मुखिया तेजी किस्पोट्टा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार पासवान, भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, खलारी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष साबीर अंसारी, वरिष्ठ पत्रकार धीरेंद्र प्रसाद ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन बीपीओ बिनय कुमार गुप्ता ने दिया। पूरे कार्यक्रम का संचालन डालसा प्रतिनिधि सत्यपाल शर्मा मुन्नु के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. प्रतिमा कुमारी, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदित्यनाथ झा, प्रखंड समंवयक असित कुमार के अलावा मुखिया पारसनाथ उरांव, दीपमाला कुमारी, सुनीता देवी, मलका मुंडा, शिवरथ मुंडा, पुष्पा खलखो, पंसस कृष्णा रजक, मनभावन लोहरा सहित सभी पंचायत सेवक, रोजगार सेवक अन्य लोग उपस्थित थे।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी प्रखंड स्थापना की 14वीं वर्षगांठ प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा की अध्यक्षता में बुधवार को खलारी प्रखंड मुख्यालय स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र सभागार में मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित खलारी प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, जिप सदस्य सरस्वती देवी, खलारी प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग, खलारी अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप दीप प्रज्जवलित किया। जिसके बाद सभी ने संयुक्त रूप से 14वीं वर्षगांठ को लेकर केक काटा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख सोनी तिग्गा ने कहा कि खलारी प्रखंड बनने के पहले की क्षेत्र के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना होता था। लेकिन खलारी प्रखंड बनने के बाद लोगों सहुलियत हुई। उन्होने कहा कि खलारी प्रखण्ड का पुर्ण विकास तभी संभव होगा जब प्रखंड के सभी पदाधिकारी एवं सभी पंचायत प्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधि अपने-अपने कत्र्तव्य का पालन सही से करेंगे। जिप सदस्य सरस्वती देवी ने कहा कि प्रखंड बनने का लाभ यहां की गरीब और आमजनता को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले ये सुनिष्चित करना होगा। खलारी बीडीओ लेखराज नाग ने प्रखंड स्थापना से अभितक की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि प्रखंड में वर्तमान में 44 हजार से अधिक लोगों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जोड़ा गया है। वहीं 5500 से अधिक लोग वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंषन का लाभ ले रहे है। साथ ही नये पेंशन लाभुकों का भी रजिस्ट्रेशन जारी है। उन्होंने बताया कि प्रखंड के किसानों को कई योजनाओं से जोड़ा गया है। वहीं खलारी अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य ने कहा कि खलारी प्रखण्ड के स्थापना से अब तक काफी प्रगति हुई है। कही कुछ कमी है तो उसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं उन्होंने भूदान जमीन से संबंधित मामले पर कहा कि डीसीएलआर के पास मामले को लेकर पत्र भेजा गया है, जो भी आदेश आयेगा उस पर खलारी अंचल आगे की कारवाई करेगा।

## सीआइएसएफ एनके पिपरवार ने किया नाका मॉक ड्रिल



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल के कोयला खदानो की सुरक्षा की कमान संभालने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआइएसएफ के द्वारा पिपरवार और एनके एरिया में नाका मॉक ड्रिल किया गया। सीआइएसएफ कमांडेंट श्री मांगा के निर्देश पर आयोजित इस अभियान मे कई अधिकारी और जवान शामिल हुए। कमांडेड श्री मांगा ने कहा कि कोयला खदान क्षेत्र मे उग्रवादी और अपराधिक घटनाओ के रोकथाम और किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए यह मॉक ड्रील किया गया। जिसमें खदान क्षेत्र मे प्रवेश करने वाले अपराधियों और उग्रवादियों पर लगाम लगाने को लेकर जांच अभियान का नाका मॉक ड्रिल किया किया। कमांडेड ने कहा कि समय-समय पर इस तरह के प्रशिक्षण से जवानों का भी मनोबल बढ़ता है। मौके पर डिप्टी कमांडेंट मृत्युजय स्वामी,उपेंद्र सिंह, निरीक्षक एमके चौधरी,अतहर इमाम, ददन सिंह सहित कई पदाधिकारियों और जवान मौजूद थे।

## राय में नवनिर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ के लिए ग्रामीणों की हुई बैठक



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल क्षेत्र के राय बस्ती स्थित प्राचीन शिव मंदिर की जगह नवनिर्मित शिव मन्दिर का अधुरा कार्य पुर्ण करते हुए प्राण प्रतिष्ठा एवं लघु रुद्र महायज्ञ कराने को लेकर बुधवार को ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नागेश्वर महतो एवं संचालन वरिष्ठ पत्रकार विष्णु साहू ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से मंदिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा हेतु यज्ञ करने का निर्णय लिया गया।प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ करने के लिए पुरोहित की उपस्थिति में आगामी 22 मई को प्राण प्रतिष्ठा की तिथि नियत की गई। इसके लिए 19 मई से ही यज्ञ का विधिवत शुभारंभ होगा जो 23 मई को यज्ञ की पुर्णाहूति के साथ समाप्त होगा। इस बैठक में उदय प्रताप सिंह,सुनील साहू,लगन महतो, अजय केसरी, कैलाश मिश्रा, मोहन चौहान, महावीर महतो, रणजीत महतो, शंकर सिंह, अजय नायक, अशोक महतो, दुर्गा महतो, संजय महतो, साजन विश्वकर्मा, हरीश महतो, कुंदन चौहान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## ग्रामीणों के प्रयास से आग पर पाया काबू

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ के पेडाइडीह पंचायत के खकसीडीह गाव में आनंद अहीर के पुआल चाकी में आग लग गयी। ग्रामीणों ने बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन आग की लपेटे चारों ओर फैल गयी थी फिर दमकल गाड़ी को बुलाया गया और आग पर काबू पाया गया। मुखिया अनीता देवी सांसद प्रतिनिधि लछ्मन सिंह मुंडा का सराहनीय प्रयास रहा।

## अस्पताल भवन का किया औचक निरीक्षण



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा ने तमाड़ प्रखंड अन्तर्गत सारजमडीह में बन रहे अस्पताल भवन का औचक निरीक्षण किया। ग्रामीणों द्वारा काला ईंट लगाये जाने एवं कार्य की गुणवत्ता में कमी की शिकायत पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में अस्पताल निर्माण की देखरेख करने वाले मेट को गुणवत्ता पूर्ण कार्य के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए यहां घटिया किस्म का ईंटा लगाया जा रहा है। वहीं सांसद प्रतिनिधि ने सिंचाई परियोजना द्वारा हो रहे नहर दुलमी जिलिंगसेरेंग पक्कीकरण कार्य का भी जायजा लिया। इस दौरान कार्य करा रहे कर्मचारियों सहित कनीय अभियन्ता धनंजय कुमार को कार्य में किसी भी तरह का कोताही नहीं बरतने को कहा। उन्होंने कहा कि सिंचाई किसानों का आधार है इसलिए कार्य में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। औचक निरीक्षण के दौरान भाजयुमो के महावीर सोनी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## परीक्षा की निथि निर्धारित किये जाने को लेकर जताया विरोध

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** सरहुल पूजा आयोजन समिति के महासचिव रतन सिंह मुंडा ने आगामी 24 मार्च को आदिवासियों के प्राकृतिक महापर्व सरहुल महोत्सव के दिन झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा मैट्रिक परीक्षा का तिथि निर्धारित किए जाने का विरोध प्रकट किया है। उन्होंने जारी बयान में कहा है पदाधिकारियों द्वारा जानबूझकर सुनियोजित पर्व के दिन परीक्षा की तिथि निर्धारित की गई है। जो समाज के विरोध है। उन्होंने जैक अध्यक्ष और राज्य सरकार से तिथि परिवर्तन करने की मांग की है।

## अवैध अफीम की खेती को पुलिस ने किया नष्ट

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** बुधवार को पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कारवाई की है। वरीय पुलिस अधिकारी के निर्देश अनुसार सोनाहातू थाना प्रभारी मुकेश हेंब्रम के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के हेसाडीह, जिलिंगसेरेंग, जिंतु, बिरदीडीह आदि गांव में करीब 3 एकड़ जमीन पर लगाये गए अबैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया है।

## मंदिर में आग लगने से सामान जलकर राख

**मुरी (आजाद सिपाही)।** सिल्ली प्रखंड के विसरिया पंचायत के कुटामगांव में स्थित राधारमण मंदिर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते मंदिर का सारा सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार राधारमण मंदिर के प्रभु जी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि 4 बजे प्रभु की पूजा करने के बाद प्रभु का भोग लगाया गया। उसके बाद वहां से निकलकर बच्चों के साथ मंदिर के बाहर गये। देखा गया कि अचानक मंदिर से धुआ निकलने लगा। मंदिर पहुंचने पर देखा गया कि मंदिर पूरी तरह आग लगी हुई है। इसकी सूचना तुरंत मुरी ओपी को दिया गया। मुरी ओपी द्वारा हिंडालको दमकल को सूचना दिया। मौके पर पहुंचकर 4 घंटा के मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## पुरनाडीह कोल डंप में रोजगार के लिए कल हैंडलोडिंग करेंगे विस्थापित

**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक पुरनाडीह डायरटांड़ में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रभु गंझू एवं संचालन रामलखन गंझू ने किया। बैठक में मोर्चा द्वारा पुरनाडीह प्रबंधन को रोजगार सहित ग्यारह सूत्री मांगों पर चर्चा की गई। इन मांगों पर प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करने के लिए 23 फरवरी तक का समय लिया था लेकिन अभी तक प्रबंधन की ओर से कोई पहल होता नही दिख रहा है। जिन रैयत विस्थापित ने खदान खोलने के लिए जमीन दिया और कोल डंप के माध्यम से विस्थापित ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने की बात थी लेकिन अब ग्रामीणों को रोजगार से बंचित कर दिया गया है। ग्रामीण विस्थापित प्रबंधन के इसी रवैये के विरोध में 24 फरवरी को पुरनाडीह कोल डंप में सैकड़ों महिला पुरुष झोडी बेलचा के साथ जाएंगे और ट्रकों में हैंडलोडिंग कार्य करेंगे। विस्थापित महिलाओं ने कहा कि हम कोई भीख नही मांग रहे बल्कि ट्रकों में कोयला लोडकर रोजगार की बात कह रहे हैं। इस मौके पर मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, विनय खलखो, शिवनारायण लोहरा, शिवनाथ भोगता, रामधारी गंझू, कुलदीप प्रसाद साहू, रवि उरांव, हेमलाल गंझू, नरेश यादव, बासदेव ठाकुर, कलिंदर ठाकुर, संजय गंझू, रवि उरांव, पुसन, वीरू, परमेष्वर, गोपाल गंझू, महेंद्र, सुनीता देवी, अनिता देवी, निरशो देवी, किस्मतिया देवी, पनवा देवी, हीरामणि, रूबी, चन्द्रमणि, सुनीता सिन्हा, सावित्री, पुरणी देवी, सुधा देवी, संगीता देवी, सरिता देवी, मुनिया, शीतल, रीता देवी आदि मौजूद थे।

## नगड़ी प्रखंड का 14वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया



**पिस्का नगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड निर्माण संघर्ष समिति के द्वारा नगड़ी प्रखंड का 14वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। मौके पर कार्यक्रम का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष शाहिद अहमद ने किया। इस अवसर पर समिति के द्वारा प्रखंड के विभिन्न गांव से आये गरीब एवं असहाय 50 महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। मौके पर नगड़ी सीओ संतोष कुमार शुक्ला, जिप सदस्य पूनम देवी, प्रमुख मधुवा कच्छप, साहेर पंचायत के पंसस गुलरेज अंसारी, सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, समाजसेवी बजरंग महतो, कांग्रेसी नेता क्रिजीवन महतो, अजय महतो, दीपक केशरी, मंजूर अंसारी, नवल किशोर, सुलेखा देवी, बेतिया उरांव, भोला केशरी, निशा कुजूर, उमेश महतो सहित अंचल सह प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## इटकी प्रखंड का स्थापना दिवस मनाया गया



**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी में दो अलग-अलग स्थानों पर बुधवार को प्रखंड का 15वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर केक काटे गये व प्रखंड से संबंधित सभी विभागों को यथाशीघ्र पदस्थापित किये जाने की मांग सरकार से की गयी। इस संबंध में मुख्यमंत्री के नाम बीडीओ को एक ज्ञापन सौंपा गया। पिछले दिनों हाथी द्वारा मारे गये लोगों की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्थापना दिवस का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रखंड परिवार द्वारा सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिप सदस्य रीना देवी, प्रमुख किरण उरांव, बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, सीओ रश्मि लकड़ा, उप प्रमुख परवेज राजा, बीके सिन्हा, मुश्ताक अहमद, रीता देवी, निर्मला भेंगरा, राजेन किस्पोट्टा, इबू इमाम, अली हसन सहित अन्य शामिल थे। दूसरी ओर आनंदपुर में सांसद प्रतिनिधि राजकुमार तिर्की के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश्वर महतो, हर्षवर्द्धन पांडेय, देवेंद्र महतो व इमरान अंसारी सहित अन्य शामिल थे।

## आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए टीआरआइएफ ने लगाया शिविर



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के टेंगरिया गांव में बुधवार को ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन ने स्थानीय महिलाओं की सुविधा के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया गया। जिसमें दर्जनों लोग शिविर में अपना कार्ड बनाने पहुंचे। मौके पर संस्था के पवन कुमार ने बताया कि प्रखंड मुख्यालय की दूरी व कैफे सेंटरों में भीड़ होने के चलते स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए शिविर लगाया गया ताकि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिले। उन्होंने कहा सरकार की इस योजना का कई लोगों को अभी पता भी नहीं है, उन्हें भी जागरूक किया जा रहा है ताकि कोई लाभार्थी इससे वंचित न रहे। वहीं मुखिया ने महिलाओं के बीच आयुष्मान कार्ड वितरण किया। मौके पर जेएसपीएल की शशि सरिता तिर्की सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## बेड़ो के डोरंडा में बजरंगबली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डोरंडा पिपरटोली में नवनिर्मित बजरंग बली मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम बुधवार को पूणार्हुति व हवन के साथ संपन्न हुआ। अनुष्ठान के अंतिम दिन सैकड़ों भक्त बजरंग बली की पूजा-अर्चना कर सुख शांति व समृद्धि की मंगलकामना की। पूजा के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राजीव रंजन अधिकारी, महामंत्री बलराम सिंह, नरकोपी मंडल महामंत्री राजेश कुमार व कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में शामिल होकर मत्था टेका व प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में किनुवा पहान, नारायण भगत, दिनेश भगत, दिलीप भगत, श्रीकांत कुमार, निरंजन साहू, दिलीप भगत, दिनेश गुप्ता, तपेश्वर लोहरा शिवनारायण साहू, अशोक साहू, रोहित साहू, गौतम शर्मा, दुर्गा साहू, संजू लोहरा, अमित उरांव, देवेंद्र उरांव, रामदेव लोहरा, नरेश भगत, सोमनाथ उरांव सहित सभी ग्राम वासी लगे हुए हैं।

## सेविकाओं को दिया गया पोषण ट्रैकर प्रशिक्षण



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में आंगनवाड़ी सेविकाओं का दो दिवसीय पोषण ट्रैकर प्रशिक्षण का समापन बुधवार को हुआ। आयोजन समाज कल्याण निदेशालय के निर्देशानुसार बाल विकास परियोजना लापुंग में किया गया था। जिसमें लापुंग के सभी सेक्टर से आयी आंगनबाड़ी सेविकाओं को पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन में विभिन्न विषयों पर डाटा प्रविष्टि करने की प्रक्रिया की जानकारी ट्रेनर बबलू कुमार, राज्य समन्वयक झारखंड, डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन के द्वारा प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण उपरांत आंगनबाड़ी सेविका काफी खुश नजर आयी। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण से बहुत कुछ सीखने को मिला है। अब वे बेहतर तरीके से डाटा प्रविष्टि कर पायेंगे।

## स्काउट गाइड शिविर का आयोजन

**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय में भारत स्काउट गाइड और बुलबुल चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक उपस्थित होकर राज्य के स्काउट गाइड आयुक्त बंधु तिर्की के संदेशों को बताते हुए कहा कि स्काउट गाइड का मुख्य उद्देश्य बच्चे एवं युवाओं के नैतिक शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक विकास करना है। स्काउट गाइड का पूरे विश्व में इसका एक अलग पहचान है। आज इसके संस्थापक माउंटबेटन पावेल के अनुसरण कर हमें आगे बढ़ना है। इस अवसर पर संत तेरेसा मध्य विद्यालय, संत मरिया मध्य विद्यालय कांके, संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय मांडर के बच्चे बच्चियां एवं शिक्षक उपस्थित थे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी, मंगा उरांव, सिसटर मेरी तिर्की सहीत कई लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** बाघवार अकादमी में करियर काउंसलिंग पर कार्यशाला का आयोजन

# मैट्रिक परीक्षा के बाद पढ़ाई के साथ उच्च शिक्षा की तैयारी की दी गयी जानकारी

इस वर्ष बाघवार एकेडमी में इंटर के तीनों संकायों में बच्चों का लिया जाएगा नामांकन

आजाद सिपाही संवाददाता



**चान्हो।** बाघवार अकादमी के प्रांगण में बुधवार को सीबीएसई द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला के प्रमुख वक्ता के रूप में रांची के मैट्रिक्स इंस्टीट्यूट के निदेशक अनुराग श्रीवास्तव एवं उपनिदेशक सूरज राम रंजन ने हिस्सा लिया। इन दोनों वक्ताओं के द्वारा बच्चों को मैट्रिक परीक्षा के बाद उच्च शिक्षा के लिए कला, विज्ञान एवं वाणिज्य निकाय का चुनाव किन बिंदुओं को ध्यान में रखकर करें एवं कैसे करें, विषय पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। इसके साथ-साथ बच्चे अपनी पढ़ाई के साथ-साथ इंजीनियरिंग, मेडिकल, आईटी एवं अन्य कैरियर संबंधी परीक्षाओं की तैयारी कैसे कर सकते हैं, इस बिंदु पर भी विस्तार पूर्वक बतलाया गया।

आमतौर पर यह पाया जाता है कि मैट्रिक परीक्षा के बाद कई बच्चों को यह नहीं पता होता कि आगे की पढ़ाई के लिए किन विषयों का चयन करें और कैसे करें।

आज की कार्यशाला निश्चित रूप से इन बच्चों को अपने कैरियर के चुनाव में मार्ग प्रशस्त करेगा।

आपको ज्ञात हो कि इस वर्ष बाघवार एकेडमी में इंटर में तीनों संकायों- साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स में बच्चों का नामांकन लिया जाएगा। इसी को ध्यान में रखते हुए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला का आयोजन विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार के सफल निर्देशन में संपन्न हुआ।

## दिव्यांगजनों एवं जनप्रतिनिधियों ने गेतलसूद में अनाथ बेटी का कराया विवाह

पिता की भूमिका भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार ने निभायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** प्रखंड क्षेत्र के दिव्यांगजनों एवं जनप्रतिनिधियों ने मिलकर गेतलसूद में एक अनाथ बेटी कुसूम कुमारी का आदर्श विवाह कराया।

विवाह गेतलसूद बस्ती स्थित शिव मंदिर में वैदिक रीति-रिवाज के साथ संपन्न हुआ। इस अनाथ बेटी का विवाह रांची के न्यू मधुकम निवासी विशाल कुमार दास के साथ हुआ है। पिता की भूमिका भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेन्द्र कुमार ने निभायी।

शादी कराने में दिव्यांग रोजगार अधिकार मंच के तबरेज अंसारी, लीला कुमारी, सनोज कुमार, रामदयाल सिंह आदि की अहम भुमिका रही। इन्हीं के प्रयास से रिश्ता भी तय हुआ तथा शादी के खर्च की भी व्यवस्था हुई।

शादी में बढ़-चढ़कर सहयोग करने वालों में खिजरी विधायक राजेश कच्छप, भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार, बीडीओ उतम प्रसाद, सीओ पुष्पक रजक, थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार, समाजसेवी सागर साहू, मुखिया शांति मुण्डा आदि शामिल हैं।

मौके पर उपमुखिया शंकर बैठा, समाजसेवी शिवदास गोस्वामी, भोला महतो, एतवा उरांव, लीला कुमारी, मनीलाल महतो, फुलकुमारी देवी, संगीता देवी, सुषमा देवी, विमला देवी, राधिका देवी, करण कु महतो, सुखदेव महतो, बलकाही देवी सहित सभी ग्रामवासी मौजूद थे।

## लापुंग के फतेहपुर में तीन दिवसीय शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ भंडारा के साथ संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** लापुंग के फतेहपुर में तीन दिवसीय शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन बुधवार को हवन यज्ञ, पूर्णाहुति व नगर भ्रमण के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान सारे अनुष्ठान पुजारी तारकेश्वर मिश्रा, हरिश्चंद्र दास, अनिरुद्ध दास व सुधाकर दास के द्वारा किया गया। इस दौरान चौबीस घंटे का अखंड हरिकीर्तन का समापन किया गया। जिसमें कई गांवों से आये कीर्तन मंडलियों के द्वारा कीर्तन किया गया।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य रूप से विहिप लापुंग के अनिल कुमार साहू, कंचन साहू व विहिप खूंटी जिला मंत्री वीरेंद्र सोनी व समीर गुप्ता की अहम भूमिका रही। मौके पर भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो भी शामिल हुए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य यजमान नाथूराम साहू के अलावे मनोज कुमार साहू, पवन कुमार साहू, मुन्नीलाल साहू, वीरेंद्र साहू, राजेश साहू, दिनेश राम, विहिप कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रसाद साहू, भरत साहू सभी सपत्नीक पूजा में भाग लिये। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनमोहन साहू, विष्णु साहू, संदीप साहू, सचिन साहू, मुकेश साहू, बुधवा पहान, सिंधु महतो, शिवशंकर साहू, कार्तिक साहू, भीम महतो, कमल महतो, हरिशन्द्र राम के अलावे अनेक गणमान्य लोगों की अहम भूमिका रही। तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सफलता पर पूजा कमेटी अध्यक्ष नाथूराम साहू, सचिव सुरेंदर साहू, कोषाध्यक्ष भीम महतो, संरक्षक रामकिशोर साहू ने सभी को धन्यबाद दिया। बजरंग दल सह संयोजक जिला खूंटी प्रकाश अधिकारी, साकेत मांझी ग्रामीण संयोजक खूंटी जिला ग्रामीण, बजरंग दल सह सयोजक सुभम कुमार, भाजपा नेता सन्नी टोप्पो प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए व प्रसाद ग्रहण किया। शांति व्यवस्था के लिए लापुंग थाना प्रभारी सदलबल मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** संत जगत ज्ञान सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल का 33वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना

# ग्रामीण क्षेत्र में स्कूल दे रहा है सराहनीय योगदान : जैक अध्यक्ष



10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी गयी एवं उनके सफल एवं उज्वल भविष्य की कामना की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड क्षेत्र में 33 सालों से शिक्षा का ज्योत जलाने वाला संत जगत ज्ञान सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल का 33वां वार्षिकोत्व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बुधवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष अनिल कुमार महतो, विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में कला संकाय में पद्मश्री से सम्मानित मधु मंसूरी हंसमुख, ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ त्रिवेणी नाथ साहू, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ महेश कुशवाहा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ अजय कुमार राय, समाजसेवी तपेश्वर केसरी, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी सुजीत मुंडा, सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, शिक्षाविद् प्रेमसागर महतो, समाजसेवी रामजीवन केसरी, हेमंत केसरी की उपस्थिति में वार्षिक समारोह का शुभारंभ किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का ज्योत जलाये संत जगत ज्ञान पब्लिक स्कूल सराहनीय योगदान दे रहा है। विद्यालय के बच्चे लगन और कड़ी मेहनत कर क्षेत्र और प्रदेश के साथ-साथ अपने परिजनों का नाम रोशन करें।

विद्यालय के सचिव पंकज राज ने विद्यार्थियों की सफलता एवं अच्छे जीवन की कामना की और जीवन में सफल होने के मंत्र को बताया।

मौके पर सांस्कृति रंगारंग कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आदिवासी नृत्य, बंगाली, आसमी, मराठी नृत्य एवं नन्हे बच्चों द्वारा भारत की विविधता में एकता, साथ ही साथ स्वच्छ भारत अभियान पर बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य एवं झांकियां निकाली गयीं।

मौके पर 10वीं एवं 12वीं के छात्रों का विदाई दी गई एवं उनके अच्छे, सफल एवं उज्वल भविष्य की कामना की गई एवं बच्चों को स्मृति चिन्ह दिए गये।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जसमंती देवी, उप प्रधानाचार्य सुनीता देवी, विद्यालय प्रबंधक संदीप कुमार राज, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य रोशनी कुमारी, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं और सैकड़ों अभिभावक एवम ग्रामीण में उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## नामकुम की पूनम मिश्रा ने रजत और गोल्ड पर किया कब्जा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट पावरलिफ्टिंग के तत्वावधान में गुरुनानक स्कूल रांची में झारखंड राज्य बेंच प्रेस और पावर लिफ्टिंग का आयोजन किया गया था। पूरे आयोजन में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा। प्रतियोगिता में नामकुम फिटनेस फस्ट जिम की पूनम मिश्रा ने 69 किलो भार वर्ग में रजत पदक और सिंगल बेंच में गोल्ड अपने नाम किया है। मंगलवार को आजाद सिपाही से बात करते हुए फिटनेस फस्ट जिम के ओनर सह ट्रेनर सुनील मुंडा ने पूनम को बधाई देते हुये बताया कि पूनम पूरे जिम में काफी मेहनत करती है। वो विभिन्न प्रतियोगिताओं में पहले भी कई पदक अपने नाम कर चुकी है।

## नामकुम में कौशल विकास योजना के पूर्व सीइओ का हुआ स्वागत



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार में कौशल विकास योजना के पूर्व सीईओ अमर झा का नामकुम में भव्य स्वागत किया गया। वे दिल्ली से रांची आये हुये हैं। उसके बाद नामकुम पहुंचने पर झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह प्रदेश सहसंयोजक नरेंद्र मोदी विचार मंच मनोज कुमार सिंह एवं झारखंड मानवधिकार संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार किनू ने बूके देकर और शॉल ओढ़ाकर उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर उन्होंने कहा कि देश ही नहीं, विदेशों में भी आज रोजगार मिलना मुश्किल हो गया है। इसलिये सभी को आत्मनिर्भर बनना होगा। जो कौशल विकास के माध्यम से ही बना जा सकता है। कहा कि आज वर्क रेडी नहीं वर्ल्ड रेडी रहने की जरूरत है। अपने हुनर को आसपास, राज्य में ही नहीं दुनिया और जहां अवसर मिले दिखाने की जरूरत है। स्वरोजगार को बढ़ावा देने की जरूरत है। वहीं, मनोज सिंह ने कौशल विकास प्रशिक्षण की जानकारी राज्य के सभी शैक्षिक संस्थानों के सिलेबस में शामिल करने की मांग की है। ताकि छात्र बचपन से ही स्वयं को आत्मनिर्भर बना सकें। इस दौरान अमर झा ने कहा कि केंद्र द्वारा 2030 तक सबों को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। नयी शिक्षा नीति में कौशल विकास को शामिल किया जा सकता है।

## भूमाफियाओं से गैरमजरुआ जमीन बचाने को लेकर सीओ को सौंपा ज्ञापन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड में भ्रष्टाचार की जड़ें काफी गहरी हैं। जमीन की हेराफेरी में भी माफिया पूरी तरह से हावी हो गये हैं। माफिया सरकारी जमीन को बेचने से भी बाज नही आ रहे है। खिजरी प्रखंड के नामकुम अंचल में इसी तरह का मामला सामने आया है। जहां पर सरकारी गैर-मजरुआ जमीन कुछ माफियाओं द्वारा बेचा गया है। गैर मजरुआ जमीन को लेकर महिलौंग पंचायत के ग्रामीणों ने मंगलवार को नामकुम सीओ को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि महिलौंग पंचायत स्थिता डिपाटोली में खाता नं 263, प्लॉट 2112, रकवा 187 डी पर सुनील लोहरा एवं उनके परिवार द्वारा उक्त भुखंड पर कब्जा कर मकान का निर्माण कराया जा रहा है। जिसे ग्रामीणों ने नामकुम सीओ से अविलंब बंद कराने की मांग की है।

## पूर्व जिप सदस्य रंथा महली ने मृतक के परिजनों को किया आर्थिक सहयोग



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे डोल बगीचा निवासी आजसू नेता राजेश राम की मृत्यू विगत दिनों गंभीर बीमारी की वजह से हो गई थी। सूचना पाकर अनगड़ा के पूर्व जिप सदस्य रंथा महली बुधवार को मृतक के घर पहुंचे तथा शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया। उन्होंने मौके पर मृतक के श्राद्धकर्म के लिए परिजनों को दो पैकेट चावल, दो पैकेट आटा, दो टीना तेल, आलू आदि खाद्य सामग्री सहित नकद आर्थिक सहयोग किया। इस अवसर पर रंथा महली ने कहा कि मृतक राजेश राम के निधन से उन्हें व्यक्तिगत क्षति पहुंची है। वे आगे भी पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। मौके पर कार्तिक महतो, दिलीप भोगता सहित अन्य परिजन मौजूद थे।

## सदाबहार चौक के आसपास तीन महीनों से चापाकल खराब, ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खिजरी पंचायत अंतर्गत सदाबहार चौक के आसपास लगे चापाकल पिछले तीन माह से खराब है। चापाकल खराब रहने के कारण ग्रामीणों को पीने के पानी की समस्या हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि खराब चापाकल के मरम्मति करने के लिये पंचायत की मुखिया को कहा गया है लेकिन अभी तक चापाकल का मरम्मति नही कराया जा सका है। इस संबंध में मुखिया कामेर्ला कच्छप से पूछने पर उन्होंने बताया कि चापाकल खराब होने की सूचना गांव के लोगों ने हमें दी थी। इसके लिये हमने कई बार पीएचडी विभाग को चापाकल ठीक कराने को लेकर सूचना दी। किंतु विभाग इस पर कोई पहल नहीं कर रहा है। बताया कि चापाकल का हैंडल खराब हो जाने के कारण लोग पानी नहीं ले पा रहे हैं। वहीं, बनो और बनाओ मंच के संस्थापक सह अध्यक्ष रामाधार सिंह और सचिव अखिलेश यादव ने स्थानीय प्रशासन से इस चापाकल को ठीक कराने की मांग की है।

## अनुशासन सफलता की कुंजी है: राजीव



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहर के स्थानीय सीता प्लस टू हाइ स्कूल के प्रधानाध्यापक विंदेश्वरी चौधरी के नेतृत्व में आइटी एवं आइटीइएस के 50 छात्रों को हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के कौआखोह स्थित नेशनल प्रा. आइटीआइ कॉलेज में बुधवार को व्यावसायिक शिक्षा के तहत औधोगिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान नेशनल प्रा. आइटीआइ कॉलेज के निदेशक राजीव रंजन ने सभी छात्र–छात्राओं को व्यवहारिक ज्ञान देते हुए कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। जो कि समाज में रहता है और उसमें रहने के लिए अनुशासन की आवश्यकता होती है। इसके बिना जीवन निष्क्रिय और बेकार हो जाता है। अगर हमें किसी भी कार्य को पूरा करने के बारे में सही तरीके से अपनी रणनीति को लागू करना है, तो हमें पहले अनुशासन में रहने की आवश्यकता है। यह चीजों को आसान बनाता है। वहीं सीता प्लस टू हाइ स्कूल के व्यावसायिक प्रशिक्षक कुमार संतोष ने बताया कि आइटी सेवाओं के लिए नयी और अभिनव डिजाइनिंग तकनीकों को तैयार करने के लिए कई सॉफ्टवेयर्स का उपयोग करने के अलावा बड़े पैमाने के उद्योगों में वित्तिय खातों को बनाये रखने के लिए टैली, सिंड्रो जैसे अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर्स के साथ छात्रों को शिक्षित किया जायेगा। इस दौरान संस्थान के अनुदेशक अरविंद कुमार सिंह ने इलेक्ट्रिशियन से जुड़े सभी टूल्स एवं मशीन की जानकारी दी। वहीं फिटर अनुदेशक कुंदन कुमार सिंह के द्वारा फिटर टूल्स एवं संचालित कर मशीन की जानकारी दी गई। जबकि आइटी लैब के अनुदेशिका रमी सिंह के द्वारा सभी छात्रों को इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी से संबंधिक जानकारी दी। इस दौरान नेशनल आइटीआइ संस्थान के अनुदेशक प्रशांत कुमार, राहुल ठाकुर, आशुतोष कुमार सहित छात्र मौजूद थे।

## विद्यालय में विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए एचएम ने की अभिभावकों के साथ बैठक

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय कोठिला में बुधवार को प्रधानाध्यापक अद्रेश कुमार यादव की अध्यक्षता में शिक्षक–अभिभावक की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।इस दौरान उपस्थित अभिभावकों से बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन करवाने तथा विद्यालय के विकास में सहयोग करने की अपील की गयी। वहीं सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को निर्धारित समय पर स्कूल ड्रेस में विद्यालय भेजने तथा बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने की बात कही। विद्यालय में विकास कार्य करवाने के लिए प्रस्ताव भी लाया गया। जिसके लिए अभिभावकों से सहयोग करने का आग्रह किया गया। शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक स्थिति से अवगत कराया। विद्यार्थियों के बीच बेहतर शैक्षिक वातावरण को बनाये रखने की सलाह दी। जिससे बच्चों को पढ़ाई में मन लगा रहे। इस मौके पर शिक्षक राकेश कुमार, उपेंद्र कुमार यादव, नारायण कुमार, उमेश प्रसाद यादव, अभिवाक में विज्येंद्र कुमार, कैलाश राम, सुनीता देवी, शांति देवी, रीना देवी, प्रमिला देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सुनीता चौधरी के पक्ष में कुशवाहा समाज करेगा मतदान



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आगामी 27 फरवरी को होने वाला रामगढ़ उपचुनाव के निमित्त रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुशवाहा भवन में पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डां कुशवाहा शशिभूषण मेहता के द्वारा कुशवाहा समाज के गणमान्य व्यक्तियों,बुद्धिजीवियों, समाज के सक्रिय कार्यकताओं के साथ बैठक कर इस उपचुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में मतदान करके भारी मतों से विजई बनाने की अपील की। बता दे कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुशवाहा समाज के लगभग बीस से पच्चीस हजार की आबादी निवास करती हैं। यह समाज निर्णायक भूमिका अदा करता है। विधायक डां मेहता द्वारा का आग्रह किया गया कि समाज को सत्ता में भागीदारी और विकास में हिस्सेदारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ही दिला सकती है और हमेशा देती आई है। समाज के सभी व्यक्तियों द्वारा ध्वनि मत से यह घोषणा की गई कुशवाहा समाज का एक–एक वोट सुनीता चौधरी के पक्ष में जायेगा। यह चुनाव राज्य की दशा दिशा तय करेगा और निर्णायक होगा। इस अवसर पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, दुमका सांसद सुनील सोरेन,पूर्व विधायक हुसैनाबाद कुशवाहा शिवपूजन मेहता एवं समाज के सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सजवन गांव के अग्निपीड़ितों को मिलेगा आवास

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** सजवन गांव में 11 हजार वोल्ट तार गिरने से चार घरों के पूरी तरह जल जाने से बेघर व बेसहारा हुए परिवारों की सुधि लेने एनसीपी प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह मिले। उन्होंने मुखिया कुसुम देवी व पंचायत समिति सदस्य मनीष मेहता के द्वारा पीड़ितों की सहायता के लिए उनकी सराहना की। सूर्या सिंह ने कहा कि पीड़ितों की हर संभव सहायता के लिए हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने उपायुक्त से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा कि एनसीपी पीड़ित परिवारों के साथ है और पीड़ित परिवारों के लिए आवास की व्यवस्था हो गई है। पीड़ितों ने कहा कि परिवारों को पीने के पानी की काफी समस्या है। उन्होंने विधायक से तत्काल चापा कल लगाने के अलावा हर संभव मदद की बात कही है। पीड़ित परिवारों को पेय जल की व्यवस्था कर दी जायेगी। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से भी पीड़ित परिवारों को सहयोग करने व बिजली विभाग से मुआवजा दिलाने की मांग की है। सूर्या सिंह ने कहा कि भविष्य में इस तरह की घटनाएं नहीं हो इसके लिए बिजली विभाग के अभियंताओं से बात हो गई है। जल्द ही 11 हजार वोल्ट तार में गाइड वायर लगा दिया जायेगा। दौरे में उनके साथ हैदरनगर बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह, पंचायत समिति सदस्य मनीष मेहता आदि मौजूद थे।

### महापौर ने पत्र लिखकर जल और जमीन की समस्या से मंत्री मिथिलेश ठाकुर को अवगत कराया

# मंत्री महोदय जल और जमीन का समाधान करें: महापौर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने एक पत्र लिखकर मेदिनीनगर की प्रमुख समस्या जल और जमीन की समस्या को लेकर सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर का ध्यान आकृष्ट कराया है। महापौर अरुणा शंकर ने अपने पत्र में लिखा है मंत्री महोदय मेदिनीनगर की प्रमुख समस्या शुद्ध पेयजल एवं खास महाल भूमि नवीकरण का है जिसमें एक प्रमुख समस्या पेयजल जो आपके विभाग पीएचडी के अधीन है। महापौर ने पत्र में कहा मंत्री जी मेदिनीनगर शहर की सारे पाइपलाइन सड़ चुकी हैं कहीं पानी आता भी है तो निगम वासी फटे पाइप लाइन के चलते नाली का पानी पीने को मजबूर है या फिर मरम्मत के अभाव में कहीं रोड पर पानी बहता रहता है। निगम ने कई बार मेंटेनेंस का पैसा भी आपके विभाग को दिया लेकिन आपके विभाग द्वारा पैसों का बंदरबांट कर स्थिति यथावत रहती है। दुख इस बात का है कि मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना जो आपके विभाग के अधीन है एवं झारखंड सरकार का लक्ष्य भी 2024 तक हर घर शुद्ध जल का है फिर भी प्रमंडल मुख्यालय मेदिनीनगर शुद्ध जल को तरस रहा है। काश आप अपने बहुमूल्य समय में एक बैठक फैलता हुआ प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर जलापूर्ति पर किए होते तो शायद इस समस्या का समाधान अब तक अवश्य हो जाता। महोदय मैं यह भी बताना चाहूंगी कि मैंने एवं पलामू सांसद वीडी राम ने स्वयं रघुवर सरकार में पहल कर मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना फेस 2 के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक से लगभग 160 करोड़ की लाइफ लाइन योजना पूरे निगम क्षेत्र के लिए स्वीकृत करायी थी जिसकी 90% राशि भारत सरकार दे रही है फिर भी आपके विभाग के कमजोर पहल के चलते यह महत्वपूर्ण योजना कछुए की चाल चल रही है।

### काला कानून झारखंड में आज भी ढोया जा रहा

**दूसरी ओर मेदिनीनगर की प्रमुख दूसरी समस्या खासमहाल भूमि का है जो राज्य के अन्य भाग के साथ-साथ आपके विधानसभा क्षेत्र गढ़वा से भी संबंधित है जो एक काला कानून है। मंत्री जी देश आजादी के बाद सरकार द्वारा पूरे देश में खासमहाल भूमि पर छोटे-छोटे जगहों को विकसित करने के उद्देश्य से सरल लीज कर हमारे बुजूर्गों को बसाया गया और अब जब यह काला कानून लगभग पूरे देश से समाप्त हो गया लेकिन हमारे झारखंड में आज भी ढोया जा रहा है। महोदय इस काले कानून के चलते लोग भूमि रहते ना उसे डेवलप कर पा रहे हैं ना ही बेचकर अपने बेटियों की शादी कर पाते और ना ही भूमि को बैंकों में गिरवी रख कर बच्चों को उच्च शिक्षा दिल आपा रहे या फिर भूमि रहते कोई व्यवसाय ही कर पा रहे है। महोदय आपको झारखंड का मिनी सीएम कहा जाता है आशा है निगम वासियों के दोनों प्रमुख समस्या जल और जमीन दोनों का समाधान करेंगे।**

## कोसडीहरा के ग्रामीणों को मिला 25 केवी का ट्रांसफार्मर

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के समाजसेवी सह अध्यक्ष पद के भावी उम्मीदवार राजीव रंजन के पहल पर बुधवार को कोसडिहरा के ग्रामीणों को 25 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। इसकी जानकारी देते हुए समाजसेवी ने बताया कि कोसडीहरा नहर के पास विगत 6 महीनों से 25 केवीए का जला ट्रांसफार्मर पड़ा हुआ था। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने दी और तत्काल बिजली विभाग के अधिकारियों को जली ट्रांसफार्मर की समस्या से अवगत कराया जिसके बाद दूसरी ट्रांसफार्मर लगा दी गई है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि 6 माह से बिजली के बिना अंधेरे में रह रहे थे साथ ही कई परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। ट्रांसफार्मर लग जाने से बिजली की समस्या से अब निजात मिल गई है। इसके लिए श्री रंजन को तहे दिल से आभार। आभार प्रकट करने वालों में वीरेंद्र शाह, सुधीर साव, सत्यनारायण साहू, गुड्डू सिंह, चंद्रदीप साव, धर्मेंद्र साव, सेवक साव, देवनारायण साव, शंभू सिंह, राजू पासवान, विकी पासवान, शंभू यादव, गोपाल प्रसाद सहित कई ग्रामीण शामिल हैं।

## अर्थव्यवस्था को मजबूती और स्थिरता देनेवाला बजट है: सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** यह अमृत काल का पहला बजट है। यह आगामी 25 वर्षों का आधार बजट है जो भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती एवं स्थिरता प्रदान करने वाला है। यह एक ऐसा बजट है जिसकी आलोचना 'विरोधी पक्ष' के लोग भी नहीं कर सके। हमारी आजादी के 75वें साल में दुनिया ने भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकता सितारा माना है। चालू वर्ष का हमारा आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत पर होने का अनुमान लगाया गया है। वर्ष 2027 तक भारत, जापान, जर्मनी जैसे देशों को पीछे छोड़ते हुए तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था हो जायेगी। यह स्थिति दूसरे देशों के वार्षिक ग्रोथ प्रतिशत एवं जीवन यापन को देखने से स्पष्ट हो जाती है। ये बातें पेपर में आ चुकी है। यदि भारत की अर्थव्यवस्था 7 बड़े देशों की अर्थव्यवस्था में हुए ग्रोथ एवं जीवन यापन को ध्यान में रखकर अध्ययन करे तो स्पष्ट हो जायेगा कि भारत की अर्थव्यवस्था कैसे एक चमकता सितारा है। इसके अतिरिक्त निम्न तालिका से यह भी स्पष्ट है कि पाश्चात्य देशों की तुलना में भारत में जीवन यापन व्यय कम है। वर्ष 2023-24 के बजट में लगातार तीसरी बार 33% की बढ़ोतरी के साथ के लिए 10 लाख करोड रूपये की राशि का प्रावधान किया गया है। आम बजट 2023-24 में समाज के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट है खासकर गांव, गरीबों, किसानों, महिलाओं, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों, दिव्यांगजनों, आर्थिक रूप से पिछड़े तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला है। देश के जन-जन और हर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पित आम बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता एवं अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं अभिनंदन करता हूं। इस बजट में सरकार ने 1 जनवरी 2023 से पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत सभी अंत्योदय एवं प्राथमिकता वाले परिवारों को मुफ्त राशन देने की योजना को अगले एक साल तक बढ़ाने की घोषणा की है जिसपर 2 लाख करोड़ रूपये खर्च वहन किया जायेगा।


आज दुनिया की निगाहें भारत पर टिकी हुयी है क्योंकि भारत जी-20 की अध्यक्षता संभाली है जिसकी बैठक झारखंड की राजधानी रांची में भी 2-3 मार्च 2023 को होनी है जो हम सबके लिए गौरव की बात है। सांसद ने कहा कि यह बजट सतत विकास और आजादी के 100 साल बाद भारत की परिकल्पना का बजट है।

## बिहार भेजे जा रहे 14 किलोग्राम गांजा के साथ दो तस्कर धराये



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर एसडीपीओ के नेतृत्व में मंगलवार की रात नावा बाजार थाना क्षेत्र से एनएच–98 चेक पोस्ट के निकट डालटनगंज से पटना जा रही बस से 14 किलोग्राम गांजा के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी डीएसपी सुरजीत कुमार ने बुधवार को दी है। बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक बस से कुछ लोग गांजा तस्करी कर बिहार ले जा रहे है। इसी सूचना के आधार पर छापामारी दल का गठन कर रात करीब 10:45 बजे डालटनगंज से चलकर पटना जाने वाली रजनीगंधा बस बीआर – 52पी–5588 के स्लीपर ए सीट संख्या 8 व 9 में तलाशी लिया गया। इस दौरान कृष्णा गुप्ता उम्र करीब 21 वर्ष निवासी नोडीहा बहेरा थाना – पिपराटांड़ व रोहित शर्मा उम्र करीब 21 वर्ष पिता रवींद्र शर्मा ग्राम नर्सिंहपुर पथरा थाना चैनपुर के सीट पर तीन बैग में मटमैला रंग के प्लास्टिक रैपर में पैक किया हुआ कुल 14 पैकेट गांजा बरामद किया गया। सभी पैकेट एक–एक किलोग्राम के हैं। पूछने पर आरोपितों ने बताया कि गांजा बिट्टू पांडेय पिता बसंत पांडेय ग्राम नोडीहा बहेरा थाना पिपराटांड़ जिला पलामू के बताये अनुसार पटना ले जाया जा रहा था। कृष्णा गुप्ता, रोहित शर्मा, बिट्टू पांडेय एवं अन्य के साथ मिलकर सभी गांजा की खरीद–बिक्री करते थे। पुअनि दीपक कुमार दास सह नावाबाजार थाना प्रभारी के स्वलिखित बयान के आधार पर आरोपितों के विरूद्ध एनडीपीएस व अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने इनके पास से 4 पैकेट गांजा सहित दो मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस टीम में पुलिस उपाधीक्षक सुरजीत कुमार, थाना प्रभारी दीपक कुमार दास, पुअनि कुणाल राजा, आलोक कुमार सोरेन, कार्तिक मेहता, चौंद टूडू, अशोक रजक सहित कई जवान शामिल थे।

## भाजपा नेता ने पलामू उपायुक्त से की हुसैनाबाद में इ-पॉस मशीन उपलब्ध कराने की मांग



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पलामू के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया है की हुसैनाबाद विधानसभा में जो वाहन चेकिंग चल रहा है और फाइन कट रहा है जिसे फाइन भरने के लिये आमलोगों को जिला मुख्यालय पलामू जाना पड़ता है। जपला और हरिहरगंज से लगभग 80 किलोमीटर दूरी तय करके जाना पड़ता है और लोगों का समय और पैसा दोनो लगता है। श्री सिंह ने उपायुक्त पलामू और पुलिस अधीक्षक महोदय से आग्रह किया की फाइन जमा करने का दो केंद्र स्थापित किया जाये एक हरिहरगंज और एक हुसैनाबाद थाना में इपॉश मशीन उपलब्ध कराया जाये। इस विषय पर श्री सिंह ने बिस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि उपायुक्त महोदय और पुलिस अधीक्षक महोदय ने आश्वासन दिया है की जल्द ही इस समस्या पर विचार किया जायेगा।

प्राचार्य का कार्यालय
राजकीय पोलिटेकनिक, रॉंची।

पत्रांक:– रॉंची/दिनांक:– / /2023

पुस्तक आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा–आमंत्रण सूचना (चतुर्थ कॉल)

PR No-288576(Higher Education, Technical Education and Skill Development Department) 22-23 (D)

राजकीय पोलिटेकनिक, रॉंची के पुस्तकालय में असैनिक अभियंत्रण, विद्युत अभियंत्रण, यांत्रिक अभियंत्रण, इलेक्ट्रोनिक्स – कम्युनिकेशन एवं कम्प्यूटर अभियंत्रण के डिप्लोमा पाठ्यक्रम के अनुसार अभियंत्रण एवं गैर अभियंत्रण पुस्तकों का क्रय वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए प्राप्त आवंटन से, किया जाना है। संस्थानीय पुस्तकालय में छात्रोपयोगी पुस्तकों के क्रय हेतु सुप्रतिष्ठित पुस्तक विक्रेताओं से दिनांक 02.03.2023 (गुरूवार) के संध्या 5:00 बजे तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

परिमाण–विपत्र संस्थान के कार्यालय अवधि में 500=00 रू का बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, रॉंची के पदनाम से रॉंची में भुगतेय हो जमाकर कार्यालय से दिनांक 01.03.23(बुधवार) तक प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा समर्पित करनेवाले आपूर्तिकर्ताको दिनांक 03.03.23 (शुक्रवार) के पूर्वाहन 11:30 बजे संस्थान परिसर में आहुत पुस्तक क्रय–समिति की बैठक में उपस्थित होना अपेक्षित है। निविदा के साथ PAN No, Aadhar No, Mob no, email address GST Registration विगत तीन वर्षो का Income Tax return की स्वःअभिप्रमाणित जमा करना अनिवार्य है।

PR 290917 (Higher Education,Technical Education and Skill Development Department) 22-23 (D)

प्राचार्य,
राजकीय पोलिटेकनिक, रॉंची।

वन,
पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
Phone no. 06524-223003 (office)
e-mail :- dfogumla@yahoo.in,
forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
9102600556 P (mob.)8987790115 O (Mob.)

कार्यालय:–प्राधिकृत पदाधिकारी
–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 18.12.2022 को गुप्त सूचना के आधार पर रायडीह–गुमला मार्ग, मौजा–सिलम, थाना–रायडीह के पास से 31 पीस साल बीम, 54 पीस साल बोटा सहित एक 12 चक्का ट्रक सं0–CG04ZK 6923 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर हेमराज उरॉव, प्रभारी वनपाल की अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरुद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारंभ की गयी है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं संबंधित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 27.02.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाहन स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी,गुमला वन प्रमंडल

PR290921 (Forest, Environment and Climate Changes)22-23*D

झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
प्राचार्य का कार्यालय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रॉंची
ईटकी रोड़, हेहल, रॉंची, पिन कोड:–834005

"कैन्टीन संचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना"

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गठित समिति द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रॉंची परिसर स्थित नव निर्मित 100 Beded "छात्रावास" भवन में रहने वाले प्रशिक्षणार्थियों के जल–पान एवं भोजन व्यवस्था हेतु भवन के कक्ष क्रमांक:– "MESS" में "कैन्टीन" संचालन के लिए इच्छुक कुशल प्रतिश्ठित प्रतिश्ठान, संस्था एवं प्रतिनिधियों आदि से निम्न शर्तो के अधीन "निविदा प्रस्ताव" मुहरबंद (क) तकनीकी एवं (ख) वित्तीय बीड में आमंत्रित किये जाते हैं।

निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक शर्तो का प्रलेख सूचना प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्यालय दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय प्रकोश्ट से निर्धारित शुल्क 1000/– रूपये का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी DD/Bankers Cheque के माध्यम से In Favour of "Principal ITI, Ranchi" के नामें अदा कर प्राप्त किया जा सकता है तथा प्रस्तावित निविदा प्रस्ताव को निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक:–10/03/2023 के संध्या 05:00 बजे तक कार्यालय प्रकोश्ट में स्वीकार किये जायेंगे एवं दिनांक:–11/03/2023 को पूर्वाहन 11:30 बजे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रॉंची के प्राचार्य कक्ष में संस्थान द्वारा गठित समिति के समक्ष, निविदा योजना प्रस्तावक अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति में दो खण्डों यथा (क) तकनीकी बीड एवं (ख) वित्तीय बीड में खोली जायेगी।

उपरोक्त निविदा आमंत्रण की सूचना, निविदा–प्रपत्र एवं आवश्यक शर्तो का प्रलेखन संस्थान के वेबसाईड https://iti.jharkhand.gov.in/ITIs/GR20000004 पर भी उपलब्ध है, जहाँ से डाउनलोड किया जा सकता है।

नोट:– प्रायोजित निविदा संबंधित सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

निवेदक
Sd/-
प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रॉंची।

PR 290981 Labour Employment and Traning(22-23)D

स्पोर्ट्स



बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज भारतीय स्पिन जोड़ी रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा से निपटने में पूरी तरह विफल रही है।

### इयान चैपल की ऑस्ट्रेलियाई स्पिनरों को सलाह

# जडेजा और अश्विन की नकल करने की कोशिश न करें

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज भारतीय स्पिन जोड़ी रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा से निपटने में पूरी तरह विफल रही है। भारतीय स्पिन जोड़ी पहले दो टेस्ट में कुल 31 विकेट चटका चुकी हैं। वहीं ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन, मैट कुह्नमैन और टॉड मर्फी उतना प्रभाव नहीं छोड़ पाये हैं। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनरों के प्रदर्शन पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल का कहना है कि हमारे स्पिनर जडेजा और अश्विन के कौशल को दोहराने की कोशिश करते हैं, मगर उन्हें वैसी सफलता नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई स्पिनरों को खुद के तरीके से ही सफलका खोजनी चाहिए। चैपल ने कहा, अक्सर ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर जडेजा और अश्विन के कौशल को दोहराने की कोशिश करते हैं। जडेजा और अश्विन की बात करें तो वे जानते हैं कि इन परिस्थितियों में कैसी गेंदबाजी करनी है। अश्विन को मैने देखा है कि कैसे वे ऑस्ट्रेलिया में गेंदबाजी करते हैं। वह अच्छी गेंदबाजी करते हैं और बहुत स्मार्ट है। वह वही करते हैं जो उन्हें करना चाहिए। जडेजा ज्यादा भिन्न गेंदबाजी नहीं करते, उन्होंने कई चीजें सीखी हैं और अपने प्रदर्शन में सुधार किया है। उनके पास गेंदबाजी में वह कौशल है जो भारत के लिए बिल्कुल सही है। जडेजा और अश्विन एक साथ काम करते हैं। चैपल ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन को रविचंद्रन अश्विन की तरह गेंदबाजी करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, बल्कि उन्हें अपने तरीके से ही गेंदबाजी करके सफलता तलाशनी चाहिए।

### जडेजा ने सात विकेट हासिल किए

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अश्विन ने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन जडेजा ने सात विकेट हासिल किए। कुछ दिनों में ऐसा ही होता है। मुझे नहीं लगता कि आप आकर इन गेंदबाजों की नकल कर सकते हैं। लियोन अश्विन नहीं हैं। मेरा कहान है कि उन्हें नाथन लियोन की तरह ही गेंदबाजी करनी चाहिए। गौरतलब है कि भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो मैच जीत लिए हैं और सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाकर ट्रॉफी को बरकरार रखा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट 1 से 5 मार्च तक इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला जायेगा, इसके बाद चौथा और अंतिम मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 9 से 13 मार्च तक खेला जायेगा।

आजाद सिपाही

रांची, गुरुवार, 23 फरवरी, 2023

www.azadsipahi.in




## बीसीसीएल के नये निदेशक कार्मिक होंगे मुरलीकृष्णन रमैया

# अधिकारियों को अनुशासनात्मक कार्यवाही का पढ़ाया पाठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** सेल दुर्गापुर स्टील प्लांट में महाप्रबंधक कार्मिक मुरलीकृष्णन रमैया बीसीसीएल के नए निदेशक कार्मिक होंगे। सरकार के अंडर सेक्रेटरी किशोर कुमार ने कोल इंडिया चेयरमैन को पत्र जारी कर जानकारी दी। कोल इंडिया चेयरमैन के निर्देश पर मुख्य प्रबंधक सुरपुरेड्डी वी रवींद्रनाथ ने बीसीसीएल में पदस्थापन को लेकर पत्र जारी कर दिया है। रमैया नो बताया कि लंबित मामलों का निपटारा करना है। इस लिहाज से शुक्रवार को योगदान करने का प्लान है।

**रमैया के पास है कई विभागों का अनुभव**

उन्होंने कहा कि कोयला मंत्रालय, कोल इंडिया व कंपनी की जो गाइड लाइन है उसे बेहतर ढंग से लागू करना प्राथमिकता में होगी। रमैया ने बताया कि 1989 जनवरी में दुगार्पुर स्टील में एमटी पद पर योगदान दिया। इसके बाद 2019 में सेंट्रल मार्केटिंग विभाग में काम किया। उसके बाद फिर सेल में आ गया। बचपन में पढ़ाई-लिखायी नागपुर में हुयी। पिता वहां ओडनेशन फैक्ट्री में काम करते थे। इसके बाद उच्च पढ़ायी नागपुर व कोलकाता में हुयी। रमैया कार्मिक के कयी विड्डाग के बेहतर जानकार हैं। उनकी एक बहन रेलवे में कार्यरत है।

## ढोरी स्टाफ क्वार्टर में अखंड हरिकृतन का हुआ शुभारंभ

**फुसरो /बेरमो(आजाद सिपाही )।** फुसरो नगर परिषद अंतर्गत ढोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित शिव मंदिर परिसर में बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के नेतृत्व में अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ हुआ। यहां हरिकीर्तन के पूर्व पंडित आचार्य नर्मदेश्वर शास्त्री सहित संजय पांडेय, बिट्?टू पांडेय व अरुण पांडेय ने विधिवत यजमान मुरारी पांडेय पूजन करा कर प्रारंभ कराए। कार्यक्रम का समापन गुरुवार को हवन, आरती व भंडारा के साथ समापन होगा। यहां ढोरी स्टाफ क्वार्टर, करगली बाजार, सुभाषनगर, जारंगडीह, सिंहनगर, पुराना बीडीओ ऑफिस सहित कई स्थानों के भजन गायकों में नवल सिंह, मुन सिंह, झलन सिंह, पप्पू, केदार सिंह, अमित निषाद, कौशल अलबेला आदि लोग हरे राम, हरे कृष्ण का मंत्र जाप कर रहे हैं। कार्यक्रम सफल बनाने में विधायक के अतिरिक्त लक्ष्मण सिंह, सरदार लल्लू सिंह, लक्षण सिंह उर्फ लच्छू सिंह, श्रीकांत मिश्रा आदि लोग अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## आस्था और भक्ति के साथ सिंदरी गौशाला से निकला श्री श्याम निशान शोभा पदयात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिंदरी।** हारे का सहारा, श्री श्याम है हमारा जैसे गगन भेदी जयकारे के साथ बुधवार को श्री श्याम सेवा समिति सिंदरी द्वारा गोशाला स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण से दशम श्री श्याम निशान शोभा पदयात्रा निकाला गया। इसमें श्याम बाबा के सुसज्जित मनमोहक दरबार लोगों को खूब भा रहा था। भक्तजन हाथों में श्याम निशान लिए भजनों के धुन पर थिरकते हुए झरिया धाम श्याम मंदिर पहुंचे और बाबा के चरणों में निशान



अर्पित किया। निशान यात्रा के दौरान कांड्रा, चासनाला, मोहनबाजार, पथारडीह, डिगवाडीह, भागा, इंदिरा चौक व अन्य जगहों पर समाजसेवियों द्वारा भक्तों का भव्य स्वागत किया गया और जलपान कराया गया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के रामनिवास अग्रवाल, सुभाष गोयल, राजेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, प्रदीप कारीवाला, रमेश शर्मा, राजेश गोयल, मनोज अग्रवाल, अशोक गोयल, करण चौहान, पवन अग्रवाल, मेघराज गुप्ता, प्रकाश अग्रवाल, प्रमोद करीवाला, आतिश गर्ग, बल्ला भाई, शैलेश गोयल आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं पदयात्रा में जन अधिकार मंच के रंजीत कुमार समेत दर्जनों की संख्या में लोग शामिल हुये।

## प्रदूषण रोकथाम के लिए नगर निगम और प्रदूषण विभाग ने किया मीडिया वर्कशॉप का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** कोयलांचल धनबाद में कोयला खनन करने वाली कंपनी बीसीसीएल ही बढ़ते प्रदूषण के लिए जिम्मेवार है। धनबाद नगर निगम क्षेत्र के ज्यादातर क्षेत्र में कोयला खनन और शहर के अंदर बढ़ते वाहनों की संख्या भी बढ़ते प्रदूषण का मुख्य कारण है। उक्त बातें बुधवार को धनबाद नगर निगम और प्रदूषण विभाग के द्वारा बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम को लेकर धनबाद क्लब में संयुक्त रूप से आयोजित मीडिया वर्कशॉप के



दौरान नगर आयुक्त सतेंद्र कुमार व प्रदूषण विभाग के प्रमुख रामप्रवेश कुमार ने संयुक्त रूप से कही। वर्कशॉप के दौरान सभी ने धनबाद में बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम के उपाय और बढ़ते प्रदूषण के प्रमुख कारणों पर विचार व्यक्त किया। वहीं मीडिया से बात करते हुए नगर आयुक्त सतेंदर कुमार ने कहा की प्रदूषण का असर सब पर है। शहर के बाहर या शहर में धूलकण की मात्रा काफी अधिक है। कुछ क्षेत्रो में प्रदूषण कम ज्यादा का कारण कोयला ट्रांसपोटिंग एक बड़ी वजह है। यदि बीसीसीएल अपने सीएसआर मद से निरंतर पानी का छिड़काव करे तो प्रदूषण की मात्रा कम हो सकता है। वहीं धनबाद पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के रामप्रवेश कुमार ने कहा की धनबाद में बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम को लेकर विभाग के द्वारा अनेको प्रयास किये जा रहे है ।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड**
**(कृषि प्रभाग)**
**संयुक्त कृषि कार्यालय, विकास कॉलोनी, करमटोली रोड, गुमला**
(ईमेल –scogumla6@gmail.com)

**सूचना**

वित्तीय वर्ष 2022–23 में राज्योदश सं0 37 दिनांक 20.10.2022 के आलोक में जिला– गुमला अन्तर्गत **43 सरकारी एवं 40 निजी कुल 83 तालाबों का जिर्णोद्वार** एवं जल निधि योजना अन्तर्गत **116 परकुलेशन टैंक (120'x100'x12')** जमीन के नीचले भाग में छोटा तालाब (नव निर्माण) एवं **37 डीप बोरिंग** का कार्य संबंधित **पानी पंचायत समिति** के द्वारा कराया जाना है। चयनित सरकारी/ निजी तालाबों का जिर्णोद्वार परकोलेशन टैंक का कार्य हाइड्रोलिक मशीन/ जे0सी0बी0 के द्वारा मिट्टी कटिंग का कार्य (**Eroth work with complete draciing**) किया जाना है, डीप बोरिंग का कार्य वोरवेल मशीन के द्वारा बोरिंग कर समरसेभल **1.5 HP**, जनरेटर 5 **KV** इत्यादि का स्टॉलेशन का कार्य भी किया जाना है।

सभी संबंधित कार्य स्वीकृत प्लान/प्राक्कलन के अनुसार किया जाएगा। तदनुसार किये गये कार्यो का भुगतान **मापी पुस्त** के आधार पर विभिन्न किस्तों में **पानी पंचायत समितियों के अध्यक्ष/सचिवों** के द्वारा चेक, बैंक डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से भेण्डर को भुगतान किया जाएगा।

उपरोक्त कार्यो को कराने के लिए **इच्छुक पोपलेन, जे0सी0बी मशीन एवं डीप बोरिंग रखने वाले व्यक्ति/भेण्डर** संबंधित **पानी पंचायत समितियों के अध्यक्ष/सचिवों** से विज्ञापन प्रकाशन उपरांत अविलम्ब सम्पर्क स्थापित कर कार्य कर सकते है इस निमित संबंधित लाभुक समिति की सूची भूमि संरक्षण कार्यालय, संयुक्त कृषि कार्यालय, विकास कॉलोनी, करमटोली रोड, गुमला में सूचना पट्ट पर प्रदर्शित किया गया है।

–ह0–
भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
गुमला।

PR 290929 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 22-23 (D)


## श्रमिक यूनियन के कड़े रुख पर आश्रित के नियोजन प्रक्रिया पर बनी सहमति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बाघमारा/कतरास।** सोमवार की दोपहर मे सड़क दुर्घटना में घायल बीसीसीएल कर्मी लाल बहादुर किस्कु की मौत बुधवार को इलाज के दौरान सेन्ट्रल अस्पताल धनबाद में हो गयी। वह बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र के प्योर बेनीडीह भुमिगत खदान में जनरल मजदूर के पद पर कार्यरत था। 20 फरवरी को द्वितीय पाली में दोपहर दो बजे बाइक से ड्यूटी जाने के दौरान भीमकनाली के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था।



बेहतर इलाज के लिए उसे सेन्ट्रल अस्पताल धनबाद में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। अस्पताल से शव आने के बाद श्रमिक प्रतिनिधियों ने मृतक कर्मी की पत्नी उषा किरण किस्कु को प्रोविजनल नियोजन देने की मांग प्रबंधन से की लेकिन प्रबंधन द्वारा नियोजन देने पर असमर्थता जतायी गयी। जिससे नाराज होकर श्रमिक प्रतिनिधियों ने कोलियरी का चक्का जाम करने की चेतावनी दे डाली तो स्थिति को देखते हुये प्रबंधन श्रमिक प्रतिनिधियों के साथ वार्ता हुये जिसमें मृतक कर्मी की पत्नी गुरूवार को मेडिकल जांच होगी। मेडिकल फीट होने पर ही प्रोविजनल नियोजन देने पर सहमति जतायी गयी है। साथ ही संबंधित दस्तावेज जमा करने के बाद ग्रेच्युटी, भविष्य निधि एवं अन्य बकाया राशि भुगतान करने का आश्वासन दिया गया। वार्ता में पीओ अशोक कुमार,कार्मिक प्रबंधन मुकेश कुमार, सहायक प्रबंधन अलीसा मिंज,संतोष कुमार सिन्हा तथा युनियन नेताओं में जेके झा,मंगल हेम्ब्रम,अनिल बाउरी,राजीव कुमार महतो,नवल किशोर, प्रताप सिंह,श्याम देव दास,परमेश्वर रविदास,प्रेम रजवार, दयाल महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## संस्कार ज्ञानपीठ विद्यालय में विज्ञान मेला का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कतरास।** संस्कार ज्ञानपीठ विद्यालय मे मंगलवार को विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ अशोक कुमार, ब्लॉक टू क्षेत्र के महाप्रबंधक चितरंजन कुमार, बाघमारा बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति, डॉक्टर सत्य प्रकाश, डॉ मुकेश कुमार राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार के द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं साल ओढ़ाकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन आनंद कुमार गौतम एवं नीरज रावत ने किया बच्चों के इस अनुसंधान में विद्यालय के शिक्षक लखन महतो, भरपूर सहयोग रहा। इस प्रदर्शनी में बच्चों ने एक से एक आकर्षक अनुसंधान एवं उसके मॉडल प्रस्तुत किए जिसमें मुख्य रूप से जल विद्युत निर्माण, स्मार्ट सिटी, ऑटोमेटिक वाटर टैंक बेल, डीएनए, पवन ऊर्जा, कंप्यूटर नेटवर्किंग, एवम वेब ब्राउजर आदि।


**कार्यालय**
**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू।**
**(आपूर्ति शाखा)**
दूरभाष सं0:– 06562–223116 ई–मेल :– food.palamu@gmail.com

**चावल दिवस के आयोजन किये जाने हेतु आम सूचना।**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लक्षित जन वितरण प्रणाली के तहत लाभुकों को ससमय खाद्यान्न एवं अन्य सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना अपेक्षित है। इस हेतु वितरण गतिविधियों का व्यापक प्रचार–प्रसार किये जाने की आवश्यकता है। जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण), आदेश–2022 अन्तर्गत राजपत्रित अवकाश एवं साप्ताहिक बंदी को छोड़कर प्रत्येक दिन प्रातः 08.00 बजे से 02.00 बजे अपराह्न तक जन वितरण प्रणाली दुकान खुला रखना प्रावधानित है।

विदित हो कि जागरूकता के अभाव में कई सारे ऐसे लाभुक हैं, जो कि समय बीत जाने के बाद भी खाद्यान्न एवं अन्य सामग्रियाँ जन वितरण प्रणाली दुकान से नहीं प्राप्त कर पाते हैं। ऐसे लाभुकों को ससमय खाद्यान्न उपलब्ध जन वितरण प्रणाली दुकानों से प्राप्त करने हेतु जागरूक किया जाना आवश्यक है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण), आदेश–2022 में जन वितरण प्रणाली दुकान के खुले रहने से संबंधित प्रावधान के अतिरिक्त प्रत्येक **माह की 15वीं0 एवं 16वीं तथा 25वीं एवं 26वीं तारीख (अवकाश एवं बन्दी की स्थिति में अगले कार्य दिवस) को पूरे राज्य में एक साथ चावल दिवस** के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है।

जन वितरण प्रणाली के तहत लाभुकों को खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री का वितरण प्रत्येक माह के **माह की 15वीं0 एवं 16वीं तथा 25वीं एवं 26वीं तारीख को चावल दिवस का आयोजन करते हुए स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं सतर्कता समिति के सदस्यों** की उपस्थिति में करना सुनिश्चित किया जाय।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
पलामू।

PR 290985 (District) 22-23 (D)


## चोरी की बाइक के साथ पांच अपराधियों को किया गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो पुलिस ने अंतर जिला बाइक चोर गिरोह का खुलासा किया है। चोरी की 6 बाइक के साथ पांच अपराधियों को किया गया गिरफ्तार। पुलिस ने मधुबन थाना क्षेत्र में चोरी का बाइक बेचने वाले को भी गिरफ्तार किया है। सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा जानकारी दी है। बोकारो हरला थाना क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक की चोरी को देखते हुये एसपी के निर्देश पर एसआईटी टीम का गठन किया



गया था। एसआईटी टीम ने चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र में घेराबंदी कर चोरी की बाइक को धनबाद मधुबन ले जा रहे जितेंद्र मोदी को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। उसके इकबालिया बयान पर मधुबन थाना क्षेत्र के खरखारी बस्ती से अफसर हुसैन को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में बाइक चोर गिरोह के विष्णु कुमार, यशराज और सुमित कुमार की निशानदेही पर हरला थाना क्षेत्र के भतुआ जंगल से चोरी की बाइक को बरामद किया ।

## 2 अप्रैल से 9 अप्रैल 2023 तक श्री राम दूत हनुमान मंदिर वार्षिकोत्सव बनेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** भोजपुर कॉलोनी स्थित चिन्मय मिशन, चास के आवासीय आचार्य स्वामी राघवानंद जी ने जानकारी देते हुए कहा कि वार्षिक उत्सव के साथ साथ ज्ञान यज्ञ का भी आयोजन किया जायेगा। चिन्मय मिशन गोवा के स्वामी सुघोषानंद सरस्वती जी ।

श्री कृष्ण लीला पर प्रवचन देंगे। स्वामी सुघोषानंद जी के प्रवचन से चास बोकारो के भक्त



लाभान्वित होंगे। स्वामी राघवानंद जी ने कहा कि एक महान उद्देश्य के लिए, व्यक्तिगत अहंकार, द्वेष नकारात्मक भावनाओं को त्याग कर समाज के कल्याण के लिए जो कार्य किया जाय उसे यज्ञ कहते है। मन की प्रसन्नता से भगवान का आशीर्वाद पाने के लिए, समाज के कल्याण हेतु जो कार्य किया जाय वह यज्ञ है। भगवान की आराधना, पूजा अर्चना हमे सत्य पर चलने की शक्ति देता है। यज्ञ के बाद हमेशा सकारात्मक परिणाम मिलता है।

यज्ञ के सफल आयोजन के लिए स्वामी जी ने सभी से पूर्ण सहयोग का आग्रह किया।

## बीएसएल ने क्रूड स्टील उत्पादन में बनाया नया दैनिक कीर्तिमान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो ।** बीएसएल ने 21 फरवरी को चार ब्लास्ट फर्नेस परिचालन के साथ 15897 टन क्रूड स्टील उत्पादन का नया दैनिक रिकॉर्ड बनाया है इसी प्रकार बीएसएल का एसएमएस-न्यू अपनी कमीशनिंग के उपरान्त उत्पादन में उत्कृष्टता के लगातार नए बेंचमार्क स्थापित कर रहा है। 21 फरवरी को एसएमएस-न्यू में सिंगल टंडिश से 33 हीट कास्ट की गयी जबकि इसके पहले विगत 26 दिसम्बर को 32 हीट का रिकॉर्ड बना था। बेहतरी के इस क्रम में 22 फरवरी को फ्लाइंग टंडिश से सिंगल सिक्वेंस में 64 हीट कास्टिंग का नया रिकॉर्ड भी बना जबकि इससे पूर्व विगत 8 नवम्बर को सिंगल सिक्वेंस में 55 हीट कास्टिंग का रिकॉर्ड बना था।

## कमीशन नहीं दिये जाने पर रोजगार सेवक के साथ मारपीट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**महुदा।** पादुगोड़ा पंचायत के कुलटांड़ में जीओ टेक करने गये रोजगार सेवक के साथ कुछ लोगो द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। रोजगार सेवक मोसीम अख्तर ने महुदा थाना में एक लिखित शिकायत देकर कुलटांड़ बस्ती के जितेन्द्र कुमार राय, अकमल अंसारी, अहमद अंसारी एवं कलामुद्दीन अंसारी पर सरकारी काम में बाधा, गाली-गलोज कर मारपिट करने का



आरोप लगाया है। इस बाबत उन्होंने थाने में दिये अपने आवेदन में बताया है कि सरकारी योजना के दीदी बाड़ी का जीयो टेक करने बुधवार की संध्या कुलटांड़ बस्ती के मुस्लिम टोला गये थे। उसी दौरान वे चारो लोग आये और मेरे साथ अभद्र भाषा का प्रयोग कर गाली देने लगे। जब मैंने मना किया तो उनलोगों ने मेरा कॉलर पकड़कर मेरे साथ मारपीट करने लगे। तथा काम करने से रोका गया। उनलोंगो ने कहा कि बिना कमीशन दिये कोई काम नहीं होगा। अगर कार्य किया तो जान से मार देंगे। रोजगार सेवक ने उक्त लोगों पर कानूनी कारवाई करने की मांग कि है। इस सम्बन्ध में महुदा पुलिस शिकायत आवेदन पर जांच पड़ताल कर रही है।


**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या – 27/2022–23**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 01.03.2023 को (अपराह्न 03:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 02.03.2023 को (अपराह्न 03:00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 03.03.2023 को 05:00 बजे अपराह्न तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्तीन : कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी
7. कार्यो का विस्तृत विवरणी :

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अड़की | अड़की प्रखण्ड अन्तर्गत पुरनानगर पंचायत के ग्राम कपरिया में सोलर माईक्रोलिफ्ट सिंचाई योजना | 8,39,335.00 | 1250.00 | 17000.00 | 02 माह |

नोट :1. विस्तृत निविदा सूचना एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
3. जिला परिषद, खूँटी के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 290952District(22-23)#D


## बरोरा में 2 करोड़ 9 लाख की लागत से पीसीसी पथ और स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य का शिलान्यास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बाघमारा/कतरास ।** बरोरा दुर्गा मंदिर के समीप बुधवार को झारखंड सरकार ग्रामीण विकास के तहत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 2 करोड़ 9 लाख रुपए की लागत से बरोरा दुर्गा मंदिर से प्योर बरोरा होते हुए मंडल केंदुआडीह से बरोरा चेक पोस्ट तक 2.40 किलोमीटर पीसीसी पथ निर्माण एवं 15 वीं वित्त आयोग के तहत 55.27 लाख की लागत से उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य का



शिलान्यास धनबाद जिला परिषद चेयरमैन शारदा सिंह बाघमारा विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो,जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष रवानी,प्रखंड प्रमुख गीता देवी,उप प्रमुख रंजित सिंह, जिला परिषद सदस्य सुबोध भारती ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो ने कहा कि बरोरा के ग्रामीणों को वर्षो से मांग थी कि यहां सड़क का निर्माण हो जो आज पूरा हुआ। साथ ही 15वीं वित्त आयोग के तहत उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास भी हुआ। उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य का संवेदक नरेश कुमार रवानी एवं सड़क निर्माण कार्य का सवेदक मृत्युंजय पांडेय द्वारा किया जा रहा है। चौमुखी विकास के लिए सड़क की भूमिका अहम होती है। साथ ही उपस्वास्थ्य केन्द्र बनने के बाद ग्रामीण क्षेत्र के लोगो को इलाज के लिए दर दर भटकना नहीं पड़ेगा। जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों का दुःख, हमारा दुःख है। हम सदैव आपके साथ है। अब ग्रामीणों को छोटी छोटी बीमारियों के लिए दूर के अस्पताल नही जाना होगा।

## कोयला लदा हाइवा डम्फर में लगी आग

**बोकारो (आजाद सिपाही संवाददात)।** सीसीएल के गोविंदपुर स्वांग खुली खदान में कोयला लदा हुआ एक हाईवा डम्फर में अचानक आग लग गयी। आग लगने का कारण हाईवा डम्फर के बैटरी विद्युत तार में शॉट सर्किट होना बतायी जा रही है। आग लगने से हाईवा डम्फर पूरी तरह जल गया। वहीं घटना में हाईवा चालक रणधीर दुबे एवं खलासी अभिमन्यु कुमार ने सूझ बूझ का परिचय देते हुये कोयले को जमीन में डम्प कर दिया और कूद कर अपनी जान बचायी। युक्त हाईवा डम्फर गोविंदपुर स्वांग खुली खदान से कोयला लेकर जरंगडीह कोल साइडिंग जा रही।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला**

**(गुमशुदा की तलाश)**



सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि अपहृता सुशान्ती कुमारी जिसका कद 5 फीट, रंग गेहूँवा, बाल काला, पहनावा सुट–सलवार, भाशा हिन्दी एवं सादरी बोलती है। इस संबंध में अगर किसी प्रकार की जानकारी/पहचान होने पर नीचे लिखे अंकित मो0 नं0 पर सम्पर्क कर सूचित कर सकते है।

1. पुलिस अधीक्षक, गुमला – 9431706376
2. अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बसिया – 9471182118
3. थाना प्रभारी, बसिया – 9431914972

पुलिस अधीक्षक
गुमला

PR 290914 Police (22-23)_D

# ओकाया ने लॉन्च किया ई-स्कूटर फास्ट एफटूएफ

**कीमत 83,999 रुपये एक्स-शोरूम, एक बार चार्ज करने पर 80 किमी की रेंज देता है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत के सबसे तेजी से विकसित होते इलेक्ट्रिक वाहनों के ब्रांड ओकाया इवी ने अपने नये इलेक्ट्रिक स्कूटर फास्ट एफटूएफ लॉन्च किया। यह स्कूटर एक बार चार्ज करने पर 70-80 किमी की रेंज देता है और लोड के आधार पर 55 किमी की टॉप स्पीड देता है। ऐसे में यह शहर में राईड के लिए एकदम अनुकूल है। ओकाया फास्ट एफटूएफ को खासतौर पर उन लोगों के डिजाइन किया गया है जो किफायती एवं आकर्षक सिटी स्कूटर चाहते हैं। उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर खरा उतरने वाला यह स्कूटर 800डब्ल्यू-बीएलडीसी - हब मोटर से पावर्ड है और 60वी36एएच (2.2 केडब्ल्यूएच) लीथियम ऑयन एलएफपी बैटरी से युक्त है, यह सुरक्षा के सर्वोच्च मानकों तथा बैटरी एवं मोटर पर दो साल की वारंटी के साथ आता है। बैट्री चार से पांच घंटे में पूरी तरह से चार्ज हो जाती है। स्कूटर तीन ड्राइविंग मोड्स में आता है- इको, सिटी एवं स्पोर्ट्स, जो शहरी सड़कों के लिए अनुकूल है।ओकाया ने खासतौर पर छात्रों, युवा पेशेवरों एवं गृहिणियों को ध्यान में रखते हुए फास्ट एफटूएफ को बाजार में उतारा है, जो इलेक्ट्रिक वाहनों के अडॉप्शन को बढ़ाने में कारगर होगा। बेजोड़ परफोर्मेंस के अलावा टेलीस्कोपिक फ्रंट संस्पेंशन और स्प्रिंग लोडेड हाइड्रॉलिक रियर शॉक एब्जार्बर्स के साथ के साथ आता है। ये सभी फीचर्स स्कूटर की राइड को स्मूद बनाते हैं। इसके अलावा रिमोट की, सभी जरूरी जानकारी के लिए डिजिटल इंस्ट्रुमेन्ट क्लस्टर और स्टाइलिश डीआरएल हैड-लैंप और ऐजी टेल लैंप अन्य शानदार फीचर्स हैं। अंशुल गुप्ता, मैनेजिंग डायरेक्टर, ओकाया इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ने कहा कि ओकाया फास्ट एफटूएफ के लॉन्च के साथ हमने भारत में सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता के भरोसेमंद इवी के लिए नये मानक स्थापित किये हैं। विशिष्ट एवं भरोसेमंद सुरक्षा फीचर्स के साथ, हम बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए तैयार हैं। आरामदायक एवं स्टाइलिश ऊर्जा प्रभावी स्कूटर है, जिसके साथ उपभोक्ता हमारी सक्षम आफ्टर-सेल्स सेवाओं का लाभ भी उठा सकते हैं। हमें विश्वास है कि यह नया स्कूटर उन लोगों को खूब लुभाएगा जो किफायती दामों पर इलेक्ट्रिक परिवहन की ओर रूख करना चाहते हैं। फीचर्स से भरपूर ई-स्कूटर की कीमत 83999 रुपये (एक्स-शोरूम) है। यह छह कलर्स- मैटेलिक ब्लैक, मैटेलिक स्यान, मैट ग्रीन, मैटेलिक ग्रे, मैटेलिक सिल्वर और मैटेलिक व्हाइट में उपलब्ध होगा।

# जेएसपी अंगुल में थर्मल पावर प्लांट में सुरक्षा और स्वास्थ्य पर कार्यशाला



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अंगुल जिले के कारखाना और बॉयलर निदेशालय ने 22 फरवरी को जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) सभागार निशा अंगुल में एक मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का विषय 'कोयले में सुरक्षा और स्वास्थ्य' था। अंगुल जोन के फैक्ट्रीज एंड बॉयलर्स के उप निदेशक डॉ रमेश कुमार बेहेरा, फैक्ट्री और बॉयलर के सहायक निदेशक अंगुल जोन -1 इंजी अर्चना दास, जेएसपी के कार्यकारी निदेशक (प्रभारी) हृदयेश्वर झा, जेएसओएल के कार्यकारी निदेशक दामोदर मित्तल और कई अन्य मान्यगण व्यक्तियों ने कार्यशाला में भाग लिया। इंजी अर्चना दास ने स्वागत भाषण दिया और डॉ रमेश कुमार बेहेरा ने कार्यशाला के विषय के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की और व्यावसायिक रोगों के बारे में अपने ज्ञान को साझा किया।

इस मौके पर अनूप कुमार मल्लिक क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। इसके साथ हृदयेश्वर झा, दामोदर मित्तल, अन्य गणमान्य व्यक्ति जिन्होंने कार्यशाला को संबोधित किया और धूल उत्सर्जन के शमन उपायों पर अपने विचार साझा किये। इंजी बी प्रधान, कार्यकारी निदेशक नालको, इंजी. केएस सुंदरम कार्यकारी निदेशक टीएसटीपीएस एनटीपीसी; अतुल दुबे इवीपी-जेएसपी, जी प्रकाश, वीपी- एनएवीए लिमिटेड; राज कुमार चौधरी प्लांट हेड जेआईटीपीएल और अगम कुमार मुख्य सुरक्षा अधिकारी टाटा स्टील ने उपस्थित थे। कार्यशाला के अंत में, सहायक एफ एंड बी के निदेशक, अंगुल जोन 1 ने अतिथि, वक्ताओं, प्रतिभागियों और जेएसपी की टीम को धन्यवाद दिया।

# एपीएसआइ ने प्रो केके सामंतराय को अध्यक्ष चुना



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, (किम्स-भुवनेश्वर) में इएनटी विभाग के प्रमुख, प्रख्यात ईएनटी सर्जन प्रोफेसर कविकांत सामंतराय को एसोसिएशन ऑफ फोनो सर्जंस ऑफ इंडिया (एपीएसआइ) के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। वह अगले तीन वर्षों के लिए 2023 से प्रभारी होंगे। इससे पहले प्रो सामंतराय ने पूर्व में कई अन्य पदों पर एपीएसआई की सेवा की थी। इस प्रतिष्ठित पद को पाने वाले पहले ओडिआ, प्रो सामंतराय राज्य के एक प्रसिद्ध ईएनटी सर्जन हैं, जो किम्स भुवनेश्वर में विभाग के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं।

# सोआ के पूर्व छात्रों ने करियर बनाने के लिए दो पुस्तकें लिखीं





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) के दो पुराने छात्रों ने अकादमिक दुनिया और प्रतिस्पर्धी माहौल में छात्रों को अपनी स्थिति मजबूत करने का मंत्र देने के उद्देश्य से दो किताबें लिखी हैं।

सोआ के पूर्व छात्र अरविंद दास ने कॉरपोरेट ब्रह्मास्त्र नामक एक पुस्तक लिखी है, जिसे एलिन पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित किया गया है। इस पुस्तक में इस बात की जानकारी है कि विश्वविद्यालयों और विभिन्न शिक्षण संस्थानों से अपनी पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र समय के साथ कैसे खुद को सक्षम बना सकते हैं और भीड़ में अलग खड़े हो सकते हैं। पराग राय, एक अन्य पूर्व छात्र, ने 'यू- द करियर क्रिएटर वी 2.0' प्रकाशित किया है, जो बिना किसी आंतरिक संघर्ष और मानसिक पूर्वाग्रह के पेशेवर करियर बनाने की दिशा में एक तर्कसंगत मार्ग की ओर इशारा करता है।

इन दो पुस्तकों के लेखक सोआ द्वारा संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च के पूर्व छात्र हैं। उनमें से श्री दास ने इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीटेक किया है, जबकि श्री राय ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है।

श्री दास ने कहा कि मेरी पुस्तक का उद्देश्य विशेष रूप से कॉलेज के छात्रों और कामकाजी लोगों की मानसिकता को मजबूत करना है। मैं सॉफ्ट स्किल ट्रेनर और मोटिवेशनल स्पीकर हूं। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य युवाओं के क्षेत्र में बदलाव लाना है। यह पुस्तक आपको व्यवसाय के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद करेगी। पुस्तक में 21वीं सदी के लिए 21 सामाजिक कौशलों का उल्लेख है। इसी तरह, सूचना और प्रौद्योगिकी उद्योग में सेल्स ऐंड मार्केटिंग पेशेवर के रूप में काम कर रहे। श्री रॉय ने अपनी पुस्तक में छात्रों और कामकाजी लोगों के करियर क्षेत्र में 5 स्तरों के अनुप्रयोग पर प्रकाश डाला है। हाल ही में श्री दास और श्री राय ने सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो (डॉ) मनोजरंजन नायक को मुलाकात की और दोनों पुस्तक प्रदान किया। प्रो (डॉ) नायक ने दोनों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मंत्री नबदास की हत्या की जांच क्राइम ब्रांच कर रही है : मुख्यमंत्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री ने बुधवार विधानसभा में मंत्री नबदास की हत्या को लेकर बयान दिया है। मुख्यमंत्री के बयान के बाद सदन को शाम चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी है। इसके साथ ही स्पीकर ने सर्वदलीय बैठक बुलायी है। बयान में मुख्यमंत्री ने 11 पेज का बयान पेश किया। जांच चल रही है। क्राइम ब्रांच काम कर रही है और सुचारू रूप से चल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। जिस तरह से विपक्ष के नेतायों ने बार-बार इस को लेकर कार्यकलाप कर रहे है, मुख्यमंत्री ने उसे नापसंद किया है। यह संवेदनशील मामला है, इसलिए इस मामले में सच्चाई सामने आने में समय लगेगा और मुख्यमंत्री ने सही समय का इंतजार करने की बात कही।

मंत्री की हत्या के दिन से ही क्राइम ब्रांच जांच की मांग की जा रही है। साथ ही जांच में पारदर्शिता कैसे हो, इस पर काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जहां जरूरत होगी, एफबीआइ की मदद ली जायेगी।







# एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष बिस्वास ने मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन में मिसाल कायम की

- 544 लोगों ने डीइसी और एल्बेंडाजोल का सेवन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जिला स्वास्थ्य प्रशासन, खुर्दा के सहयोग से आज एम्स भुवनेश्वर परिसर में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) की गति को जारी रखने के लिए निष्पादित किया गया है। शुरुआत करने के लिए एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष बिस्वास ने खुर्दा सीडीएमओ और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में डीइसी और एल्बेंडाजोल की गोलियां खाकर सभी के लिए एक मिसाल कायम की। डॉ बिस्वास ने कहा कि नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल के तहत भारत में सभी 256 स्थानिक जिलों में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) के माध्यम से डीइसी और एल्बेंडाजोल की वार्षिक खुराक दी जाती है।

एम्स भुवनेश्वर ने मरीजों और उनके रिश्तेदारों को डीइसी और एल्बेंडाजोल गोलियों के मुफ्त वितरण के लिए ओपीडी फोयर में एक समर्पित एमडीए कॉर्नर स्थापित किया है। आज एम्स भुवनेश्वर में 544 से अधिक व्यक्तियों ने दवाओं का सेवन किया है। अन्य लोगों में डीन (अकादमिक) डॉ पीआर महापात्रा, डीन (अनुसंधान) डॉ बिनोद पात्रा, सीएमएफएम विभाग के फैकल्टी डॉ बिनोद बेहरा ने एमडीए प्रक्रिया में भाग लिया और दवा का सेवन किया। कार्यक्रम में खुर्दा सीडीएमओ डॉ अरताबंधु नायक, डीएमओ डॉ जीबंता कुमार अचारी, वीबीडीटीएस दीपक कुमार नायक, सुष्मिता सामंतराय, जिला अधिकारी पीसीआई जॉबकिमसन प्रधान की उपस्थिति देखी गयी।




# जनांदोलन से राउरकेला-झारसुगुड़ा रेलवे सेक्शन में रेल सेवाएं बाधित, कुछ ट्रेनें रद्द और कुछ आंशिक रूप से रद्द और डायवर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेलवे मंडल के अंतर्गत राउरकेला-झारसुगुड़ा रेलवे खंड में बामरा रेलवे स्टेशन पर जन आंदोलन को देखते हुए पूर्वतट रेलवे के अधिकार क्षेत्र से आने/जाने वाली निम्नलिखित ट्रेनों को रद्द, आंशिक रूप से रद्द और मार्ग परिवर्तन किया गया है।

**रद्दे ट्रेनें : 1.** 18125/18126 राउरकेला-पुरी-राउरकेला, राउरकेला से 22.02.2023 को और पुरी से 23.02.2023 को। **2.** 22839/22840 राउरकेला-भुवनेश्वर-राउरकेला इंटर सिटी एक्सप्रेस दिनांक 22.02.2023 को दोनों दिशाओं से। **3.** 18311 संबलपुर-वाराणसी एक्सप्रेस दिनांक 22.02.2023 को संबलपुर से।

**ट्रेनों का आंशिक रद्दीकरण : 1.** 18005 हावड़ा-जगदलपुर समलेश्वरी एक्सप्रेस 21.02.2023 को हावड़ा से राजगांगपुर तक चलती है और राजगांगपुर और जगदलपुर से रद्द रहेगी। **2.** 18451 हटिया-पुरी तपस्विनी एक्सप्रेस दिनांक 22.02.2023 को हटिया के बजाय झारसुगुड़ा से चलेगी और हटिया से झारसुगुड़ा के लिए रद्द रहेगी।

**ट्रेनों का डायवर्जन : 01.** 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस दिनांक 21.02.2023 को हावड़ा से राउरकेला-चक्रधरपुर-नयागड-कपिलास रोड-राजआठगड-अंगुल-संबलपुर सिटी-झारसुगुड़ा रोड-आइबी के बजाय राउरकेला-झारसुगुड़ा-आइबी होकर चलेगी। **02.** 18477 पुरी-ऋषिकेश कलिंग उत्कल एक्सप्रेस दिनांक 21.02.2023 को पुरी से रवाना हुई, जो राजखरसावां-राउरकेला-झारसुगुड़ा-इब के बजाय राजखरसावां-नयागड-कपिलास रोड-राजआठगड-अंगुल-संबलपुर सिटी-झारसुगुड़ा रोड-आईबी होकर चलेगी। **03.** 12262 हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस 22.02.2023 को हावड़ा से खड़गपुर-भद्रक-कपिलास रोड-अंगुल-संबलपुर सिटी-झारसुगुड़ा रोड-आईबी के बजाय खड़गपुर-टाटा-राउरकेला-झारसुगुड़ा-आईबी होकर चलेगी। **04.** 12261 मुंबई-हावड़ा एक्सप्रेस मुंबई से 21.02.2023 को झारसुगुड़ा-टाटा-खड़गपुर के बजाय इब-झारसुगुड़ा रोड-संबलपुर सिटी-अंगुल-भद्रक-खड़गपुर होकर चलेगी। **05.** 22511 एलटीटी मुंबई-कामाख्या एक्सप्रेस एलटीटी से 21.02.2023 को झारसुगुड़ा-टाटा-खड़गपुर के बजाय इब-झारसुगुड़ा रोड-संबलपुर सिटी-अंगुल-भद्रक-खड़गपुर होकर चलेगी।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**